निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

नवबिहार टाइम्स

• बोकारो, शुक्रवार 26 दिसम्बर 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 219 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित

वीर शहीद निर्मल महतो की जयंती पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं अन्य नेताओं ने किया नमन।

सांसद खेल महोत्सव का समापन, ओटीसी ग्राउंड में हुआ कार्यक्रम

राष्ट्रीय निर्माण का मजबूत स्तंभ बना खेल महोत्सव : पीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

रांची। सांसद खेल महोत्सव का आज समापन हो गया। इस मौके पर रांची सहित देश भर के 237 स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑनलाइन ना केवल खिलाड़ियों से बात की बल्कि युवा खिलाड़ियों में उर्जा भी भरा। प्रधानमंत्री मोदी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कई बातें कही। उन्होंने कहा कि खेल के मैदान में कोई जीतता है कोई सीखता है, हार किसी की नहीं होती। पीएम के इस संबोधन को जैसे ही रांची के ओटीसी ग्राउंड में खिलाड़ियों ने सुना तालियों की गड़गड़ाहट से परिसर गूंज उठा। पीएम ने संबोधित करते हुए कहा कि आपके जोश, जज्बा और उत्साह देखकर मुझे स्वर्णिम भारत के दर्शन हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सांसद खेल महोत्सव में 290 से ज्यादा सांसदों की भागीदारी है जिसके आयोजन में एक करोड़ से अधिक युवाओं ने रजिस्ट्रेशन कराया। पीएम मोदी ने कहा कि खेल का स्केल जितना बड़ा होगा, उतना ही बड़ा उसका

इंपेक्ट होगा। शहरों से लेकर गांवों तक, हर बैकग्राउंड के युवा इसमें शामिल हैं। यह दिखाता है कि इसका पैमाना कितना बड़ा है। उन्होंने कहा कि काशी से सांसद होने के नाते मैं अपने संसदीय क्षेत्र में इस खेल आयोजन से करीब से जुड़ा रहा हूं। मुझे यह देखकर खुशी होती है कि युवाओं ने इसके जरिए नए मील के पत्थर स्थापित किए हैं। सांसद खेल महोत्सव युवा निर्माण से राष्ट्रीय निर्माण का मजबूत स्तंभ बना। दूरदराज और छोटे गांवों से नए खेल प्रतिभाएं उभरकर सामने आए। खेल को समय की बर्बादी समझने की सोच में बड़ा बदलाव आया। अब चयन पहचान नहीं, प्रतिभा के आधार पर हो रहा है। रांची के ओटीसी ग्राउंड में आयोजित सांसद खेल महोत्सव समापन के मौके पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ शामिल हुए। इस मौके पर छऊ नृत्य सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर खिलाड़ियों को टी-शर्ट के अलावे सभी फुटबॉल टीमों को दो नेट और एक फुटबॉल दिया गया। बता दें कि सांसद खेल महोत्सव की शुरुआत 20 अगस्त से हुई थी जिसका समापन आज 25 दिसंबर को हुआ। करीब चार महीने तक चले इस खेल महोत्सव में एथलेटिक्स, फुटबॉल सहित कुल 8 खेल प्रतिस्पर्धा आयोजित हुए। इसमें अकेले फुटबॉल में कुल 147 टीमों ने भाग लिया। रांची लोकसभा क्षेत्र के प्रत्येक विधानसभा में हर दिन तीन-चार मैच आयोजित हुए। तीरदांजी, कबड्डी, मैराथन, फुटबॉल, बुशू जैसे खेलों में खिलाड़ी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि इस खेल महोत्सव से ग्रामीण क्षेत्र में छिपी हुई प्रतिभा को आगे लाने का प्रयास किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायक संबोधन से ये खिलाड़ी उत्साहित हैं जिसका लाभ 2030 में होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स में जरूर देखने को मिलेगा।

पीएलएफआई ने क्रशर प्लांट में की फायरिंग, मांगी 20 लाख की लेवी

लेवी नहीं देने पर फौजी कार्रवाई करने की दी धमकी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

खूंटी। प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआई (पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया) ने एक बार फिर खूंटी जिले में अपनी मौजूदगी का अहसास कराते हुए पुलिस प्रशासन को खुली चुनौती दी है। बुधवार देर रात संगठन के उग्रवादियों ने डुगडुगिया स्थित मेसर्स नितेश शारदा क्रशर प्लांट में घुसकर अंधाधुंध फायरिंग की और प्लांट कर्मियों को 20 लाख रुपये की लेवी मांगने वाला एक धमकी भरा पत्र सौंपा। लेवी नहीं देने पर फौजी कार्रवाई करने की धमकी भी दी गई है। यह पत्र पीएलएफआई के जोनल सदस्य राजेश यादव के नाम से जारी किया गया है। सूत्रों के अनुसार दिनेश गोप की गिरफ्तारी और संगठन से जुड़े कई कुख्यात उग्रवादियों के मारे जाने के बाद पीएलएफआई की गतिविधियां लगभग समाप्त मानी जा रही थीं लेकिन इस ताजा वारदात ने संगठन की फिर से सक्रियता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। घटना की सूचना मिलते ही डीएसपी वरुण रजक और थाना प्रभारी मोहन कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच मौका-ए-वारदात का निरीक्षण किया और पीड़ित संचालक नितेश शारदा एवं कर्मचारियों के बयान पर एफआईआर दर्ज की। डीएसपी वरुण रजक ने मीडिया से बातचीत में घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पीएलएफआई की संलिप्तता स्पष्ट है। जांच के लिए एक विशेष टीम गठित कर दी गई है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस फायरिंग और लेवी मांगने की घटना से क्षेत्र के क्रशर संचालकों और कारोबारियों में दहशत फैल गई है। पुलिस ने इलाके में सुरक्षा बढ़ाने के साथ नक्सलियों की तलाश तेज कर दी गई है।

संक्षिप्त समाचार

युवक को ट्रक ने रौंदा, मौत

दुमका(नबिटा ब्यूरो)। जिले के जामा थाना क्षेत्र के बारापलासी गांव के पास दुमका-भागलपुर मुख्य मार्ग एनएच 114 इ पर सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई है। मृत युवक की पहचान विशाल यादव के तौर पर की गई है। विशाल को एक ट्रक ने रौंद दिया जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज आगे की कार्रवाई में जुट गई है। विशाल यादव दुमका के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रामपुर गांव का रहनेवाला था।

गड्ढे से अज्ञात शव बरामद

सरायकेला(नबिटा ब्यूरो)। जिले के आदित्यपुर थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। शिवनारायणपुर जंगल में एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया गया। यह मामला तब सामने आया जब जंगल की ओर गए कुछ स्थानीय लोगों ने गड्ढे से मृतक के पैर बाहर निकले हुए देखे। खबर फैलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही आदित्यपुर थाना प्रभारी विनोद तिर्की दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। थाना प्रभारी ने बताया कि शव पूरी तरह मिट्टी में दफन है। इसके लिए जिला प्रशासन से मजिस्ट्रेट की मांग की गई है।

पुलिया के नीचे मिला कोल लोडर का शव

धनबाद(नबिटा ब्यूरो)। झरिया थाना क्षेत्र के भगतडीह परसाटांड़ निवासी 50 वर्षीय सुबोध कुमार सिन्हा का शव गोविंदपुर थाना क्षेत्र के कालाडीह पुलिया के नीचे से बरामद किया गया है। वे तीन दिनों से लापता थे। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। सुबोध कुमार पेशे से कोयला लोडर थे और ट्रक लोडिंग का काम करते थे। परिजनों ने इसे सामान्य मौत मानने से इनकार करते हुए हत्या की आशंका जताई है।

शहीद निर्मल महतो के आदर्शों को किया याद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

धनबाद। गुरुवार को एसएनएमएमसीएच परिसर में शहीद निर्मल महतो की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर केक काटा गया। इस मौके पर जेएमएम के टुंडी विधायक मथुरा पसाद महतो समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस अवसर पर टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने केक काटकर पार्टी के कार्यकर्ताओं और लोगों को केक खिलाकर शहीद निर्मल महतो के आदर्शों को याद किया। विधायक मथुरा पसाद महतो ने कहा कि शहीद निर्मल महतो जैसे महान नेताओं की विचारधारा आज भी हमें झारखंड के विकास के लिए प्रेरित करती है। कार्यक्रम में झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता मनु आलम ने बताया कि हमारे पार्टी के यह प्रथम अध्यक्ष रहे हैं, हर साल हम जयंती मनाते आ रहे हैं। उन्हीं के नाम पर इस अस्पताल का नाम रखा गया है। उनके आंदोलन के कारण ही आज झारखंड राज्य हमें मिला है। उनके आदर्शों पर ही हम आज चल रहे हैं। कार्यक्रम में जेएमएम के नेताओं और कार्यकर्ताओं के अलावा एसएनएमएमसीएच के अधीक्षक डॉ. डीके गिदौरिया, वरिष्ठ प्रबंधक डॉ. सुमन कुमार समेत अन्य मेडिकल कर्मचारी भी मौजूद रहे। शहीद निर्मल महतो झारखंड आंदोलन के प्रमुख नेता थे। उनकी भूमिका झारखंड को अलग राज्य का दर्ज़ा दिलाने में अविस्मरणीय रही है। ऐसे योद्धा के कारण झारखंड राज्य अलग करने में सफलता मिली है। झारखंड के विकास के लिए इनके दिए उपदेशों पर पार्टी आगे चलने का काम करेगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड को विकास की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए तेजी के साथ कार्य कर रहे हैं।

ज्वेलरी दुकान से लाखों के जेवर और कैश ले उड़े चोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गढ़वा। जिले के बिशुनपुरा थाना क्षेत्र के प्रसिद्ध व्यवसायी राम हरख प्रसाद गुप्ता के शुभ लक्ष्मी वस्त्रालय व मुन्ना ज्वेलर्स दुकान में बुधवार की रात लाखों की चोरी हुई है। चोरों ने लगभग 50 लाख रुपये की संपत्ति पर हाथ साफ किया है। इसमें जेवर, कपड़े और कैश शामिल हैं। वहीं घटना से व्यवसायियों में काफी आक्रोश है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। भुक्तभोगी व्यवसायी के अनुसार चोरों ने पीछे के रास्ते से लोहे के ग्रिल में लगा ताला तोड़कर दुकान के अंदर प्रवेश किया और दुकान में रखे सोने-चांदी के जेवर, कपड़े और कैश लेकर चलते बने। अहले सुबह जब व्यवसायी ने दुकान का ताला टूटा हुआ देखा तो घटना की जानकारी हुई। दुकान के अंदर रखा अलमारी टूटा हुआ था। दुकान में कपड़े, ज्वेलरी के डब्बे बिखरे थे। दुकान में एक लोहे का लॉकर था। इसे चोरों द्वारा ले जाने का पूरा प्रयास किया गया लेकिन सफल नहीं हो सके। चोरी की वारदात को अंजाम देने के बाद चोर दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे के हार्ड डिस्क भी अपने साथ ले गए है। भुक्तभोगी व्यवसायी ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलने के बाद बिशुनपुरा थाना प्रभारी राहुल सिंह घटनास्थल पर पहुंचे और तहकीकात में जुट गए हैं। भुक्तभोगी व्यवसायी विनोद गुप्ता उर्फ मुन्ना ने बताया कि प्रत्येक दिन की तरह बुधवार रात्रि 8 बजे दुकान बंद कर घर चले गए थे। उसके बाद रात्रि 9 बजे माता-पिता दोनों दुकान में सोने आ गए। दुकान के ऊपर दूसरी मंजिल पर पिता राम हरख प्रसाद सोये हुए थे और रात्रि में यह घटना हो गई। वहीं व्यवसायी संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता ने घटना की कड़ी निंदा की है। उन्होंने व्यवसायियों के साथ सड़क पर उतर कर सभी दुकानें बंद रखने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि बिशुनपुरा की यह दूसरी बड़ी चोरी की घटना है। उन्होंने कहा कि पुलिस जबतक चोरी की इस घटना का उद्भेदन नहीं करती है, तब तक इलाके की दुकानें बंद रहेगी। वहीं इस संबंध में बंशीधर नगर के एसडीपीओ सतेन्द्र सिंह ने बताया कि बिशुनपुरा में चोरी हुई है। पुलिस टीम गठित कर मामले की छानबीन की जा रही है। बहुत जल्द चोरों की गिरफ्तारी की जाएगी।

महिला ठेका कर्मी की सड़क हादसे में मौत

बोकारो(नबिटा ब्यूरो)। बालिडीह थाना क्षेत्र के नरकरा स्थित मुकुंदपाड़ा निवासी दुलाली देवी की गुरुवार सुबह सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। यह हादसा माराफरी थाना अंतर्गत मनसा सिंह गेट के पास हुआ। दुलाली देवी बोकारो स्टील प्लांट में ठेका कर्मी के रूप में कार्यरत थीं और रोज की तरह कुर्मीडीह से प्लांट जा रही थीं तभी एक तेज रफ्तार बुलेट मोटरसाइकिल ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दुलाली देवी सड़क पर गिर गईं और उनके सिर में गंभीर चोटें आईं। चिकित्सकों ने उनका इलाज शुरू किया लेकिन उनकी मृत्यु हो गई।



क्रिसमस की धूम, गिरजाघरों में लोगों की भीड़

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

हजारीबाग/धनबाद। झारखंड में क्रिसमस धूमधाम से मनाया गया। क्रिसमस के मौके पर विभिन्न जिलों में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। हजारीबाग और धनबाद में भी चर्च में लोगों की काफी भीड़ उमड़ी। लोगों में काफी उत्साह देखा गया। हजारीबाग में विभिन्न चर्चों में बड़ी संख्या में इसाई समुदाय के लोग पहुंचे। चर्चों को आकर्षक लाइटों से सजाया गया। बुधवार आधी रात से यीशु मसीह के जन्म का जश्न मनाने के लिए खास कार्यक्रम आयोजित किए गए। देर रात तक खास प्रार्थना सभाएं हुईं। केक काटे गए और लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर क्रिसमस की बधाई दी। कैरोल गीतों की गूंज सुनाई दी। सभी चर्चों में

यीशु के जन्म को दर्शाने वाले सुंदर चरनियां बनाईं गई। चर्चों के अलावा कई घरों में भी प्रतीकात्मक चरनियां लगाई गईं। प्रार्थना के दौरान, यीशु के जन्म के संदेश-प्यार, शांति और भाईचारे पर जोर दिया गया। बस स्टैंड और जुलू पार्क के पास के चर्चों में भारी भीड़ देखी गई। आधी रात को खड़े होने की भी जगह नहीं थी जबकि बाजार भी देर रात तक गुलजार रहे। चर्चों के सामने केक और मोमबत्तियां बेचने वाली दुकानें लगाई गईं थी। लोग केक खरीदते भी दिखे। हजारीबाग के साथ कोयलांचल धनबाद के चर्चों में भी यीशु मसीह का जन्म बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। क्रिसमस के दिन लोग रेलवे स्टेशन के पास सेंट एंथोनी चर्च पहुंचे। खास प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। चर्च में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे जिसे खूबसूरती से सजाया गया। श्रद्धालुओं ने कहा कि प्रभु यीशु ने हमें यह संदेश दिया है कि हमें मिलकर रहना है और जाति-आधारित भेदभाव को खत्म करना है। चर्च के फादर अमातुस कुजूर ने कहा कि इंसान ईश्वर को नहीं ढूंढ रहा है बल्कि ईश्वर ही सबसे पहले इंसान की तलाश में इस धरती पर आते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि ईश्वर प्यार और शांति का प्रतीक हैं। प्यार और शांति इंसान के जीवन में जरूरी हैं। जहां शांति और प्यार नहीं होता, वहां परिवार टूटकर बिखर जाते हैं। ईश्वर ऐसा नहीं चाहते। वे चाहते हैं कि सभी परिवार प्यार से एकजुट रहें। अगर प्यार होगा तो समाज और देश में शांति होगी।

जहानाबाद में शराबबंदी की खुली पोल, नाली सफाई के दौरान शराब की सैकड़ों खाली बोतलें बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। बिहार सरकार द्वारा राज्य में पूर्ण शराबबंदी लागू होने के दावों के बीच जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। गुरुवार को जहानाबाद जिले के राजा बाजार इलाके में नाली की सफाई के दौरान सैकड़ों शराब की खाली बोतलें बरामद होने से शराबबंदी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

नगर परिषद की ओर से कराई जा रही नाली सफाई के दौरान सफाईकर्मियों को महज 10 मिनट के भीतर 100 से अधिक शराब की खाली बोतलें नाली से मिलीं। सफाईकर्मियों के अनुसार नाली की सफाई अभी काफी दूर तक होनी बाकी है और आगे और भी बड़ी संख्या में बोतलें निकलने की आशंका है। नाम न छापने की शर्त पर सफाईकर्मियों ने कहा कि 'बिहार में शराबबंदी सिर्फ कागजों तक सीमित नजर आती है, जमीनी हकीकत बिल्कुल अलग है।' इस घटना ने एक बार फिर प्रशासन और मद्य निषेध विभाग की कार्यशैली पर सवालिया

निशान लगा दिया है। सवाल यह उठता है कि जब बिहार की सीमाओं पर सख्त चेकिंग, हर जिले में मद्य निषेध थाना और जगह-जगह पुलिस जांच की व्यवस्था मौजूद है, तो इतनी बड़ी मात्रा में शराब आखिर आ कहां से रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि चेकिंग के नाम पर अक्सर छोटे वाहनों को ही रोका जाता है, जबकि बड़े वाहनों की जांच केवल औपचारिकता बनकर रह जाती है। इसी का फायदा उठाकर शराब तस्कर भारी मात्रा में शराब बिहार में खपा रहे हैं। गौरतलब है कि यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी अंबेडकर चौक स्थित रजिस्ट्री ऑफिस के पास नाली सफाई के दौरान बड़ी संख्या में शराब की बोतलें बरामद हो चुकी हैं। बार-बार सामने आ रही ऐसी घटनाएं इस बात की ओर इशारा करती हैं कि जहानाबाद में शराब की उपलब्धता अब कोई छिपी हुई बात नहीं रह गई है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि बिहार में शराबबंदी पूरी तरह लागू है, तो नालियों से इस तरह शराब की बोतलों का मिलना किस ओर इशारा करता है? क्या शराब तस्करी किसी की मिलीभगत से चल रही है? और यदि सब कुछ नियंत्रण में है, तो मद्य निषेध थाना और सख्त चेकिंग व्यवस्था का औचित्य क्या रह जाता है? फिलहाल इस पूरे मामले पर प्रशासन या मद्य निषेध विभाग की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। अब देखना यह होगा कि इस खुलासे के बाद प्रशासन कोई ठोस कार्रवाई करता है या यह मामला भी अन्य मामलों की तरह फाइलों में ही दबकर रह जाता है।

मगध पुस्तक मेला ज्ञान, गुरु व राष्ट्रीय चेतना का जीवंत संगम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गया। 25 दिसंबर, 2025 को मगध पुस्तक मेले के हिस्से के रूप में आयोजित कार्यक्रम ज्ञान, साहित्य, संस्कृति और राष्ट्रीय चेतना का एक प्रभावशाली संगम थे। छुट्टी का दिन होने के बावजूद, मेले में रिकॉर्ड संख्या में आगंतुक आए। बच्चों और महिलाओं की भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय थी।

बच्चों ने रचनात्मक गतिविधियों और खेलों में उत्साह दिखाया, साथ ही उन्होंने बुक स्टॉलों से किताबें खरीदकर पढ़ने की संस्कृति के प्रति अपनी जागरूकता भी दिखाई। कार्यक्रम के पहले सत्र में मगध मेधा प्रतियोगिता हुई, जिसमें स्कूल स्तर पर नृत्य प्रतियोगिता और कॉलेज स्तर पर क्विज प्रतियोगिता शामिल थी। नृत्य प्रतियोगिता में बच्चों ने अपने अनुशासन, आत्मविश्वास और कला से दर्शकों को प्रभावित किया। क्विज प्रतियोगिता में छात्रों ने समसामयिक विषयों, सामान्य ज्ञान और तार्किक तर्क के माध्यम से अपनी बौद्धिक क्षमताओं का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों और युवाओं के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, रचनात्मकता और ज्ञान वृद्धि को बढ़ावा देना था। 25 दिसंबर को भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी और महामना पंडित मदन मोहन मालवीय की जयंती मनाने के लिए एक विशेष संगोष्ठी और स्मरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। वक्ताओं ने अटल बिहारी वाजपेयी के कवि व्यक्तित्व, लोकतांत्रिक मूल्यों और राष्ट्रीय एकता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। पंडित मदन मोहन मालवीय के शिक्षा, समाज सुधार और भारतीय सांस्कृतिक चेतना के पुनर्जागरण में योगदान पर भी प्रकाश डाला गया। इसके बाद "गुरुः ज्ञान का सागर" विषय पर एक विशेष सत्र आयोजित किया गया। इस अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रियंका मिस और रंजन कुमार को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। दोनों गैलेंट इंडिया फाउंडेशन द्वारा झुग्गी-झोपड़ी वाले इलाकों में वंचित बच्चों के लिए संचालित प्रगति केंद्र से सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं और शिक्षा के साथ-साथ रचनात्मक गतिविधियों को बढ़ावा दे रहे हैं। शाम के सत्र में एक युवा काव्य सम्मेलन हुआ, जहाँ युवा कवियों और साहित्यकारों ने समसामयिक विषयों, सामाजिक वास्तविकताओं और संवेदनशील भावनाओं से ओत-प्रोत रचनाएँ सुनाईं।

अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती मनाई गई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। भारत रत्न देश के पूर्व यशस्वी प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई के जन्म शताब्दी वर्ष 101वीं जयंती के शुभ अवसर पर सेवानिवृत्ति इंजीनियर विनय कुमार सिंह भाजपा के आवासीय कार्यालय शिवपुरी गिरिडीह में उनके चित्र पर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया।

उक्त अवसर पर इंजीनियर विनय सिंह द्वारा बताया गया की श्रद्धेय बाजपेई की वाणी में सिंघनाद था, उनका मानना था कि मैं हार नहीं मानूंगा रार नहीं ठानुंगा, उनके प्रधानमंत्री कार्यकाल में भारत परमाणु संपन्न देश हुआ एवं झारखंड प्रदेश का निर्माण हुआ उनके बताए गए पद चिन्हों का

अनुसरण करते हुए उनके सिद्धांत, विचारों एवं मार्गदर्शन पर चलने का संकल्प लिया गया, उक्त अवसर पर भाजपा की पीरटांड़ भाजपा के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अरविंद चंद्र राय, राजन कुमार, सत्येंद्र सिंह निरंजन कुमार सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता थे।

लिपिक मोर्चा ने किया लिपिकों की वेतन वृद्धि रोकने का विरोध

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। झंडा मैदान गिरिडीह में मुफ्फसिल लिपिक मोर्चा गिरिडीह की शैलेंद्र कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में एक अहम बैठक आहूत की गई। उक्त बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी गिरिडीह, के मौखिक आदेशानुसार लिपिकों का वेतन वृद्धि रोकने का विरोध किया गया, बैठक में सभी प्रखंडों से लिपिकों ने भाग लिया।

प्रदेश महासचिव विकाश कुमार सिंहा ने अपने संबोधन में कहा कि जिला शिक्षा पदाधिकारी गिरिडीह के मौखिक आदेशानुसार लिपिकों का वेतन वृद्धि रोकने का विरोध करते हुए कहा कि संथाली भाषा परीक्षा क्षेत्रीय कार्यालय के लिपिकों को पास करना अनिवार्य है, यह मुफ्फसिल/विद्यालय लिपिकों के लिए नहीं है। ऐसे में अगर वेतन वृद्धि रोका जाता है तो संगठन इसका विरोध करेगी। प्रदेश उपाध्यक्ष बामशंकर प्रसाद सिंह ने कहा कि बड़ी खेद के साथ कहना पड़ रहा है कि महंगाई भत्ता डीए का भुगतान सभी जिला में हो गया परन्तु

गिरिडीह जिला में अभी तक नहीं हुआ है जबकि विपत्र कार्यालय में जमा है। बैठक का संचालन जिला सचिव अवधेश कुमार यादव, ने किया। एवं अपने संबोधन में कहा कि जिला शिक्षा पदाधिकारी गिरिडीह, के द्वारा मौखिक आदेश, वेतन वृद्धि रोकने संबंधी सूचना मिली है। लिखित सूचना अभी तक नहीं दी गई है। अगर ऐसा होता है तो संगठन इसका विरोध करने का निर्णय जरूर लेगी। प्रदेश कोषाध्यक्ष अनुज कुमार सिंह ने कहा कि लिपिकों का नियुक्ति नियमावली 2010 को सरकार ने 2024 में अंगीकृत किया है। इस परस्थिति में जो लिपिक 2024के बाद नियुक्ति हुई है उन्हें संथाली भाषा परीक्षा पास करनी है, 2024 से पहले जिसकी नियुक्ति हुई है उन्हें संथाली भाषा परीक्षा पास करने की बाध्यता नहीं है बैठक की मुख्य निर्णय 1, जनवरी 2026 में मुफ्फसिल लिपिक मोर्चा झारखंड, का राज्य सम्मेलन गिरिडीह खंडोली पर्यटन स्थल में करने का निर्णय लिया गया है। 2, लिपिक का वेतन वृद्धि रोकने से संबंधी निराकरण हेतु, जिला शिक्षा पदाधिकारी गिरिडीह से मिलकर वार्ता की जाएगी। 3, लिपिकों के लम्बित एमएसपी प्रोन्नति का समाधान हेतु वार्ता की जाएगी। 4, लिपिकों का अभ्यावेदन के आधार पर स्थानांतरण हेतु वार्ता की जाएगी। 4, जनवरी 2026 के बाद सभी प्रखंडों में प्रत्येक माह मुफ्फसिल लिपिक मोर्चा गिरिडीह, की बैठक की जाएगी। इस बैठक में, एहतरामुल हक, मोहमद शमीम, अशोक कुमार, राजेंद्र स्वर्णकार, सचिन चौड़े, शंकर विश्वकर्मा, अनिल कुमार, महेश कुमार, धीरज कुमार, भावेश कुमार, अंकुर जैन, संजय मरांडी, मोहम्मद इकबाल, सत्यम प्रियदर्शी, विश्वजीत कुमार, राहुल कुमार सिंहा इत्यादि सैकड़ो लिपिकों ने भाग लिया।

सदी के महान गायक मो. रफी की 101वीं जयंती, एकता कल्चरल फाउंडेशन के बैनर तले मनाई गई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। संगीत प्रेमी ने उनके गाने को गाकर उनको याद किया। एकता कल्चरल फाउंडेशन के अध्यक्ष बबलू सानू जो अच्छे गायक भी है, उनकी पहल पर सानू कैंपस आजाद नगर में हुआ भव्य कार्यक्रम, बबलू सानू ने कहा कि गिरिडीह में अलग अलग कई संस्था सभी कलाकारों के लिए बेहतर कार्य कर रहे है, हम सब भी एक ऐसा मंच दे रहे है कि गिरिडीह ही नहीं झारखंड में एक बड़ा नाम होगा, एकता कल्चरल फाउंडेशन, कहा कि मोहम्मद रफी हमारे दिलो में राज करते है, हम सब प्रत्येक सिंगर को याद करते रहते है। फाउंडेशन के चेयरमैन राजेश सिन्हा ने कहा कि रफी साहब का जन्म दिन की सभी को बधाई तो है ही, ऐसे तमाम सिंगर

जो इस दुनिया में है या नहीं है हम सब समय समय पर उनको याद करते रहेंगे। सचिव संजू खान और महासचिव टिंकू शर्मा ने कहा कि एकता कल्चरल फाउंडेशन एक बड़ा नाम है, जल्द भारत स्तर पर कैसे आए इसके लिए सभी मेंबर लगातार बेहतर कार्य कर रहे है एकता कल्चरल फाउंडेशन बहुत ही जल्द मनायेंगे 38 वां प्रोग्राम, मौहम्मद रफी साहब का 101 जन्मदिन सानू कैंपस आजाद नगर में मनाया गया, 24 दिसम्बर को एकता कल्चरल फाउंडेशन ने लेजेंडरी सिंगर मौहम्मद रफी साहब का जन्मदिन बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया है, इस बर्थ-डे में गिरिडीह के लगभग सभी संगीत प्रेमियों को निमंत्रण किया है और सभी ने आकर रफी साहब के गीत को गा कर जन्मदिन पर मनाया किया है फाउंडेशन के पदाधिकारी महासचिव पंकज शर्मा, सचिव कासिम खां, मैनेजर ताहिर इमाम, संदीप अग्रवाल, किशोर कुमार मिश्रा,मोजममिल, सैयुम, मुन्ना, बाबू, कादिर, नवाजिश, रिंटू, नदीम, अख्तर, टिंकू खां, हुसैन,अन्सार, टार्जन, अमजद, सलीम, महबूब अलाम के अलावे मेंबर कुछ नहीं है फिर भी एकता कल्चरल फाउंडेशन के हरेक कार्यक्रम में आते है हम उनको भी बधाई देते है आदि दर्जनों लोग सामिल थे।

जहानाबाद में ट्रेन से कटकर किशोर की मौत

मानव रहित गुमटी पर हुआ हादसा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। जहानाबाद स्टेशन के आउटर सिग्नल के पास मानव रहित रेलवे गुमटी पार करने के दौरान 17 वर्षीय एक किशोर की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। मृतक की पहचान राहुल कुमार के रूप में हुई है, जो टेहटा थाना क्षेत्र के सुप्पी गांव का निवासी था। प्राप्त जानकारी के अनुसार राहुल जहानाबाद डीएम आवास के पास किराए के मकान में रहकर पढ़ाई कर रहा था। वह बाजार से समोसा और अन्य सामान खरीदकर अपने कमरे की ओर लौट रहा था।

इसी दौरान मानव रहित गुमटी पार करते समय उसने दाएंझबाएं ट्रेन की ओर ध्यान नहीं दिया। तभी पाटलिपुत्र पैसेंजर ट्रेन वहां से गुजर गई और वह उसकी चपेट में आ गया। ट्रेन

गुजरने के बाद राहुल का क्षत-विक्षत शव रेलवे लाइन पर पड़ा मिला। बताया जा रहा है कि दुर्घटना के समय राहुल के कान में ईयरफोन लगा हुआ था और वह मफलर से ढका हुआ था, जिस कारण वह ट्रेन के हॉर्न की आवाज नहीं सुन सका। मैट्रिक का परिणाम आने के बाद वह इंटर की पढ़ाई के लिए पिछले कुछ दिनों से जहानाबाद में रह रहा था।घटना की सूचना मिलते ही जहानाबाद जीआरपी मौके पर पहुंची और परिजनों को जानकारी दी गई। परिजनों ने मौके पर पहुंचकर शव की पहचान की। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। इस हादसे से मृतक के गांव सुपी में शोक की लहर है। होनहार छात्र की असामयिक मौत से परिजन सहित पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है।

आरोग्य भारती के जिला सचिव राजेश की आकस्मिक मृत्यु पर श्रद्धांजलि सभा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बरगंडा में को आरोग्य भारती के जिला सचिव राजेश कृष्ण दास की आकस्मिक मृत्यु पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम आरोग्य भारती गिरिडीह, धनबाद तथा विद्या भारती के संयुक्त तत्वाधान में संपन्न हुआ।

मौके पर उपस्थित बंधुओं ने दिवंगत आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। आरोग्य भारती के निवर्तमान अध्यक्ष डॉ. सतीश्वर प्रसाद सिन्हा ने कहा कि स्व. राजेश कृष्ण दास का जीवन उनके जन्मजात स्वयंसेवी स्वभाव एवं समर्पित संघ कार्यकर्ता के गुणों से समाहित था। अपने जीवन काल में उन्होंने बिना प्रचार-प्रसार किए विद्या भारती एवं आरोग्य भारती

को अपनी सेवा दी। आरोग्य भारती के प्रांत सचिव जयप्रकाश ने कहा कि राजेश कृष्ण दास जिस जोश, निष्ठा और समर्पण भाव से संगठन के लिए कार्य किया वह सदैव स्मरणीय रहेगा। श्रद्धांजलि सभा को प्रधानाचार्य आनंद कमल, नलिन कुमार एवं अन्य ने उनके निःस्वार्थ सेवा भाव को साझा किया वहीं दूसरी ओर बैठक कर आरोग्य भारती का सर्व सम्मति से पुनर्गठन किया गया। जिसमें रितेश चंद्र सचिव,डॉ अरुण सिन्हा सह सचिव, आशीष कुमार उपाध्यक्ष बनाए गए। अंत में उपस्थित बंधुओं ने वैदिक शांति मंत्र के साथ श्रद्धांजलि सभा को समाप्त किया।

जहानाबाद के टेहटा में गरीबो व बुजुर्गों के बीच कम्बल वितरित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मखदुमपुर (जहानाबाद)। जहानाबाद जिले के मखदुमपुर प्रखण्ड के पूर्वी सरेन पंचायत में बढ़ते ठंड और सितलहरी के बीच पूर्वी सरेन पंचायत की मुखिया सीता रानी कुमारी के पति एवं सामाजिक कार्यकर्ता विक्रम कुमार के द्वारा सैकड़ो गरीबों तथा असहायों के बीच कंबल का वितरण किया गया।

मामले की जानकारी देते हुए सामाजिक कार्यकर्ता विक्रम कुमार ने बताया कि पिछले कई वर्षों से प्रत्येक ठंड में गरीबों के बीच कंबल का वितरण कर रहा हूं। इसी को लेकर इस वर्ष भी बढ़ते ठंड को देखते हुए गरीबों के बीच कंबल का वितरण

किया है। उन्होने बताया कि जो गरीब कम्बल लेने से वंचित रह गए है उन्हें भी बाद में कंबल दिया जाएगा। मौके पर कई सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग मौजूद थे।

24 घंटा अपनी दुकानों की रक्षा करें दुकानदार भाकपा माले आपके साथ : राजेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। दुकानदारों ने सभी राजनीतिक दल से संपर्क किया है जल्द सभी राजनीतिक दल जल्द देंगे साथ,साथ ही साथ सभी अफसर,और सभी दुकानदारों को भी कहना है जल्द साथ दे वरना अगली बारी आपकी है। 45 दुकानदारों के सामने फिर आया नया संकट, फिर से दुकान हटाने का दिया गया नोटिस,दुकानदार लोगो ने किया है विरोध, कहा अब मंत्री,उपायुक्त एसडीएम और

कही ज्यादा है,मतलब जिसकी पहुंच है दुकान रहेगा जिसका पहुंच नहीं है दुकान टूटेगा, यह सरासर गलत है, सिन्हा ने बताया कि सभी राजनीतिक दल, सभी दुकानदार के साथ मिलकर अफसर और मंत्री से बात करें लोकतांत्रिक आंदोलन करें तो अवश्य काम होगा, लोकतांत्रिक आंदोलन करना होगा, शांत रहने से कुछ नहीं होगा सिन्हा ने कहा कि अभी सात महीने पहले भी कई दुकानदारों से नया एग्रीमेंट किया है नगरनिगम तो जब अतिक्रमण था तो क्यूं किया नया आवंटित, दुकानदारों का कहना है कि ऐसे किसी को बर्बाद करने का अधिकार नहीं है, लगातार नोटिस देकर धोखा किया जा रहा है, दुकानदारों ने कहा कि मंत्री से हमलोग मिलकर बात करेंगे। दुकानदारों ने कहा कि मेरे परिवार पिछले 6 महीने से डिस्टर्ब में है, बच्चे का पढ़ाई बर्बाद हो गया, रोजगार बर्बाद कर दिया गया है,इसका भी मुआवजा दे नगरनिगम हम शांत रहेंगे किंतु हमारे साथ धोखा किया गया है दुकानदारों में जिसका लिस्ट है मनोज केसरी, प्रिय रंजन चौधरी, सुनील केसरी, पंकज तरवे, शम्मा परवीन, असीम जफर, अनिल कुमार देव, कमलजीत कोर, इस्लाम, अब्दुल कलाम, मुख्तार अहमद, बलविंदर सिंह, चंदन शर्मा, किशोर कुमार, इस्लाम, मौला बक्स, साहू बिक्रम, अनिल कुमार, उसा देवी, जगदीश प्रसाद कुशवाहा, निलेश कुमार, विनोद कुमार, सरदार अजेंद्र सिंह, सरदार अवतार सिंह, अजीत कुमार, मुक्तेश चंद्र गुप्ता, मनीष कुमार, संजय कुमार सिन्हा, रज्जाक मियां, सरदार देवेंद्र सिंह, युगल किशोर, महेश कुमार सिन्हा, गौतम गुप्ता, अनिल कुशवाहा, अब्दुल समद, सुरेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, मुन्ना मिस्त्री, गिरिधर लाल, आजाद मिस्त्री, राजेश कुमार अग्रवाल, संतोष कुमार, विनोद कुमार, दीपक कुमार, दिनेश सिंह,धनंजय कुमार आदि थे। सिन्हा ने कहा अतिक्रमण मामले में भी नगरनिगम दोहरी राजनीति करता है, एक तरफ ठेला, खोमचा वाले, सब्जी वाले से दस पन्द्रह रुपया रोज लिया जाता है, उसका टेंडर भी नगरनिगम ने किया है, जबकि वही ठेला वाले को भगाता है अतिक्रमण बोल कर,डबल रोल है नगर निगम, आप अतिक्रमण कहते है तो टेंडर क्यों देते है, गलत तो गलत है।

केंद्रीय मंत्री ने बसंतपुर गांव में किया गरीबों के बीच कंबल व अन्न का वितरण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षाविद् एवं वरिष्ठ पत्रकार डॉ. एस.के. सुनील के पिता स्वर्गीय सियाराम शर्मा के निधन पर उनके पैतृक ग्राम बसंतपुर पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किए। इस दौरान आयोजित श्रद्धांजलि एवं शोक सभा में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री व केंद्रीय मंत्री माननीय जीतन राम मांझी के अलावा अतरी विधायक रोमित कुमार भी शामिल हुए। इस अवसर पर दोनों नेताओं ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया।

कार्यक्रम के दौरान जीतन राम मांझी ने अपने हाथों से

सैकड़ों जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल एवं अन्न का वितरण किया। वहीं अतरी विधायक रोमित कुमार भी पूरे कार्यक्रम में उपस्थित रहे। आयोजक परिवार की ओर से सभी अतिथियों के प्रति सादर आभार व्यक्त किया गया।इस मौके पर समाजसेवी व शिक्षाविद डॉ एस. के. सुनील की ओर से करीब 100 जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। वहीं महिला नेतृत्व के माध्यम से कार्यक्रम में आई महिलाओं के बीच चूड़ा, गुड़ सहित खाद्य सामग्री वितरित की गई तथा 200 महिलाओं को भोजन कराकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

संक्षिप्त समाचार

जनवरी में आ सकता है एपीपी परीक्षा परिणाम, आयोग ने मॉडल उत्तर जारी कर आपत्तियां मांगी

रांची, एजेंसी। झारखंड लोक सेवा आयोग झारखंड अभियोजन सेवा के अंतर्गत सहायक लोक अभियोजक (एपीपी) नियुक्ति के लिए प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम अगले वर्ष जनवरी के पहले या दूसरे सप्ताह में जारी कर सकता है। आयोग ने बैकलॉग नियुक्ति के बाद अब नियमित नियुक्ति को लेकर आयोजित प्रारंभिक परीक्षा का पहले एवं दूसरे प्रश्नपत्र का मॉडल उत्तर जारी कर दिया है। इसपर एक जनवरी तक अभ्यर्थियों से साक्ष्य के साथ आपत्तियां मांगी गई हैं। आपत्तियों की समीक्षा के बाद विशेषज्ञों के परामर्श पर अंतिम माडल उत्तर प्रकाशित होगा, जिसके बाद प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम जारी होगा। नियमित नियुक्ति को लेकर प्रारंभिक परीक्षा 20 दिसंबर को आयोजित हुई थी। इससे पहले, आयोग ने 13 दिसंबर को आयोजित बैकलॉग नियुक्ति परीक्षा का मॉडल उत्तर जारी कर उसपर एक जनवरी तक आपत्तियां मांगी थीं। बैकलॉग एवं नियमित नियुक्ति दोनों की प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम प्रकाशित होने के बाद फरवरी माह में इसकी मुख्य परीक्षा आयोजित की जा सकती है।

सरायकेला में कुख्यात अपराधी की गोली मारकर हत्या, मुर्गा लड़ाई देखने पहुंचा था

सरायकेला, एजेंसी। सरायकेला के चांडिल थाना क्षेत्र के हारूडीह स्थित स्वर्णरेखा नदी किनारे लगने वाले मुर्गा पाड़ा में अपराधी विजय तिर्की की अज्ञात लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी। यह घटना बुधवार की शाम की है। गोली चलने की आवाज सुनते ही मौके पर अफरातफरी मच गई। जानकारी के मुताबिक विजय तिर्की अपने घर तमोलिया से प्रति सप्ताह बुधवार को लगने वाली इस मुर्गा पाड़ा में जुआ खेलने एवं मुर्गा लड़ाने आता था। इस बीच विजय तिर्की मुर्गा पाड़ा से थोड़ा दूर एक झाड़ी के पास पेशाब करने के लिए गया। वहां घात लगाए पहले से बैठे अपराधियों ने उस पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। इससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। गोलीबारी के बाद आरोपी हथियार लहराते हुए मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही चांडिल थाना पुलिस दल-बल के साथ मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस आपसी रंजिश, गैंगवार और पुरानी दुश्मनी के एंगल से भी मामले की पड़ताल कर रही है। पुलिस के अनुसार, मृतक विजय तिर्की का आपराधिक इतिहास रहा है और वह पूर्व में भी कई मामलों में संलिप्त बताया जाता रहा है।

आवास की स्वीकृति में रिश्वत तय, झारखंड के किस इलाके में चल रहा है ये खेल

धनबाद, एजेंसी। प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर गिद्दी से खबर आई है. बताया जा रहा है कि गरीबों को पक्का मकान देने के उद्देश्य से शुरू की गयी प्रधानमंत्री आवास योजना फिलहाल डाड़ी प्रखंड में लूट और भ्रष्टाचार का अड्डा बन गयी है. एसीबी की कार्रवाई से इस बात का खुलासा हो गया है कि योजना के नाम पर गरीब व असहाय परिवारों से पैसे की वसूली की जा रही है. ग्रामीणों का आरोप है कि आवास की स्वीकृति, जियो टैगिंग व किस्त भुगतान के लिए हर चरण में रिश्वत तय है. बिना चढ़ावा दिये न तो फाइल आगे बढ़ती है और न ही खाते में रुपया पहुंचता है. जानकार सूत्रों का कहना है कि लाभुकों से प्रति आवास पर पांच हजार से लेकर 20 हजार रुपये तक की वसूली की जाती है. डाड़ी प्रखंड की कई पंचायतों में कई गरीब परिवार है, जो वर्षों से मिट्टी के घरों में रहने को मजबूर है. आवास सूची में उनका नाम नहीं है. साठगांठ के दम पर सक्षम लोगों को आवास स्वीकृत कर दिया गया है. ग्रामीणों का कहना है कि कुछ पंचायतकर्मी और बिचौलिये मिल कर लाभुकों को डारने-धमकाने का काम करते हैं. जो गरीब लाभुक रिश्वत देने से इंकार करता है, उसका आवास लटका दिया लाता है या नाम सूची से काट देने की धमकी दी जाती है. प्रधानमंत्री आवास सरकार की योजना है. लाभुकों को निःशुल्क इस योजना का लाभ देना है, लेकिन यहां बिना पैसे के कोई काम नहीं होता है. ग्रामीणों ने जिला प्रशासन व सरकार से डाड़ी प्रखंड में प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए विशेष जांच टीम गठित करने, गरीबों को बिना रिश्वत उनका हक का आवास दिलाने तथा दोषी कर्मियों और बिचौलियों व अधिकारियों पर कार्रवाई करने की मांग की है.

डिफॉल्टरों के बैंक खाते फ्रीज होंगे, गारंटरों की भी खैर नहीं

रांची, एजेंसी। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत ऋण लेकर बकाया नहीं चुकाने वाले ऋणधारकों के खिलाफ जिला प्रशासन ने अब सख्त रुख अख्तियार कर लिया है. गढ़वा के जिला कल्याण पदाधिकारी धीरज प्रकाश ने अंतिम चेतावनी जारी करते हुए सभी डिफॉल्टर ऋणधारकों को 31 दिसंबर तक अपना पुराना बकाया अनिवार्य रूप से जिला कल्याण कार्यालय में जमा करने का निर्देश दिया है. समय सीमा समाप्त होने के बाद संबंधित ऋणधारकों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई शुरू की जायेगी. विभाग द्वारा जारी सूचना के अनुसार, निर्धारित तिथि तक भुगतान नहीं करने वाले डिफॉल्टरों के आधार कार्ड से लिंक बैंक खाते फ्रीज कर दिये जायेंगे.वहीं डिफॉल्टर ऋणधारकों के साथ-साथ उनके गारंटर के नाम और कुल बकाया राशि की सूची सार्वजनिक रूप से अखबारों में प्रकाशित की जायेगी. जिला कल्याण पदाधिकारी ने कहा कि झारखंड सरकार ने स्वरोजगार के लिए बेहद रियायती दरों पर ऋण उपलब्ध कराया था. राशि का निजी कार्यों में दुरुपयोग करना गबन के समतुल्य माना जायेगा. ऐसे लोगों पर प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है. जिला कल्याण पदाधिकारी ने कहा कि यह डिफॉल्टरों के लिए अंतिम चेतावनी है. आगे किसी भी कानूनी कार्रवाई के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे.

प्राइवेट स्कूलों को टक्कर दे रहे हैं झारखंड के ये सरकारी स्कूल

पलामू, एजेंसी। पलामू जिले के कई सरकारी स्कूल में शैक्षणिक वातावरण में उल्लेखनीय बदलाव देखने को मिल रहा है। कभी उपेक्षा का शिकार रहे ये स्कूल अब साफ-सुथरे भवन, अनुशासित माहौल और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के कारण प्राइवेट स्कूल को टक्कर दे रहे हैं। स्कूल में बिजली, पानी, रैंप, शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हैं। साथ ही डिजिटल शिक्षा, स्मार्ट क्लासरूम और कंप्यूटर लैब के माध्यम से आधुनिक तकनीक को पढ़ाई से जोड़ा गया है।

कला, खेलकूद और सह-पाठ्य गतिविधियों को बढ़ावा देकर बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया जा रहा है। शांत और अनुशासित वातावरण में बच्चों की पढ़ाई देख अभिभावकों में भी संतोष और हर्ष का माहौल है। खास बात यह है कि इन विद्यालयों में कोई अतिरिक्त फंडिंग नहीं हो रही, बल्कि स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों की इच्छाशक्ति ही इस बदलाव की असली वजह है।

पांकी प्रखंड की पांकी पूर्वी पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय हरैया आज गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का उदाहरण बन

चुका है। विद्यालय में कुल 283 छात्र-छात्राएं नामांकित हैं, जिनमें से प्रतिदिन औसतन 231 बच्चे नियमित रूप से उपस्थित रहते हैं। चहारदीवारी से सुरक्षित परिसर, हरियाली और फूल-पौधों से सजा कैंपस विद्यालय की सुंदरता बढ़ाता है। बच्चे पूर्ण यूनिफॉर्म में अनुशासन के साथ पढ़ाई करते नजर आते हैं।

शैक्षणिक स्तर में निरंतर सुधार का प्रमाण यह है कि हाल ही में दर्जनों विद्यार्थियों ने नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा दी है। विद्यालय में डेमो क्लास, कंप्यूटर क्लास और आधुनिक शिक्षण तकनीकों के माध्यम से बच्चों पर व्यक्तिगत ध्यान दिया जा रहा है। हालांकि संसाधन और शिक्षकों की संख्या अब भी चुनौती है, फिर भी शिक्षक और सरकार मिलकर इसे दूर करने का प्रयास कर रहे हैं। विद्यालय में सचिव शिक्षक मोहम्मद फारुक अहमद, सहायक अध्यापक नरेंद्र सिंह, सहायक आचार्य मिथलेश कुमार दुबे एवं कंप्यूटर शिक्षक मोहम्मद आशिक अंसारी कार्यरत हैं। हरिहरगंज प्रखंड के पिरोजी गांव स्थित नवसृजित प्राथमिक विद्यालय अपने बेहतर शैक्षणिक वातावरण और सकारात्मक गतिविधियों के कारण क्षेत्र में पहचान बना चुका है। चहारदीवारी से सुरक्षित विद्यालय परिसर में फूल और औषधीय पौधे लगाये गये हैं। सरस्वती माता की प्रतिमा बच्चों में संस्कार और प्रेरणा का स्रोत बनी हुई है। विद्यालय में टीवी, खेल सामग्री सहित आवश्यक शैक्षणिक संसाधन उपलब्ध हैं। कक्षा एक से पांच तक के 138 छात्र-छात्राएं यहां नियमित रूप से अध्ययनरत हैं। तीन शिक्षक स्नेहपूर्ण और अनुशासित माहौल में बच्चों को शिक्षा दे रहे हैं। प्रधानाध्यापक नीरज कुमार पाठक के नेतृत्व में स्वच्छता, नियमित मॉर्निंग असेंबली और टीम भावना से बच्चों का सर्वांगीण विकास हो रहा है।

हुसैनाबाद शहर के आंबेडकर चौक स्थित राजकीयकृत मध्य विद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के लिए अलग पहचान रखता है। अनुशासन, साफ-सफाई, नियमित मॉर्निंग असेंबली और प्रेरक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को निरंतर प्रोत्साहित किया जाता है। प्रभारी प्रधानाध्यापक कन्हैया प्रसाद के नेतृत्व में वरीय शिक्षक मो. जुबैर अंसारी, राजेश कुमार गुप्ता, राजेश श्रीवास्तव, सुषमा पांडेय, रश्मि प्रकाश सहित शिक्षकों की टीम भावना सराहनीय है।

रेल यात्रियों के लिए खुशखबरी! सप्ताह में 3 दिन न्यू गिरिडीह होकर चलेगी हावड़ा-गया वंदे भारत

झुमरीतिलैया (कोडरमा), एजेंसी। हावड़ा से गया के बीच धनबाद होकर चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस को सप्ताह में तीन दिन न्यू गिरिडीह रेलवे स्टेशन होकर चलाने की तैयारी कर ली गई है।

इस संबंध में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कोडरमा की सांसद सह केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी को आश्वासन दिया है। हावड़ा-गया वंदे भारत एक्सप्रेस के संचालन पर चर्चा के दौरान सप्ताह में तीन दिन इस ट्रेन को न्यू गिरिडीह होकर चलाने पर सहमति बनी।

मिली जानकारी के अनुसार इससे गिरिडीह, पारसनाथ और कोडरमा क्षेत्र को आधुनिक और तेज रेल सेवा का लाभ मिलेगा। इसके अलावा देवघर जसीडीह वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस को न्यू गिरिडीह कोडरमा होकर सप्ताह में तीन दिन चलाने का प्रस्ताव भी रखा गया, जिससे बाबाधाम, काशी विश्वनाथ और पारसनाथ जैसे प्रमुख धार्मिक स्थलों के बीच एक सशक्त आध्यात्मिक रेल कॉरिडोर विकसित किया जा सके।

दिल्ली गोड्डा एक्सप्रेस को सप्ताह में तीन दिन चलाने की मांग भी रखी। वर्तमान में यह ट्रेन अत्यधिक भीड़ और लंबी प्रतीक्षा सूची के कारण यात्रियों की जरूरतें पूरी नहीं कर पा रही है। इस पर रेल मंत्री ने सकारात्मक रुख दिखाया।

माल ढुलाई से जुड़े मुद्दों पर न्यू गिरिडीह स्टेशन पर रैक प्वाइंट को विस्तारित करने, औद्योगिक आवश्यकताओं को देखते हुए एक अतिरिक्त रैक प्वाइंट विकसित करने तथा न्यू गिरिडीह को एक प्रमुख लॉजिस्टिक हब के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव रखा गया।

साथ ही यह भी बताया गया कि महेशमुंडा रैक प्वाइंट का टेंडर हो चुका है, लेकिन निर्माण कार्य अब तक शुरू नहीं हुआ है। इस पर रेल मंत्री ने शीघ्र कार्य प्रारंभ कराने का आश्वासन दिया।

बैठक में गिरिडीह कोडरमा मधुपुर रेलखंड पर डबल लाइन, पारसनाथ गिरिडीह सेक्शन पर यात्री सुविधाओं में सुधार, स्टेशन विस्तार और शेड निर्माण जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई। औद्योगिक और खनिज महत्ताकृकोयला, अभ्रक, स्टोन चिप्स, डोलोमाइट आदिकृको रेखांकित करते हुए कहा कि बेहतर रेल अवसंरचना से रेलवे राजस्व में वृद्धि होगी और क्षेत्र में रोजगार, व्यापार व निवेश को नई गति मिलेगी।

श्रमिकों की सुरक्षा और विकास हमारी प्राथमिकता : रेड्डी

धनबाद, एजेंसी। केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा कि भू-धंसान व अग्नि प्रभावित परिवारों के लिए विकसित की जा रही करमाटांड़ पुनर्वास कॉलोनी को एक आदर्श मॉडल टाउनशिप के रूप में तैयार किया जा रहा है. बेलगड़िया टाउनशिप के निवासियों को अब परमानेंट पट्टे पर फ्लैट उपलब्ध कराया जायेगा. इनका उपयोग लोग पीढ़ी दर पीढ़ी कर सकेंगे, हालांकि इन्हें बेचा नहीं जा सकेगा. उन्होंने कहा कि प्रभावित परिवारों को सुरक्षा देना और उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना ही बेलगड़िया टाउनशिप विकसित करने का मुख्य उद्देश्य है. उन्होंने बुधवार को बेलगड़िया टाउनशिप का दौरा किया. इस दौरान नवनिर्मित प्रशासनिक भवन एवं सोलर स्ट्रीट लाइट का उद्घाटन व फेज-6, 7 एवं 8 का शिलान्यास किया. कोयला मंत्री ने यहां जेआरडीए द्वारा विकसित वेबसाइट व शिकायत निवारण केंद्र का अवलोकन किया.

अपने संबोधन में श्री रेड्डी ने कहा कि अग्नि प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थान पर बसाने के लिए केंद्र व राज्य सरकार गंभीरता से काम कर रही है. जिला प्रशासन, बीसीसीएल एवं जेआरडीए के साथ समन्वय बनाकर काम किया जा रहा है. प्रधानमंत्री स्वयं झरिया मास्टर प्लान 2.0 की प्रगति की नियमित समीक्षा कर रहे हैं. कोयला मंत्री ने कहा कि टाउनशिप में साफ-सफाई, बिजली, पेयजल, स्कूल, अस्पताल, आंगनबाड़ी, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, बैंक, पुलिस स्टेशन, पोस्ट ऑफिस, जन औषधि केंद्र, निशुल्क परिवहन, कौशल प्रशिक्षण, खेल मैदान एवं स्वरोजगार के अवसर विकसित किये जा रहे हैं. उन्होंने अग्नि प्रभावि क्षेत्र में रह रहे लोगों से अपनी आशंकाएं दूर करने और टाउनशिप में आकर सुरक्षित जीवन गुजारने की अपील की. जिला प्रशासन की कार्यशैली की भी सराहना की.

कोयला मंत्री ने कहा कि कोयला श्रमिक देश की ऊर्जा व्यवस्था की मजबूत रीढ़ है. उनकी सुरक्षा, सम्मानजनक जीवन तथा भविष्य का विकास केंद्र सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है. कहा कि झरिया कोलफील्ड राष्ट्रीय प्राथमिकता का क्षेत्र है, जहां वर्षों से अंडरग्राउंड फायर व भू धंसान जैसी गंभीर चुनौतियां बनी हुई हैं. इन समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए संशोधित झरिया मास्टर प्लान को मंजूरी दी गई है, जिसकी कुल लागत लगभग छह हजार करोड़ रुपये है. इसकी समय सीमा दिसंबर 2028 तय की गयी है. उन्होंने बताया कि करमाटांड़ टाउनशिप में 24 घंटे बिजली-पानी की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है. चौड़ी व सुरक्षित सड़कें बनायी गयी हैं.

पाकुड़ में फिर पकड़ाया गिट्टी लदा दो हाइवा:बिना वैध माइनिंग कागजात मिला चिप्स लोड, गुप्त सूचना पर हुई कार्रवाई

पाकुड़, एजेंसी। पाकुड़ जिले में फर्जी चालान के जरिए चिप्स (गिट्टी) के अवैध परिवहन का मामला एक बार फिर सामने आया है। जिला खनन पदाधिकारी राजेश कुमार के नेतृत्व में खनन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मुफ्फसिल और नगर थाना क्षेत्र से चिप्स लदे दो हाइवा ट्रकों को जब्त किया है। दोनों वाहनों के पास गिट्टी लोड से संबंधित कोई वैध माइनिंग चालान या कागजात नहीं मिले। इसके बाद अवैध परिवहन को लेकर विभाग ने संबंधित थानों में शिकायत दर्ज कराई है।

गुप्त सूचना पर हुई कार्रवाई, जांच में खुली पोल : जिला खनन पदाधिकारी राजेश कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि फर्जी चालान के सहारे गिट्टी का परिवहन किया जा रहा है। सूचना के आधार पर नगर थाना प्रभारी कुमार गौरव, खान निरीक्षक सुबोध कुमार और पुलिस बल के साथ छापेमारी की गई। जांच के दौरान ट्रकों से संबंधित दस्तावेज मांगे गए, लेकिन चालक कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सके। इससे साफ हो गया कि गिट्टी का परिवहन फर्जी चालान के माध्यम से किया जा रहा था।

भगत सिंह चौक के पास एक हाइवा जब्त, एफआईआर दर्ज : नगर थाना क्षेत्र

के भगत सिंह चौक के पास एक हाइवा को जांच के दौरान रोका गया। जांच में पाया गया कि वाहन में मौजूद चालान फर्जी था। इसके बाद वाहन को जब्त कर चालक और मालिक के खिलाफ नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई। खनन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मामले की विस्तृत जांच की जा रही है और फर्जीवाड़े से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका भी खंगाली जा रही है।

संगठित नेटवर्क से हो रहा अवैध कारोबार : खनन विभाग के अनुसार, जिले के पत्थर औद्योगिक क्षेत्रों से सुनियोजित तरीके से फर्जी चालान का इस्तेमाल कर चिप्स लोड किया जाता है और उसे पश्चिम बंगाल, बिहार सहित अन्य राज्यों में भेजा जाता है। इस अवैध कारोबार से सरकार को करोड़ों रुपए के राजस्व का नुकसान हो रहा है। हाल ही में भी इसी तरह के एक मामले में गिट्टी लदा हाइवा जब्त किया गया था, जिसमें चालक, मालिक सहित चार अन्य लोगों के खिलाफ केस दर्ज हुआ था। सभी आरोपी फिलहाल फरार हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि फर्जी चालान और अवैध खनन के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

पश्चिमी सिंहभूम के सारंडा दो महिलाओं की मौत, स्वास्थ्य विभाग की टीम ने किया दौरा

चाईबासा, एजेंसी। पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा क्षेत्र स्थित चुरगी गांव में बीमारी से दो महिलाओं की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में आ गया है। राज्य सरकार के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की उच्चस्तरीय स्टेट टीम गांव पहुंची और पूरे मामले की गहन जांच की। टीम ने मृत महिलाओं जावनी लागूरी और तुरी चंपिया के परिजनों से मुलाकात कर इलाज से जुड़ी जानकारी ली।

परिजनों ने बताया कि दोनों महिलाएं पिछले करीब छह महीनों से बीमार चल रही थीं। इलाज के लिए वे जामकुंडिया और छोटानागरा क्षेत्र के ग्रामीण चिकित्सकों के पास जाती रहीं। अंधविश्वास के चलते झाड़-फूंक भी कराई गई, पर समय पर सरकारी अस्पताल नहीं पहुंच सके। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव में रह रहे अन्य बीमार लोगों की भी जानकारी जुटाई।

मलेरिया से मौत की संभावना कम

गांव का दौरा करने के बाद स्टेट टीम में शामिल मलेरिया निरीक्षक डॉ. अनिल प्रसाद ने कहा कि प्रारंभिक जांच में दोनों महिलाओं की मौत मलेरिया से होने की संभावना कम है। उन्होंने बताया कि लंबे

समय तक बीमारी रहने और सही इलाज नहीं मिलने के कारण उनकी स्थिति गंभीर होती गई, जिससे उनकी मौत हो गई।

जांच के दौरान यह बात भी सामने आई कि ग्रामीणों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता की भारी कमी है। लोग छोटी-बड़ी बीमारियों में अस्पताल जाने के बजाय झोलाछाप डॉक्टरों और झाड़-फूंक पर अधिक भरोसा करते हैं। यही वजह है कि गंभीर बीमारियों का समय पर इलाज नहीं हो पाता और स्थिति जानलेवा हो जाती है। टीम ने ग्रामीणों को समय पर जांच और इलाज कराने की सलाह दी।

गांव में मलेरिया का प्रकोप, 32 मरीज मिले

हालांकि, चुरगी गांव में मलेरिया का प्रकोप तेजी से फैल रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा पिछले तीन दिनों से लगाए जा रहे हेल्थ कैंप में अब तक 32 ग्रामीणों में मलेरिया के लक्षण पाए गए हैं। सभी की जांच कर दवा उपलब्ध कराई जा रही है। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि गांव में सहिया का पद लंबे समय से रिक्त है। पूर्व में नियुक्त सहिया का चयन आंगनबाड़ी में हो जाने के बाद नई सहिया की बहाली नहीं हो सकी। अधिकारियों ने जल्द नई सहिया की नियुक्ति करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक और प्रचार अभियान चलाने की योजना बनाई गई है। इस जांच अभियान में स्टेट कंसलटेंट जयंत देव सिंह, नीलम कुमार, जिला सलाहकार शशिभूषण महतो, बिनु सिंह लागूरी, बुद्धेश्वर महतो, मनोहरपुर सीएचसी प्रभारी डॉ. अनिल कुमार और मलेरिया संभाग के हरविंदर कुमार समेत कई स्वास्थ्यकर्मी शामिल रहे।

जयनगर-राउरकेला एक्सप्रेस में भी कई यात्रियों के लूटे थे पर्स

धनबाद, एजेंसी। प्रधानखांटा के पास टाटा-जयनगर एक्सप्रेस में यात्रियों से लूटपाट मामले में गिरफ्तार अपराधियों ने पूछताछ में कई खुलासे किये हैं. रेल पुलिस के अनुसार इसी गिरोह ने 15 दिसंबर की सुबह करीब साढ़े पांच बजे 18106 जयनगर-राउरकेला एक्सप्रेस के ए-1 कोच में सफर रही कुमार विपुल की पत्नी की पर्स छीना था. कुमार विपुल पत्नी के साथ ट्रेन के कोच ए-1 के बर्थ संख्या 47 व 48 पर सफर कर रहे थे. आरपीएफ को कुमार बिपुल ने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ यात्रा कर रहे थे.

अचानक एक व्यक्ति ने उनकी पत्नी का पर्स छीन लिया. पर्स में मंगल सूत्र, कान की बाली, लगभग 30 हजार रुपये और मोबाइल चार्जर था. घटना के बाद चलती ट्रेन से कूद कर भाग गया. वहीं आरके झा ने बताया कि वह कोच नंबर बी-2 में दरभंगा से रांची तक परिवार के साथ यात्रा कर रहे थे. उस दौरान अपराधी लेडीज पर्स छीन कर ट्रेन से कूद गया. पर्स में सोने और चांदी के गहने थे. वहीं शशि शेखर ने बताया कि वह बी-1 कोच बर्थ नंबर 1,2,7,8 में परिवार के सदस्यों के साथ सकरी से रांची तक यात्रा कर रहे थे. उनकी पत्नी का लेडीज पर्स अपराधियों ने छीन लिया था. पर्स में एक सोने की चेन, एक एंड्रायड मोबाइल फोन, नकद 10 हजार रुपये थे. गिरफ्तार अपराधियों ने जयनगर-राउलकेला एक्सप्रेस में हुए लूटपाट में संलिप्तता स्वीकार की है, जिसका अनुसंधान चल रहा है.

बरमसिया के रौनक के नाम पर एक युवती मोबाइल का उपयोग कर रही थी. तकनीकी सेल से जानकारी मिलने के बाद टीम ने संपर्क किया, तो युवती ने बताया है कि रौनक के संपर्क में थी. रौनक ने टीम को बताया था कि उसके खिलाफ कोई मामला दर्ज नहीं है. लेकिन जांच में बिहार के गया में चोरी में पकड़ाने का पता चला.

सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, 67700 वसूला जुर्माना ; 85 किलोग्राम जब्त

देवघर, एजेंसी। सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ निगम प्रशासन की ओर से बड़ी कार्रवाई की गई है। नगर प्रबंधक सतीश कुमार दास के नेतृत्व में बाजार समिति, गणेश मार्केट सहित अन्य कई व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में कार्रवाई की गई। इस दौरान दुकानदारों से 67700 रुपये का जुर्माना वसूला गया। साथ ही 85 किलोग्राम प्लास्टिक भी जब्त किया गया। इसके अलावा बड़ी मात्रा में डिस्पोजल ग्लास को भी जब्त किया गया।

नगर प्रशासक रोहित सिन्हा के निर्देश पर नगर प्रबंधक की अगुवाई में सेनेटरी इंस्पेक्टर सह फूड निरीक्षक प्रेम राज, सेनेटरी सुपरवाइजर पिंटू कुमार राय, एसबीएम शाखा के सहायक मनोज कुमार गुप्ता, चंद्र किशोर झा, रंजीत मरीक सहित निगम की टीम ने सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ कार्रवाई की गई। टीम ने बाजार समिति से सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल करने को लेकर 50 हजार रुपये का जुर्माना वसूला।

वहीं, मां कालिका स्टोर से 85 किलोग्राम सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त करते हुए 10700 रुपये का जुर्माना वसूला गया। इसके बाद टीम ने गणेश मार्केट स्थित प्रकाश रोप के प्रतिष्ठान से प्रतिबंधित डिस्पोजल ग्लास जब्त करते हुए पांच हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। इसी क्रम में आरबी ट्रेडर्स को नियम का उल्लंघन करते हुए पाया गया। टीम ने यहां से दो हजार रुपये का जुर्माना वसूला।

कार्रवाई के बाबत नगर प्रबंधक ने कहा कि अभियान का उद्देश्य सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल पर रोक के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण व स्वच्छता को बढ़ावा देना है। प्रतिबंधित प्लास्टिक का इस्तेमाल पर पूरी तरह से समाप्त करने को लेकर निगम की ओर से लगातार कार्रवाई की जाएगी।

मकर संक्रांति से पहले चतरा बना तिलकुट का हब

अब चतरा से हो रही तिलकुट की सप्लाई, हजारीबाग, रांची से राउरकेला तक है बाजार

चतरा, एजेंसी। मकर संक्रांति का पर्व नजदीक आते ही चतरा में तिलकुट उद्योग पूरे शबाब पर है। कभी तिलकुट के लिए दूसरे शहरों पर निर्भर रहने वाला चतरा अब खुद एक बड़ा आपूर्तिकर्ता बन चुका है। यहां तैयार तिलकुट की मांग न केवल जिले के सभी प्रखंडों में है। बल्कि झारखंड के कई जिलों के साथ-साथ ओडिशा और राउरकेला जैसे बड़े शहरों तक इसकी सप्लाई की जा रही है। यह बदलाव चतरा के पारंपरिक उद्योग के मजबूत होने और स्थानीय लोगों के आत्मनिर्भर बनने का संकेत है।

बाजारों में तिलकुट की महक, दिन-रात जुटे कारीगर

चतरा शहर के बाजारों में इन दिनों तिलकुट, गुड़-तिलवा और गजक की सोंधी खुशबू माहौल को पूरी तरह त्योहारमय बना रही है। मकर संक्रांति से पहले कारीगर दिन-रात तिलकुट बनाने में जुटे हुए हैं। दुकानों पर सजे ताजे तिलकुट लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। स्थानीय लोगों के साथ-साथ राहगीर भी रुककर खरीदारी कर रहे हैं। बाजार में रौनक बढ़ने से व्यापारियों के चेहरे भी खिले हुए हैं।

बाहर के बाजारों में भेजी जा रही खेप : तिलकुट

व्यवसायी सन्नी लाल बताते हैं कि चतरा के व्यापारिक इतिहास में बड़ा बदलाव आया है। उनके अनुसार, पहले तिलकुट बाहर से मंगाकर यहां बेचा जाता था, लेकिन अब चतरा में बना तिलकुट बाहर के बाजारों में भेजा जा रहा है। उनके यहां बने तिलकुट की मांग चतरा के हर प्रखंड के अलावा हजारीबाग, रांची, ओडिशा और राउरकेला तक है। त्योहार के मद्देनजर रोजाना बड़ी मात्रा में तिलकुट की खेप तैयार की जा रही है।

स्थानीय युवाओं को मिला रोजगार

इस उद्योग से स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर पैदा हुए हैं। कारीगर स्टेफन बताते हैं कि पहले मकर संक्रांति के मौसम में काम की तलाश में उन्हें रांची जैसे शहरों में जाना पड़ता था, लेकिन अब चतरा में ही पर्याप्त काम मिल रहा है। बाजार में चीनी, गुड़ और खोया से बने तिलकुट 240 से 300 रुपए प्रति किलो तक बिक रहे हैं। इसके साथ ही तिल-गुड़ के लड्डू, रेवड़ी, गजक और तिलवा की भी जमकर बिक्री हो रही है। स्वास्थ्य के प्रति बढ़ती जागरूकता के कारण गुड़ से बने उत्पादों की मांग इस बार ज्यादा है।

शराब तस्करी का नया तरीका

धर्म प्रचारक की गाड़ी से शराब की बड़ी खेप बरामद

एम्बुलेंस, दूध-तेल टैंकर से भी बरामद हो चुकी है शराब

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गयाजी। गया जिले के फतेहपुर और गुरपा थाना क्षेत्रों में पुलिस ने शराब तस्करी के खिलाफ संयुक्त रूप से बड़ी कार्रवाई करते हुए कुल 550 लीटर देसी शराब जब्त की है। अलग-अलग स्थानों पर की गई इस कार्रवाई ने तस्करों के बदलते तौर-तरीकों को उजागर कर दिया है, जहां धार्मिक पहचान और सामान्य उपयोग के वाहनों की आड़ में अवैध शराब की ढुलाई की जा रही थी।

फतेहपुर थाना क्षेत्र के ढिबर स्थित बरडीहा सड़क मोड़ के पास पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक स्कार्पियो वाहन को रोका। तलाशी के दौरान वाहन से करीब 450 लीटर देसी शराब बरामद की गई। पुलिस के अनुसार जब्त स्कार्पियो मध्यप्रदेश नंबर की है, जिसे तुरंत फतेहपुर थाना लाया गया। चौंकाने वाली बात यह रही कि वाहन पर धर्म प्रचारक से संबंधित पहचान अंकित थी, जिसका दुरुपयोग शराब तस्करी में किया जा रहा था।

पुलिस का कहना है कि तस्कर बाहरी राज्यों के वाहनों का सहारा लेकर बिहार में शराब की अवैध ढुलाई कर रहे हैं, ताकि जांच एजेंसियों को गुमराह किया जा सके। वाहन चालक और तस्कर मौके से फरार हो गए, जिनकी पहचान और गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा छापेमारी की जा रही है। इधर, गुरपा थाना क्षेत्र के बगबंदवा गांव के समीप ग्रामीणों की सतर्कता से एक बाइक पर लदी 100 लीटर देसी शराब जब्त की गई। ग्रामीणों के अनुसार, शराब तस्करों का एक समूह वहां से गुजर रहा था, तभी एक बाइक सवार तस्कर की टक्कर एक व्यक्ति से हो गई। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने तस्कर को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले वह फरार हो गया। हालांकि ग्रामीणों ने बाइक और शराब को जब्त कर पुलिस के हवाले कर दिया।

ग्रामीणों का कहना है कि शराब तस्कर अब नए-नए हथकंडे अपना रहे हैं। वे धर्म प्रचारक लिखे वाहन, एंबुलेंस, तेल और दूध टैंकर, यहां तक कि पुलिस लिखे वाहनों का भी इस्तेमाल कर शराब ढो रहे हैं। इससे न केवल कानून-व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं, बल्कि आम लोगों की भावनाओं से भी खिलवाड़ किया जा रहा है।

फतेहपुर थाना अध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि शराब तस्करों के खिलाफ लगातार और सख्त कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस तस्करी के बदलते तौर-तरीकों को समझते हुए उसी अनुरूप रणनीति तैयार कर रही है। जल्द ही फरार तस्करों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी।

पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में शराब तस्करों के बीच हड़कंप मचा हुआ है। प्रशासन ने आम लोगों से भी अपील की है कि यदि कहीं अवैध शराब की गतिविधि दिखे तो तत्काल पुलिस को सूचना दें, ताकि तस्करी पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

तकनीकी खामियां हुईं दूर, शुरू हुई मेट्रो सेवा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। तकनीकी कारणों से पिछले 24 घंटे से बंद पटना मेट्रो की सेवाएं पुनः बहाल हो गई हैं। दूसरे दिन गुरुवार दोपहर 3:30 बजे से शुरू हुई। 76 दिनों बाद तकनीकी कारणों से बुधवार को पटना मेट्रो का संचालन ठप हो गया था।

पटना मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड ने सूचना जारी कर बताया था कि अप्रत्याशित तकनीकी खराबी के चलते बुधवार को मेट्रो ट्रेन सेवाएं उपलब्ध नहीं कराई जा सकीं। गुरुवार को भी यही स्थिति बनी रही। दोपहर 3:30 बजे से तकनीकी खराबी को दूर करने के बाद मेट्रो का संचालन शुरू हुआ।

उल्लेखनीय है कि पटना मेट्रो के प्राथमिकता कॉरिडोर का उद्घाटन छह अक्टूबर को मुख्यमंत्री ने किया था, जबकि सात अक्टूबर से आम यात्रियों के लिए संचालन शुरू हुआ था।

हत्या से गुस्साये लोगों ने किया सड़क जाम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

दरभंगा। सदर थाना क्षेत्र के भुसकौल वार्ड चार निवासी परमेश्वर राम के पुत्र रामसेवक राम (50) की वैशाली जिले के अख्तियारपुर टोल प्लाजा के समीप एक रेस्टोरेंट में हत्या कर दी गई। इससे आक्रोशित स्वजन एवं ग्रामीणों ने शव के साथ दरभंगा-मुजफ्फरपुर फोरलेन को बसैला मोड़ के पास जाम कर दिया। इसके बाद फोरलेन पर आगजनी कर न्याय की मांग करने लगे। रामसेवक रेस्टोरेंट में कारीगर का काम करता था।

स्वजन ने आरोप लगाया कि रेस्टोरेंट मालिक ने रामसेवक की हत्या के बाद पोस्टमार्टम कराकर सूचना दी। जब हमलोग होटल प्रबंधक से सवाल और पोस्टमार्टम प्रक्रिया से संबंधित कागजात की मांग करने पर शव को जल्द यहां से घर लेकर जाने को कहा गया। होटल प्रबंधक की जल्दबाजी देखकर स्वजन को दिमाग में हत्या किए जाने की बात आई। जब शव के बारे में पूछा गया तो बताया कि रेलवे ट्रैक पर शव पड़ा था। इस संबंध में पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है।

हमलोग शव को लेकर पिछले दो दिनों से वैशाली प्रशासन से न्याय की गुहार लगाते रहे। किंतु इस ओर कोई पहल नहीं देखे जाने के बाद हमलोग को मजबूर होकर फोरलेन को जाम करना पड़ा। उधर ढाई घंटे तक दरभंगा मुजफ्फरपुर फोरलेन को जाम रखे जाने की वजह से सड़क पर राहगीरों में अफरा तफरी मच गई। फोरलेन के दोनों ओर से वाहनों की लंबी कतार खड़ी हो गई। इससे यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गई। फोरलेन से आने व जाने वाले राहगीर परेशान रहे। करीब ढाई घंटे बाद सदर थाने की पुलिस ने ग्रामीणों को समझाकर जाम खत्म कराया। सदर थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि पुलिस के समझाने पर लोग मान गए और शव लेकर घर चले गए।

आवास योजना के 77,251 आवेदन पाये गये सही

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

लखीसराय। बेघर, कच्चे एवं फूस के मकानों में रहने वाले परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान उपलब्ध कराने को लेकर सरकार द्वारा कराए गए सर्वे का परिणाम सामने आ गया है। जिले में 10 जनवरी 2025 से 31 मार्च 2025 तक चले सर्वे में कुल 77,251 परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ पाने के लिए पात्र पाए गए हैं।

सर्वे में चयनित परिवारों को आवास आवंटन से पूर्व तीन स्तरों पर सत्यापन प्रक्रिया से गुजरना होगा। प्रथम चरण में ग्रामीण आवास सहायक द्वारा, द्वितीय चरण में प्रखंड स्तर पर गठित टीम द्वारा तथा तृतीय चरण में जिला स्तर पर गठित टीम के माध्यम से सत्यापन किया जाएगा।

तीनों स्तरों पर योग्य पाए जाने वाले परिवारों को ही प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जाएगा। प्रथम चरण के सत्यापन का कार्य 20 दिसंबर 2025 से शुरू कर दिया गया है, जो 15 जनवरी 2026 तक चलेगा।

पीड़िता की मां के मुकरने के बाद भी जज ने सुनाया कड़ा फैसला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बक्सर। जिले के इटाढ़ी थाना क्षेत्र में सामूहिक दुष्कर्म की दो साल पुरानी घटना में विशेष पॉक्सो न्यायालय का फैसला कई सबक देने वाला है। किशोर उम्र के बच्चे-बच्चियां कम उम्र में भटक रहे हैं, इसका भी यह मामला सटीक उदाहरण है। न्यायालय ने इस मामले में पांच को उम्रकैद की सजा सुनाई है, साथ ही पीड़िता को 15 लाख रुपए मुआवजा देने का आदेश दिया है। दिलचस्प यह है कि इस मामले का मुख्य आरोपित भी नाबालिग ही था, जिसका मामला अभी किशोर न्याय परिषद के अंतर्गत है।

इस मामले की सुनवाई के दौरान कई विचित्र पहलू सामने आए। इस मामले में पीड़िता की मां के बयान पर थाने में प्राथमिकी कराई गई थी, लेकिन जब सुनवाई शुरू हुई तो मामले की सूचक यानी पीड़िता की मां ने अपना बयान बदल दिया। पॉक्सो कोर्ट के विशेष लोक अभियोजक सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि मामले के मुख्य आरोपित नाबालिग लड़के ने शादी का झांसा देकर 15 वर्षीय पीड़िता को फंसाया।

उसने पहले खुद बलात्कार किया, फिर पीड़िता को अन्य आरोपितों के हवाले कर दिया। नाबालिग का मामला किशोर न्याय परिषद को भेजा गया, जबकि बाकी पांच वयस्कों पर विशेष पॉक्सो अदालत में मुकदमा चला।

सुनवाई के दौरान पीड़िता और उसकी मां ने अचानक पलटी मारी। दोनों ने कुछ आरोपितों को निर्दोष बताया और 'समझौता' करने की बात कही। इससे न्यायालय को परिवार के भारी दबाव में होने की आशंका हुई। हालांकि अदालत ने इस पर भरोसा नहीं किया और पीड़िता के शुरूआती बयान, चिकित्सीय साक्ष्य तथा अन्य 10 गवाहों के बयानों को आधार बनाकर दोष सिद्ध किया।

चिकित्सीय जांच में पीड़िता की उम्र 16-17 वर्ष के बीच पाई गई। इसके आधार पर पॉक्सो अधिनियम की गंभीर धाराओं को लागू किया गया। पीड़िता को आरोपित शिव बिलास राम के किराए के कमरे से बरामद किया गया था, जहां तीन दिनों तक उसे बंधक रखा गया था।

इस मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से पीड़िता, उसकी मां, दो महिला पड़ोसी, एक महिला सहित तीन डॉक्टर, केस के दो अलग-अलग अनुसंधान अधिकारी और विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक का बयान दर्ज कराया गया था।

दूसरी तरफ पीड़िता, नाबालिग आरोपित और शिव विलास राम के कपड़े, एफएसएल की रिपोर्ट और पीड़िता की मेडिकल रिपोर्ट को साक्ष्य के रूप में कोर्ट में रखा गया। आरोपितों के मोबाइल काल की डिटेल को भी इसमें शामिल किया गया। इस मामले में कई तरह की खामियां सामने आई थीं। पीड़िता की चिकित्सकीय जांच समय पर नहीं कराई जा सकी थी। इस बारे में पीड़िता ने दावा किया था कि पुलिस की एक महिला कर्मी ने उसे चिकित्सकीय जांच के दौरान शरीर को होने वाले नुकसान के बारे में बताया था, इसीलिए उसने जांच नहीं कराई।

पुलिस ने वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

शेरघाटी। थाना पुलिस ने थानाक्षेत्र के अलग-अलग इलाकों में छापेमारी कर लंबे समय से फरार चल रहे दो वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई। गिरफ्तारी से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस की सक्रियता एक बार फिर सामने आई है।

थानाध्यक्ष मोहन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान सूरज गुप्ता, निवासी घुज्जी, तथा सुरेश चौधरी, निवासी मोलबीगंज के रूप में की गई है। दोनों आरोपी न्यायालय द्वारा जारी वारंट के बावजूद लगातार फरार चल रहे थे। पुलिस को इनके ठिकानों की गुप्त सूचना मिलने के बाद अलग-अलग टीमों का गठन कर छापेमारी की गई, जिसके बाद दोनों को सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर लिया गया।

थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपियों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि फरार वारंटियों के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा और किसी भी सूरत में कानून से भागने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

दी गई उन्नत खेती की जानकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

डोभी (गया)। प्रखंड क्षेत्र में आयोजित कृषि जागरूकता कार्यक्रम के दौरान किसानों को खेत की उर्वरा शक्ति बढ़ाने एवं फसल उत्पादन में वृद्धि को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कृषि विशेषज्ञों ने बताया कि जिन खेतों की उर्वरा शक्ति कमजोर है, वहां ढैंचा की खेती अवश्य करनी चाहिए, जिससे मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार होता है।

खर-पतवार नियंत्रण को लेकर किसानों को सलाह दी गई कि आवश्यकता अनुसार दवा का प्रयोग करें या फिर निराई-गुड़ाई अपनाएं। दवा का छिड़काव खेत में नमी रहने पर ही करने की बात कही गई, तभी इसका प्रभाव सही ढंग से होता है। विशेषज्ञों ने यह भी बताया कि यदि खेत में पीलापन आ जाए तो समझना चाहिए कि दवा की मात्रा अधिक हो गई है। बाजार में खर-पतवार नियंत्रण के लिए ह्यटोटलह्न नामक दवा प्रमुख रूप से उपलब्ध है। कार्यक्रम में दलहन फसलों की खेती पर विशेष जोर दिया गया। किसानों को बताया गया कि दलहन फसलों में एपीके उर्वरक का प्रयोग करने से उपज में बढ़ोतरी होती है।

बैंक से पैसे निकालकर जा रहे पैक्स अध्यक्ष से चार लाख की छिनतई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरपुर। थाना क्षेत्र के मुरौल प्रखंड अंतर्गत ढोली बाजार में बुधवार दोपहर अपराधियों ने दुस्साहसिक वारदात को अंजाम देते हुए मीरापुर के पैक्स अध्यक्ष सोनू कुमार से चार लाख रुपये से भरा बैग छीन लिया। यह घटना ढोली बाजार स्थित बैंक ऑफ इंडिया से महज दो सौ मीटर की दूरी पर घटी, जिससे इलाके में दहशत का माहौल कायम हो गया है।

प्रत्यक्षदर्शियों और पीड़ित के अनुसार, पैक्स अध्यक्ष सोनू कुमार ढोली बाजार स्थित बैंक से चार लाख रुपये की निकासी कर बाहर निकले थे। इसके बाद वे मीरापुर जाने के लिए निकले और रास्ते में एक फल की दुकान पर कुछ सामान खरीदने के लिए रुके।

इसी दौरान पल्सर मोटरसाइकिल पर सवार दो नकाबपोश अपराधी वहां पहुंचे। बदमाशों ने बड़ी फुर्ती से सोनू कुमार की मोटरसाइकिल के हैंडल में टंगे रुपये से भरे झोले को झपट लिया और तेज रफ्तार में फरार हो गए।

पूरी घटना कुछ ही पलों में घटित हो गई, जिससे आसपास मौजूद लोग कुछ समझ पाते, उससे पहले ही अपराधी ओझल हो चुके थे। घटना की सूचना मिलते ही सकरा थाना पुलिस हरकत में आ गई।

मौके पर पहुंचे डीएसपी पूर्वी मनोज कुमार सिंह ने पीड़ित पैक्स अध्यक्ष को साथ लेकर बैंक पहुंचकर पूरे मामले की छानबीन शुरू कर दी। पुलिस ने बैंक परिसर और आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। इसके साथ ही अपराधियों के भागने की दिशा में लगे कैमरों की भी जांच की जा रही है, ताकि उनकी पहचान सुनिश्चित की जा सके।डीएसपी मनोज कुमार सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला रेकी कर लूट की वारदात को अंजाम देने का प्रतीत होता है। अपराधियों को इस बात की पूरी जानकारी थी कि पैक्स अध्यक्ष बैंक से मोटी रकम निकालने वाले हैं। पुलिस सभी बिंदुओं पर गंभीरता से जांच कर रही है और जल्द ही अपराधियों की गिरफ्तारी का दावा भी किया जा रहा है।

गौरतलब है कि अभी दो दिन पूर्व ही बरियारपुर थाना क्षेत्र के मड़वन गांव में सीएसपी संचालक से हथियार के बल पर दो लाख पच्चीस हजार रुपये की लूट की घटना सामने आई थी। उस मामले की जांच अभी पूरी भी नहीं हो पाई थी कि अपराधियों ने सकरा थाना क्षेत्र में दूसरी बड़ी वारदात को अंजाम देकर पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

लगातार हो रही लूट की घटनाओं से स्थानीय व्यापारियों, पैक्स प्रतिनिधियों और आम लोगों में भय व्याप्त है। लोगों का कहना है कि बैंक से रुपये निकालने के बाद कोई भी सुरक्षित महसूस नहीं कर रहा है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से गश्त बढ़ाने और अपराधियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है और संदिग्धों की पहचान के प्रयास तेज कर दिए गए हैं।

बछड़ा का सिर मिलने पर विहिप ने जताया रोष

क्षेत्र में सनसनी, पुलिस ने विधिवत दफनाया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गम्हरिया। गम्हरिया प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर स्थित जंगल में गुरुवार को गाय के बछड़े का कटा हुआ सिर मिलने से सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में तनाव का माहौल बन गया।

इसकी जानकारी मिलते ही विहिप जिलाध्यक्ष जेएन दास कार्यकताओं के साथ मौके पर पहुंचे और घटना पर कड़ा आक्रोश व्यक्त किया। उन्होंने इसे धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने वाली घटना बताते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की

मामले की गंभीरता को देखते हुए गम्हरिया के अंचलाधिकारी प्रवीण कुमार तथा आदित्यपुर थाना प्रभारी विनोद तिर्की पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। तत्पश्चात, प्रशासन की मौजूदगी में बछड़े के कटे सिर को विधिवत रूप से जमीन में दफन कराया गया।

इस मामले में पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करते हुए आसपास के क्षेत्रों में जांच शुरू कर दिया है।

प्रशासन ने लोगों को आश्वस्त किया कि मामले की गहन जांच कर दोषियों की पहचान की जाएगी और उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

उक्त घटना के बाद प्रशासन सतर्क है और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए निगरानी बढ़ा दिया है। फिलहाल स्थिति शांतिपूर्ण है।

खेल के माध्यम से हम अपना शरीर स्वस्थ बनाए रख सकते हैं :प्रभाकर

उद्घाटन मैच में वजीरगंज ने टिपौ को पांच विकेट से हराया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

वजीरगंज। वजीरगंज के तरवां केदारनाथ उच्च विद्यालय खेल मैदान में गुरूवार को सर्वोदय क्रीड़ा परिषद द्वारा आयोजित नॉक आउट टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच इलेवन स्टार वजीरगंज एवं फैशन इलेवन टिपौ टीम के बीच खेला गया है। टिपौ की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। जिसके बाद कुल 16 ओवर में 8 विकेट खोकर 199 रन का लक्ष्य दिया। टीम के खिलाड़ी प्रहलाद ने मात्र 44 गेंद में 101 रन का योगदान अपनी टीम को दिया। जिसके जबाब में उतरी इलेवन स्टार वजीरगंज की टीम ने मात्र 14 ओवर 1 गेंद में 05 विकेट खोकर 202 रन बनाकर मैच को जीत लिया। इसके साथ हीं टिपौ की टीम टूर्नामेंट से बाहर हो गई है। वजीरगंज की टीम के ऑलराउण्डर खिलाड़ी राहुल फिंगर ने दमदार पारी खेलते हुए 21 गेंदों में 9 छक्का मारकर 58 रन बनाये तथा मैन ऑफ द मैच का खिताब हासिल किया है। परिषद अध्यक्ष रामाशंकर यादव ने बताया कि 28 तारीख को पवई और हेमजा की टीम खेलेगी। टूनार्मेंट में 16 टीमों ने भाग लिया है, जिसमें कुल 15 मैच खेले जाएंगे तथा जो टीम 3 तीन मैच जीत लेगी वह फाईनल में चली जाएगी। टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने मुखिया जिलाध्यक्ष राजीव रंजन उर्फ डब्लू यादव, जिप सदस्या डॉ0 पिंकी कुमारी, भाजपा नेता संतोष सिंह, प्रमुख फुलवा देवी, थानाध्यक्ष नीरज कुमार, परिषद के निमार्ता बालकृष्ण प्रसाद सहित अन्य लोग पहुंचे। मुख्यअतिति बीडीओ प्रभाकर सिंह ने कहा कि खेल ही एक ऐसा माध्यम है, जिसके सहारे आप अपना जीवन स्वस्थ और सौहार्द वातावरण में सुखमय बना सकते हैं। इस मौके पर परिषद सदस्य अजीत यादव, मन्टू यादव, संदीप कुमार, विजय भारती, नितीश कुमार, मदन साव सहित अन्य ने सक्रिय भूमिका निभाई है।

बिना जीएसटी और बिल के बिक रहे कपड़े व कॉस्मेटिक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गया। केंद्र और बिहार सरकार जहां व्यापार और उपभोक्ताओं को विभिन्न स्तर पर सुविधाएं उपलब्ध कराने का दावा कर रही हैं, वहीं गया शहर में नियमों की खुलेआम अनदेखी सामने आ रही है। शहर के गया मार्केट स्थित ब्लॉक ए क्षेत्र में राज श्री सहित कई दुकानों पर बिना जीएसटी और बिना बिल के कपड़ों की आड़ में कॉस्मेटिक सामान बेचे जाने का मामला सामने आया है। स्थानीय लोगों और खरीदारों का आरोप है कि इन दुकानों पर न तो जीएसटी बिल दिया जाता है और न ही कॉस्मेटिक उत्पादों से संबंधित किसी प्रकार की जानकारी उपलब्ध कराई जाती है।

महिलाओं का कहना है कि कपड़ों की खरीदारी के दौरान कॉस्मेटिक सामान भी बेचा जा रहा है, लेकिन बिल नहीं मिलने के कारण बाद में किसी प्रकार की शिकायत या अदला-बदली में परेशानी होती है। बताया जाता है कि इस संबंध में पहले भी कई बार समाचार प्रकाशित किए गए।

बावजूद इसके जिला प्रशासन और वाणिज्य कर विभाग की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। अधिकारियों की उदासीनता के कारण नियमों का उल्लंघन लगातार जारी है, जिससे खासकर महिलाओं को खरीदारी में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

शहर के उपभोक्ताओं ने मांग की है कि गया मार्केट के ब्लॉक ए सहित अन्य व्यावसायिक क्षेत्रों में नियमित जांच अभियान चलाया जाए और बिना जीएसटी तथा बिना बिल के सामान बेचने वाली दुकानों पर कार्रवाई की जाए। साथ ही कॉस्मेटिक जैसे संवेदनशील उत्पादों की गुणवत्ता और वैधता की भी जांच की जाए, ताकि उपभोक्ताओं को सुरक्षित और पारदर्शी खरीदारी का अधिकार मिल सके।

किसान संगोष्ठी में जैविक खेती के बारे में दी गयी जानकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

शेरघाटी। प्रखंड कृषि कार्यालय परिसर में गुरुवार को किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत किसानों को जैविक खेती के महत्व और लाभों की विस्तृत जानकारी देकर की गई। संगोष्ठी का उद्देश्य किसानों को रासायनिक खेती के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए जैविक और प्राकृतिक खेती की ओर प्रेरित करना रहा।

इस अवसर पर उपस्थित कृषि पदाधिकारी अंबुज कुमार ने किसानों को संबोधित करते हुए बताया कि जैविक खेती न केवल मिट्टी की उर्वरता को लंबे समय तक बनाए रखती है, बल्कि इससे उत्पादित फसलें स्वास्थ्य के लिए भी अधिक लाभकारी होती हैं। उन्होंने कहा कि रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक प्रयोग से भूमि की गुणवत्ता लगातार गिर रही है, जिसका सीधा असर उत्पादन और पर्यावरण पर पड़ रहा है। इसके विपरीत जैविक खाद, वर्मी कम्पोस्ट, गोबर खाद और जैविक कीटनाशकों के उपयोग से मिट्टी की सेहत में सुधार होता है।

कृषि पदाधिकारी ने किसानों को जैविक खेती से जुड़ी विभिन्न सरकारी योजनाओं, अनुदान और प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी भी दी। उन्होंने बताया कि सरकार जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को तकनीकी सहयोग के साथ-साथ आर्थिक सहायता भी उपलब्ध करा रही है। संगोष्ठी के दौरान किसानों ने अपनी समस्याएं और अनुभव साझा किए, जिनका समाधान कृषि कर्मियों द्वारा मौके पर ही किया गया।

कार्यक्रम में सैकड़ों किसानों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। किसानों ने इस तरह के आयोजनों को ज्ञानवर्धक बताते हुए कहा कि इससे उन्हें नई तकनीकों को अपनाने में मदद मिलती है। अंत में कृषि विभाग द्वारा किसानों से अपील की गई कि वे जैविक खेती को अपनाकर न केवल अपनी आय बढ़ाएं, बल्कि स्वस्थ समाज और पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान दें।

अटल बिहारी का जीवन राष्ट्रहित, लोकतांत्रिक मर्यादाओं और वैचारिक दृढ़ता का संगम : संजय सरावगी

पूर्व पीएम के जीवन वृत पर आधारित भाजपा कार्यालय में लगाई गई प्रदर्शनी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101 वीं जयंती पर बिहार के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। पटना स्थित पाटलिपुत्र पार्क में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर सादर नमन किया। इस अवसर पर आयोजित राजकीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा सहित वरिष्ठ नेता भी सम्मिलित हुए। इस मौके पर सांसद रविशंकर प्रसाद और

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव भी शामिल हुए। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा, 'पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। उनका जीवन राष्ट्रभक्ति, दूरदर्शिता और जनता के प्रति समर्पण का प्रतीक है। उनके कार्यों और विचारों ने देश को एक मजबूत और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनने की दिशा दी। उन्होंने जो नींव रखी, उसी पर आज देश आगे बढ़ रहा है। चाहे परमाणु शक्ति का विषय हो, भाषा और संस्कृति का विकास हो या देश की राजनीतिक स्थिरता, वह हर क्षेत्र में मिसाल रहे। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में उनके जीवन-वृत्त पर आधारित एक भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का शुभारंभ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी के साथ उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा ने किया। इस प्रदर्शनी को बड़ी संख्या में भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं के अलावा आम लोगों ने भी देखा और पूर्व प्रधानमंत्री के जीवन को समझने की कोशिश की। बिहार भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा, अटल जी के विचार, व्यक्तित्व और राष्ट्रसेवा के आदर्शों को स्मरण करते हुए उन्हें भावपूर्ण नमन किया गया। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी की दूरदर्शिता और राष्ट्रभक्ति आज भी सभी के लिए प्रेरणा है। उन्होंने सिर्फ राजनीतिक दृष्टिकोण से ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और भाषाई दृष्टि से भी देश को समृद्ध किया। उन्होंने मैथिली भाषा को संवैधानिक मान्यता दिलाई और उसे संविधान की अष्टम अनुसूची में शामिल करवाया। इस प्रदर्शनी के शुरू होने के पहले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी सहित प्रदेश के पदाधिकारियों, मंच, मोर्चा और प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उन्हें नमन करते हुए उनके व्यक्तित्वों की चर्चा की।

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को डॉ. संतोष सुमन ने दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (सेक्युलर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार सरकार के मंत्री डॉ. संतोष कुमार सुमन ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी को उनकी जयंती पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ. संतोष सुमन ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि विचार, विवेक और संवेदना से परिपूर्ण राष्ट्रपुरुष थे। उन्होंने भारतीय राजनीति को शालीनता, संवाद और लोकतांत्रिक मूल्यों की नई ऊँचाई दी। मतभेदों के बावजूद विपक्ष का सम्मान करना और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखना, उनकी राजनीति की सबसे बड़ी पहचान रही। उन्होंने कहा कि पोखरण परमाणु परीक्षण, स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना, ग्राम सड़क योजना और विदेश नीति में संतुलन जैसे ऐतिहासिक निर्णयों के माध्यम से अटल जी ने भारत को आत्मविश्वास और वैश्विक पहचान दिलाई। डॉ. संतोष सुमन ने कहा, ह्लअटल बिहारी वाजपेयी जी का जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके विचार, उनकी कविता और उनका राष्ट्रप्रेम सदैव हमें मार्गदर्शन देता रहेगा।

बॉडीबिल्डिंग में मिस्टर बिहार बने पटना के बबलू

पटना (नबिटा ब्यूरो)। सारण के खेल भवन प्रेक्षा गृह में सोलहवीं सीनियर मिस्टर बिहार बॉडीबिल्डिंग एवं मेंस फिजिक पुरुष एवम महिला चैंपियनशिप का विधिवत उद्घाटन विधानसभा सचेतक एवं बरेली विधानसभा के विधायक मंजीत कुमार सिंह ने किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन न्यू बिहार बॉडीबिल्डिंग एवं फिटनेस एसोसिएशन के तत्वधान में सारण जिला के द्वारा आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान 55 किलो वर्ग में सुजीत कुमार, 60 किलो वर्ग में चंदन कुमार, 65 किलो वर्ग में निखिल कुमार, 70 किलो वर्ग में बबलू कुमार, 75 किलो वर्ग में प्रकाश कुमार, 80 किलो वर्ग में शुभांशु भट्टाचार्य, 85 किलो वर्ग में अजय कुमार यादव, एवं 90 किलो वर्ग में टुन्नू सिंह, एवं मास्टर में मिस्टर रोहित कुमार सिंह ने प्राप्त किया। मिस रिंकी ने महिलाओं के बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा फिजिक्स चैंपियनशिप में मिस रिंकी कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मेंस फिजिक्स 165 में प्रथम स्थान अंकुर राजवीर एवं 165 किग्रा में रियाज शेख हुए। मिस्टर बिहार की उपाधि बबलू कुमार ने प्राप्त किया। इनको पुरस्कार स्वरूप रॉयल एनफील्ड प्रदान किया गया। विधायक मंजीत कुमार सिंह के द्वारा यह आश्वासन दिया गया कि इस खेल विद्या को बिहार सरकार के खेल सूची में सम्मिलित करने हेतु प्रयास करेंगे। संरक्षक पूर्व विधान पार्षद वर्तमान बिहार धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष डॉक्टर रणवीर नंदन ने जीतने वाले खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

अडाणी फाउंडेशन ने किया 400 कम्बल का वितरण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

भागलपुर। जिले के पीरपैंती प्रखंड के हरिण कोल पंचायत के पहाड़िया टोला गांव में गुरुवार को अडानी फाउंडेशन की ओर से जरूरतमंद ग्रामीणों के बीच चार सौ से अधिक कंबलों का वितरण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित पीरपैंती क्षेत्र के विधायक मुरारी पासवान ने कंबल वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया और अपने संबोधन में कहा कि अदाणी फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्य ग्रामीण क्षेत्रों में जरूरतमंद लोगों के लिए बड़ी राहत साबित हो रहे हैं। उन्होंने पहाड़िया टोला गांव में अदाणी फाउंडेशन की ओर से लगाए गए छह सोलर स्ट्रीट लाइट और 30 फीट ऊंची सोलर हाई मास्ट लाइट का फीता काटकर उद्घाटन भी किया, जिससे गांव में रात्रि के

समय रोशनी की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित होगी। उल्लेखनीय है कि पीरपैंती क्षेत्र में अदाणी पावर द्वारा 2400 मेगावाट क्षमता वाली विधुत प्लांट के निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इसके साथ ही कंपनी सीएसआर के तहत अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों का लगातार निर्वहन कर रही है और स्थानीय समुदाय के समग्र विकास के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है। कार्यक्रम में अदाणी फाउंडेशन और अदाणी पावर के अधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा हरिण कोल पंचायत के मुखिया दीपक सिंह, सरपंच बरुण गोस्वामी, बीस सूत्री कार्यक्रम समिति के प्रखंड अध्यक्ष हरेराम शर्मा, वार्ड सदस्य रिजू पहाड़िया, विनोद यादव सहित कई गणमान्य लोग भी मौजूद थे।

सांसद खेल महोत्सव का समापन, खिलाड़ियों को दी गई बधाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। आज पूर्व प्रधानमंत्री, 'भारत रत्न' श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती एवं सुशासन दिवस के शुभ अवसर पर पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र के कंकड़बाग पाटलिपुत्र खेल परिसर में आयोजित सांसद खेल महोत्सव के समापन समारोह को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया। समापन कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ नेतागण, पार्टी के पदाधिकारियों एवं खेल प्रेमियों के साथ वर्चुअल माध्यम से यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी के प्रेरणादायी संबोधन को सुनने का अवसर प्राप्त हुआ। प्रधानमंत्री का आज सांसद खेल महोत्सव में संबोधन हर खिलाड़ी और युवा को प्रेरित करने वाला रहा। सांसद खेल महोत्सव एक व्यापक और सार्थक आयोजन है, जिसमें करोड़ों खिलाड़ियों को नए-नए अवसर मिले और युवाओं को अपनी खेल प्रतिभा प्रदर्शित करने का सशक्त मंच मिला। इस अवसर पर बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री संजय सरावगी जी, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, कुम्हरार विधायक संजय गुप्ता, पटना साहिब विधायक रत्नेश कुमार जी, महापौर सीता साहू, उपमहापौर रेशमी चंद्रवंशी सहित पार्टी के सभी पदाधिकारीगण एवं जिलाध्यक्षगण व मंडलाध्यक्षों का हार्दिक आभार, जिन्होंने उपस्थित होकर हमारे युवा खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया और उनके प्रयासों की सराहना की। सांसद खेल महोत्सव के समापन समारोह में मुख्य अतिथियों एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश का मान व सम्मान बढ़ाने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित कर कार्यक्रम का शुरुआत किया गया। पुरस्कार वितरण सह समापन समारोह में हजारों की संख्या में शामिल प्रतिभागियों में विजेता, उपविजेता सहित अन्य को प्रमाण पत्र, मोमेंटो मेडल देकर मुख्य अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर सांसद खेल महोत्सव के आयोजक श्री प्रसाद ने संबोधित करते हुए कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की दूरगामी सोच कर का परिणाम है की पूरे देश में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है जिसका मुख्य उद्देश्य है स्थानीय प्रतिभावान खिलाड़ियों को नए-नए अवसर प्रदान करना और उनके खेल को प्रोत्साहित करना। सांसद खेल महोत्सव में शहर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र-छात्राओं ने भी बहुत ही शानदार खेल का प्रदर्शन किया। ग्रामीण क्षेत्रों के लड़किया कबड्डी में बहुत ही शानदार खेल का प्रदर्शन कर सभी को प्रभावित किया। कबड्डी, फुटबॉल, ताक्यवंडो, योगा, बास्केटबॉल का मुख्य रूप से प्रतियोगिता हुआ। इस मौके पर श्री प्रसाद ने बच्चों से आग्रह करते हुए कहा की खूब खेलो, बड़े सपने देखो और सफल होकर देश, प्रदेश का नाम गौरवान्वित करो। ऐसी मेरी शुभकामनाएं है। प्रतियोगिता में पटना के अनेक स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और उत्साह के साथ खेल का आनंद लिया। छोटे-छोटे बच्चों को भी ताक्यवंडो प्रतियोगिता में भाग लेते देख बहुत सुखद अनुभूति प्राप्त हुई। मैच के रेफरी, कोच टीम मैनेजर को भी मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। सांसद खेल महोत्सव में जीते हुए प्रतिभागी फुटबॉल बॉयज में शुक्ला फुटबॉल एकेडमी प्रथम स्थान व दूसरे स्थान में PSFA टीम रही वही फुटबॉल गर्ल्स में प्रथम स्थान अखंड ज्योति टीम रही एवं द्वितीय स्थान पर शुक्ला फुटबॉल एकेडमी रही। कबड्डी बॉयज में प्रथम स्थान पाटलिपुत्र कॉम्प्लेक्स व द्वितीय स्थान देव कबड्डी एकेडमी रही वही गर्ल्स कबड्डी में प्रथम स्थान बख्तियारपुर तथा द्वितीय स्थान देव कबड्डी रही। योगा अंडर 19 गर्ल्स में कुमारी सुप्रिया को प्रथम, लिली कुमारी को द्वितीय तथा रिया सिंह को तृतीय स्थान मिला। वही बॉयज टीम में नीतीश कुमार को प्रथम, धनंजय कुमार को द्वितीय तथा गणेश कुमार को तृतीय स्थान मिला।

वीर बाल दिवस आज, राष्ट्रपति देंगी प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार

18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 20 बच्चों का चयन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय 26 दिसंबर 2025 को राष्ट्रीय स्तर पर वीर बाल दिवस मनाएगा। इस अवसर पर देश के युवा वीरों के साहस, बलिदान और अनुकरणीय मूल्यों का स्मरण किया जाएगा। इसी दिन विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धियां हासिल करने वाले बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार बच्चों को दिया जाने वाला देश का प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मान है। यह पुरस्कार वीरता, कला एवं संस्कृति, पर्यावरण, सामाजिक सेवा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी और खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रदान किया जाता है। वर्ष 2025 में 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से 20 बच्चों का चयन इस सम्मान के लिए किया गया है। यह पुरस्कार 26 दिसंबर 2025 को सुबह 10 बजे विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित विशेष समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा प्रदान किया जाएगा। वीर बाल दिवस 2025 का राष्ट्रीय स्तर का मुख्य कार्यक्रम 26 दिसंबर को भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी उपस्थित रहेंगे और बच्चों तथा युवाओं को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका, साहस, दृढ़ता और निस्वार्थ सेवा की प्रेरक कहानियों को प्रस्तुत किया जाएगा। यह आयोजन विकसित भारत 2047 के लक्ष्य के अनुरूप सशक्त और जिम्मेदार नागरिकों के निर्माण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाएगा। कार्यक्रम में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी स्वागत भाषण देंगी। इस राष्ट्रीय आयोजन में देशभर से स्कूली बच्चे, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्राप्तकर्ता और अन्य गणमान्य लोग भाग लेंगे। समारोह के दौरान भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और वीरता की भावना को दर्शाने वाली सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी होंगी। वीर बाल दिवस 2025 का यह राष्ट्रीय कार्यक्रम 26 दिसंबर को दोपहर 12:30 बजे से एनआईसी वेबकास्ट, डीडी न्यूज और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के यूट्यूब चैनल पर सीधा प्रसारित किया जाएगा, जिससे देशभर के लोग इसमें सहभागिता कर सकेंगे।

वीडियो-एल्बम 'तनहाई' तथा नाट्य-पुस्तक- 'रंगरूपा कोशा' का लोकार्पण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। नाटककार जाने-माने कवि/गीतकार मधुरेश नारायण के वीडियो एल्बम 'तनहाई' तथा वरिष्ठ लेखक और डॉ किशोर सिन्हा की नाट्य-पुस्तक- 'रंगरूपा कोशा' का लोकार्पण-सह-कवि सम्मेलन, ए एन कॉलेज, पटना में फिल्म और संस्कृति को समर्पित संस्था 'मुग्धाभि सिने प्रोडक्शन' (ट) के तत्वावधान में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री भगवती प्रसाद द्विवेदी ने की और मुख्य अतिथि के तौर पर वरिष्ठ लेखक / नाटककार डॉ नरेन्द्रनाथ पांडेय ने शिरकत की। इनके अतिरिक्त डॉ किरण घई, पूर्व सदस्य, बिहार विधान परिषद, शिक्षाविद् अनीता राकेश, बी के जैन, अन्तर्राष्ट्रीय छायाकार, प्रो. डॉ नरेन्द्र कुमार, प्राध्यापक, अंग्रेज़ी विभाग, 'रंगरूपा कोशा' नाटक के लेखक डॉ किशोर सिन्हा और वीडियो एल्बम 'तनहाई' के गीतकार-गायक मधुरेश नारायण सहित अनेक गणमान्य साहित्यकारों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन संगीत और संस्कृत की विदुषी नम्रता कुमारी ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. नरेन्द्र नाथ पांडेय, लेखक/नाट्यकार ने संगीत वीडियो पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मैं मधुरेश नारायण को नाट्य-संस्था के अध्यक्ष के रूप में जानता था। आज इस वीडियो को देखकर लगा कि बैंकिंग सेवा में रहते हुए इनकी साहित्य-सेवा और गीत-संगीत के प्रति अनुराग बहुत सराहनीय एवं दूसरे सेवानिवृत्त लोगों के लिए प्रेरणादायक है। विशिष्ट अतिथि श्री बी. के. जैन, अंतर्राष्ट्रीय छायाकार ने कहा कि गीत लिखना, स्वरबद्ध करना एवं गाना इनकी बहुमुखी प्रतिभा की परिचायक है। डॉ. किशोर सिन्हा की नाट्य-रचना 'कोशा' पर अपने विचार रखते हुए देश के जाने-माने कवि-कथाकार श्री भगवती प्रसाद द्विवेदी ने कहा कि किशोर जी साहित्य की हर विधा के जानकार एवं स्थापित हस्ताक्षर हैं। बिहार विधान परिषद की पूर्व सदस्य, किरण घई ने डॉ किशोर सिन्हा को साहित्य और रंगकर्म के क्षेत्र में एक कल्पनाशील और क्रियाशील व्यक्तित्व बताया। उन्होंने कहा कि ये कृति हमें इतिहास के अनछुए पृष्ठों से परिचित कराती है। डॉ. अनिता राकेश, शिक्षाविद ने 'कोशा' पुस्तक पर विचार रखते हुए कहा कि नाटक की इनकी पहले भी कई पुस्तकें आ चुकी हैं। इनके अलावा प्रो. नरेन्द्र कुमार, प्राध्यापक, अंग्रेजी विभाग, ए. एन. कॉलेज के अलावा, समाज और साहित्य के अनेक गणमान्य विद्वानों एवं विदुषियों- सर्व आनंद बिहारी प्रसाद, प्रो. अनिल प्रसाद, नीलांशु रंजन, अभय सिन्हा, आराधना प्रसाद, सीमा रानी, कविता राज, विभा रानी श्रीवास्तव, बेंगलुरु से पधारी कंचन अपाराजिता, शुभचन्द्र सिन्हा, सुनील कुमार, रवि कुमार गुप्ता ने भी अपने विचार रखे।

संस्कृत के माध्यम से ही भारतीय ज्ञान-परम्परा का संरक्षण एवं प्रसार संभव : मृत्युंजय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मुजफ्फरपुर। संस्कृत भारती, बिहार प्रांत के तत्वावधान में मुजफ्फरपुर स्थित रामेश्वर महाविद्यालय के परिसर में आयोजित आवासीय प्रबोधन वर्ग का उद्घाटन समारोह गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार झा विशिष्ट अतिथि के रूप में समारोह में सम्मिलित हुए तथा उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। उद्घाटन समारोह में उपस्थित संस्कृत प्रेमियों, आचार्यों, कार्यकर्ताओं एवं पूरे प्रदेश से प्रशिक्षण प्राप्त करने आये 100 से अधिक प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए श्री झा ने कहा कि संस्कृत केवल भाषा नहीं, बल्कि भारतीय जीवन-दृष्टि, संस्कृति और मूल्यबोध की संवाहिका है। संस्कृत के माध्यम से ही भारतीय ज्ञान-परम्परा, दर्शन, विज्ञान, योग और नैतिकता का संरक्षण एवं प्रसार संभव है। उन्होंने संस्कृतभारती द्वारा चलाए जा रहे जनजागरण एवं संस्कृत सम्भाषण प्रशिक्षणात्मक प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि शीतकालीन आवासीय प्रबोधन वर्ग जैसे आयोजन संस्कृत को जनभाषा बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि संस्कृत शिक्षा के

सुदृढ़ीकरण के लिए शिक्षक, विद्यार्थी और समाज–तीनों की सहभागिता आवश्यक है। बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड संस्कृत के विकास एवं शैक्षणिक गुणवत्ता के उन्नयन हेतु निरंतर प्रयासरत है और संस्कृतभारती जैसे संगठनों के साथ समन्वय से यह कार्य और अधिक प्रभावी होगा। कार्यक्रम में संस्कृतभारती, बिहार प्रांत के पदाधिकारियों ने प्रबोधन वर्ग के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस वर्ग के माध्यम से प्रतिभागियों को संस्कृत संभाषण, शिक्षण-पद्धति, संगठनात्मक कार्य एवं संस्कृत के सामाजिक उपयोग का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह वर्ग संस्कृत के प्रचार-प्रसार के लिए समर्पित कार्यकर्ताओं को वैचारिक एवं कार्यात्मक रूप से सशक्त बनाएगा।

नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट के संचालन से पहले आसमान में दिखा भव्य नजारा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवी मुंबई/भागलपुर। नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट (एनएमआईए) के संचालन की पूर्व संध्या पर बुधवार रात आसमान एक अभूतपूर्व नज़ारे का साक्षी बना। एयरपोर्ट के ऑपरेशनल लॉन्च को चिह्नित करने के लिए 1,515 ड्रोन का भव्य ड्रोन शो आयोजित किया गया, जिसने तकनीक और कला का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया। समन्वित गति से उड़ते ड्रोन ने आकाश में 3डी कमल पुष्प, कमल से प्रेरित टर्मिनल डिज़ाइन, एयरपोर्ट का लोगो, ग्रीन एयरपोर्ट की अवधारणा, मुंबई के ऊपर उड़ता विमान और



'राइज़ ऑफ इंडिया' जैसे आकर्षक एरियल फॉर्मेशन बनाए। पूरा ड्रोन शो एयरपोर्ट की थीम और उसकी भव्यता को केंद्र में रखकर तैयार किया गया, जिसने रात के आसमान को एक जीवंत कैनवास में बदल दिया। इस विशेष अवसर के साक्षी बनने के लिए विशेष रूप से दिव्यांगजन, युवा खिलाड़ी और नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट के कर्मचारी उपस्थित रहे, जिन्होंने इस ऐतिहासिक पल को प्रत्यक्ष रूप से देखा। नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के बारे में नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड (एनएमआईएएल) महाराष्ट्र के नवी मुंबई में ग्रीनफील्ड अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के विकास, निर्माण, संचालन और रखरखाव के लिए गठित एक विशेष प्रयोजन कंपनी है। यह एक पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) परियोजना है, जिसमें मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (एमआईएएल)–अदाणी एयरपोर्ट्स होल्डिंग्स लिमिटेड (एएएचएल) की सहायक कंपनी–की 74 प्रतिशत हिस्सेदारी है, जबकि महाराष्ट्र सरकार की इकाई सिटी एंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (सीडको) के पास 26 प्रतिशत हिस्सेदारी है। एएएचएल, अदाणी समूह की प्रमुख कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड की सहायक कंपनी है। नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट भारत के सबसे व्यस्त और महत्वपूर्ण विमानन केंद्रों में से एक बनने की दिशा में अग्रसर है। महाराष्ट्र के नवी मुंबई में स्थित यह एयरपोर्ट मुंबई महानगर क्षेत्र और पश्चिमी भारत की बढ़ती हवाई यातायात जरूरतों को पूरा करने के लिए रणनीतिक रूप से स्थित है। 1,160 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में फैला यह एयरपोर्ट पूर्ण क्षमता पर 9 करोड़ यात्रियों (90 एमपीपीए) को प्रतिवर्ष सेवा देने के लिए डिज़ाइन किया गया है। एयरपोर्ट में दो समानांतर रनवे, अत्याधुनिक टर्मिनल भवन और उन्नत कार्गो सुविधाएं होंगी, जो यात्रियों को सहज अनुभव और कुशल कार्गो संचालन सुनिश्चित करेंगी। पर्यावरण के प्रति प्रतिबद्ध एनएमआईए को एक ग्रीनफील्ड, सतत और इको-फ्रेंडली एयरपोर्ट के रूप में विकसित किया गया है, जिसमें नवीकरणीय ऊर्ज़ा और ग्रीन बिल्डिंग प्रैक्टिस को प्राथमिकता दी गई है। इसका तरल और भविष्यवादी डिज़ाइन भारत के राष्ट्रीय पुष्प 'कमल' से प्रेरित है। प्रारंभिक चरण में एयरपोर्ट की क्षमता 2 करोड़ यात्रियों (20 एमपीपीए) और 5 लाख मीट्रिक टन कार्गो प्रतिवर्ष संभालने की होगी। आधुनिक अवसंरचना, सतत विकास और रणनीतिक लोकेशन के साथ नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट भारत के लिए एक नया वैश्विक प्रवेश द्वार बनने को तैयार है।

भागलपुर में राजस्व को लेकर प्रधान सचिव ने की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

भागलपुर। बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान सचिव सी.के. अनिल ने आज यहां राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की विभिन्न पैरामीटर की समीक्षा बैठक की और आवश्यक निर्देश दिए। जिला समाहरणालय के समीक्षा भवन में आयोजित इस बैठक का शुभारंभ प्रधान सचिव एवं जिला अधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके पहले जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी ने ने पौधा एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर भागलपुर की पावन धरती पर उनका हार्दिक अभिनंदन किया। पीपीटी के माध्यम से जिलाधिकारी ने बताया कि भागलपुर में दाखिल खारिज के आवेदनों के निष्पादन की स्थिति अच्छी है। 75 दिन से अधिक के 1716 एवं 35 दिन से अधिक के 1575 मामले लंबित है। जिन्हें अंचलाधिकारियों द्वारा दो से तीन दिनों में निष्पादित कर दिया जाएगा। प्रधान सचिव ने सभी अंचलाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि एससी/एसटी, विधवा एवं गंभीर बीमारी वाले आवेदकों के मामलों का निष्पादन नियम का पालन करते हुए तेज गति से किया जाए। परिमार्जन प्लस की समीक्षा में पाया गया कि 5632 मामले और शेष हैं। परिमार्जन प्लस लेफ्ट आउट जमाबंदी, ई- मापी, अभियान बसेरा- 2, राजस्व अभियान, राजस्व महा अभियान की समीक्षा में निर्देशित किया गया की नए डिप्लोमा वाले अमीन को पुराने अमीन के साथ सहायक अमीन के रूप में रखा जाए जिससे कि वे अमानत का काम अच्छी तरह से कर सके। राजस्व अभियान की समीक्षा में निर्देशित किया गया की 31 दिसंबर के पहले शत प्रतिशत कॉपी स्कैन हो जाना चाहिए। प्रधान सचिव ने बताया कि भूमि बंटवारे के मामले को भी राजस्व महा अभियान के अंतर्गत 20 दिसंबर से एलाऊ कर दिया गया है। बैठक में डीसीएलआर एवं अपर समाहर्ता कोर्ट में भूमि से संबंधित लंबित मामलों की भी समीक्षा की गई। एलपीसी, आधार सीडिंग, सरकारी जमीन का दाखिल खारिज की समीक्षा के दौरान सभी सरकारी भूमि जिनका म्यूटेशन अब तक नहीं हो पाया है उनका म्यूटेशन 90 दिनों के अंदर कर देने का निर्देश दिया गया।

सेवा ही चिकित्सकों की है सबसे बड़ी पूंजी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। राजधानी पटना स्थित मौर्य महावीर हॉस्पिटल में क्रिसमस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि राज्य के वरिष्ठ चिकित्सक व आईएमए अध्यक्ष डॉ सहजानंद शर्मा उपस्थित रहे। अपने संबोधन में डॉ सहजानंद ने कहा कि क्रिसमस का त्योहार हमें आपसी प्रेम व सौहार्द्र सिखाता है। प्रभु इशा मसीह ने हमेशा एकता का संदेश दिया। डॉ सहजानंद ने लोगों को क्रिसमस की शुभकामनाएं दी। कहा कि इस अस्पताल को गरीबों के लिए सुलभ रखना चाहिए। कभी किसी जरुरतमंद को पैसों के अभाव में चिकित्सीय सहायता प्रदान करने से परहेज नहीं करना चाहिए। एक चिकित्सक की सबसे बड़ी पूंजी उसकी सेवा होती है। कार्यक्रम के दौरान अस्पताल के संचालक रंजीत कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि यह अस्पताल व्यवसायिक दृष्टिकोण को ध्यान में रखकर नहीं बनाया गया है बल्कि सेवाभाव को ध्यान में रखकर बनाया गया है।

संपादकीय

रेगिस्तान की आहट और अरावली का संकट

सच यह है कि एक ओर दुनिया भर में पारिस्थितिकी तंत्र और उसकी सुरक्षा के लिए हर स्तर पर चिंता जताई जा रही है, तो दूसरी ओर विकास के नाम पर चलने वाली कुछ कवायदों के पर्यावरण पर असर को लेकर कई तरह की आशंकाएं भी उभर रही हैं। पिछले कुछ समय से देश में खनन के औचित्य और इसके पर्यावरण पारिस्थितिकी पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर कई सवाल उठे हैं, लेकिन यह पूरा मसला विकास बनाम प्रकृति के संरक्षण के द्वंद्व में उलझ कर रह जाता है। इसमें कोई दोराय नहीं कि विकास की दिशा को बाधित करना प्रतिगामी हो सकता है, लेकिन सवाल यह है कि अगर प्रकृति के बेलगाम दोहन की कीमत पर दुनिया प्रगति का रास्ता अपनाती है, तो उसका हासिल क्या होगा। केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठा लिया अब 'अरावली में किसी भी तरह का नया खनन पट्टा देने पर रोक लगा दी है। अरावली पर्वत-श्रृंखला को लेकर हाल ही में आए अदालती आदेश के आलोक में एक बार फिर यह बहस जोर पकड़ रही है कि अगर कोई प्राकृतिक संरचना एक बड़ी आबादी और इलाके के लिए जीवन-रेखा तथा सुरक्षा की एक मजबूत दीवार के रूप में मौजूद है, तो उसके संरक्षण के मुद्दे पर किसी जागरूक समाज की प्रतिक्रिया क्या होनी चाहिए। गौरतलब है कि हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने यह व्यवस्था दी कि आसपास की जमीन से कम से कम सौ मीटर ऊंचे जमीन के हिस्से को ही अरावली पहाड़ी के तौर पर माना जाएगा।अरावली को लेकर अदालत की इस नई परिभाषा के बाद यह आशंका खड़ी हो गई है कि अगर सौ मीटर से कम ऊंचाई वाली पहाड़ियों पर खनन, निर्माण और व्यावसायिक गतिविधियों के रास्ते खुलेंगे, तो इसके बाद समूचे इलाके के पारिस्थितिकी तंत्र पर गंभीर पर्यावरणीय प्रभाव सामने आ सकते हैं। दरअसल, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात से लेकर दिल्ली तक के सैकड़ों किलोमीटर के इलाके में फैली अरावली पर्वत श्रृंखला को समूचे उत्तर भारत में पर्यावरण को संतुलित रखने की दृष्टि से एक प्राकृतिक दीवार की तरह देखा जाता है। मगर पिछले कुछ दशकों से अरावली क्षेत्र को जिस तरह पत्थर, रेत और खनिज संसाधनों की मांग पूरी करने के लिए खनन का केंद्र बना दिया गया है, क्या उसके गंभीर खमियाजों का अंदाजा नहीं लगाया जा सकता? हालांकि इस मसले पर उठे सवालों और विरोध के बाद केंद्रीय पर्यावरण मंत्री ने कहा कि खनन गतिविधि अरावली के कुल क्षेत्र में से केवल '0.19 फीसद हिस्से' में ही करने की इजाजत होगी।

दिसंबर रहा अटलमय, साल 2025 मोदीमय !

हरेन्द्र प्रताप

दिसंबर माह पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के नाम रहा जबकि पूरा साल यानि 2025 भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र दामोदरदास मोदी के नाम रहा। दोनों ऐतिहासिक योगदान के लिए ख्यात, दृढ़ निर्णयों के लिए विख्यात और दोनों सृजनशील, दोनों रचनाकार ! दोनों में ÷अटल÷ के गुण और दोनों में ÷नरेन्द्र÷ के गुण ! दोनों अद्वितीय और अतुलनीय ! दोनों विश्व में अपने - अपने समय में सर्वाधिक चर्चित ! दोनों के समय में भारत अनेक अवसरों पर साहसिक फैसले लेने के मामलों में आत्मनिर्भर ! दोनों का रोजगार सृजन में तेज गति से योगदान ! दोनों के समय में आतंकवादियों और आतंकपरस्तियों को मुंहतोड़ जवाब ! दोनों का युवाओं, मातृशक्ति, किसान और जवान पर विशेष ध्यान ! दोनों के समय में राष्ट्रवाद और सांस्कृतिक जागरण का पुनर्घोष ! अंदर और बाहर के उपद्रवियों पर दोनों की नकेल !

इसलिए अटल बिहारी वाजपेयी के भौतिक रूप से नहीं रहने पर भी पूरा दिसंबर अटलमय दिख रहा और ट्रंप, पुतिन और इस्त्राइल के प्रभाव वाले वर्ष 2025 में भी भारत समेत विश्व का बड़ा भूभाग मोदीमय दिखा। पारंपरिक रूप से दो ध्रुवों वाला विश्व इस साल चीन, ब्राजील और भारत के साहसिक निर्णयों से आधुनिक युग में बहुध्रुवीय बन गया !

अटल बिहारी वाजपेयी को वास्तविक अर्थों में अटल और नरेन्द्र दामोदरदास मोदी को नरेन्द्र बनाने में अमेरिका और पाकिस्तान का बाहर से विशेष योगदान है जबकि देश के अंदर इसका श्रेय भटकाव का शिकार हो चुके विपक्ष को जाता है और बाकी दोनों महान हस्तियों की अपनी - अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति और सतत मेहनती सोच को व्यक्तिगत रूप से जाता है। सफल परमाणु परीक्षण और करगिल विजय ने अटल बिहारी वाजपेयी को अमर प्रधानमंत्री बना दिया। सर्जिकल स्ट्राइक, कोविड विजय और आत्मनिर्भर भारत अभियान ने नरेन्द्र दामोदरदास मोदी को अद्वितीय प्रधानमंत्री बना दिया !

दोनों के शासनकाल की कुछेक समान खामियां भी रही हैं जिनका खामियाजा आम जनमानस को आज भी भुगतना पड़ रहा है। दोनों की सरकार भारतीय नौकरशाही में व्याप्त भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद, गुटबाजी, अपारदर्शी व्यवहार, भेदभावपूर्ण नियुक्ति और लापरवाही युक्त आचरण रोकने में विफल रही है। दोनों अपने - अपने समय के सुस्त मंत्रियों, कुलपतियों, अक्षम नौकरशाहों को समय पर हटाने में विफल रहे हैं। दोनों की सरकार अपनी योजनाओं और कार्यक्रमों की सूचना लक्षित समूह तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने में सफल नहीं रही हैं। दोनों के समय में लोकतंत्र के तीनों स्तंभों को जनता के प्रति अधिक जागरूक, संवेदनशील और जवाबदेह बनाने के लिए किसी ठोस पहल का अभाव दिखा है। एक छोटा सा उदाहरण ही काफी है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सत्ता से बाहर हुए आम आदमी पार्टी को अनेक महीने गुजर गए हैं लेकिन आम नागरिकों के लिए दिल्ली परिवहन सेवा यानि डी टी सी का प्रबंधन पहले से कहीं अधिक कुप्रबंधन का शिकार हो गया है और दैनिक यात्रियों को समय पर सार्वजनिक बस नहीं मिल पा रही है ! इसका परिणाम यह है कि आम नागरिक बहुत जल्द फिर से आम आदमी पार्टी की व्यवस्था की तारीफ कर रहे हैं। मतलब सरकारी स्तर पर करने के लिए बहुत कुछ शेष है।

वैसे, अटल जी और नरेन्द्र जी में कुछेक मौलिक अंतर भी हैं। अटल बिहारी वाजपेयी पराधीन भारत में पैदा हुए। इसलिए वे अधिक संतुलन बना कर चलते थे। विपक्ष में पक्ष और पक्ष में विपक्ष का भी वे विशेष ध्यान रखते थे। विपक्ष में रह कर भी वे सरकार की मुखिया श्रीमती इंदिरा गांधी की समय - समय पर तारीफ कर देते थे। वे पराधीन मानसिकता और स्वाधीन मानसिकता वालों के बीच गज़ब का तालमेल बिठा लेते थे और पक्ष में ही रह कर पक्ष के ही मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री को भी नहीं बख्शते थे।

नरेन्द्र दामोदरदास मोदी स्वतंत्र भारत में पैदा हुए। इसलिए वे स्वभाव से अधिक आजाद रहे हैं। भारत समेत पूरी दुनिया उनके निर्भीक निर्णयों से वाकिफ रही है। साल 2025 को भी ऑपरेशन सिंदूर और टैरिफ मामले से इसका प्रमाण मिल चुका है। वे प्रयोगधर्मी और नवाचारी हैं। ÷ मन की बात ÷ उनका बड़ा प्रयोग है और ÷ विकसित भारत ÷ की संकल्पना अकल्पनीय प्रयोग !

इस बार के दिसंबर और विशेष कर 25 दिसंबर का दिवस अधिक अटलमय शायद इसलिए भी दिख रहा है क्योंकि यह वर्ष अटल बिहारी वाजपेयी जन्म शताब्दी वर्ष भी रहा। पिछले दिसंबर से इस दिसंबर तक अटल जी की स्मृति में कोई न कोई महत्वपूर्ण आयोजन इस दौरान हर महीने आयोजित किया जाता रहा। यह सिलसिला 2025 के दिसंबर में भव्य रूप में दिखाई दिया। 24 दिसंबर को दिल्ली में अटल जी की स्मृति में संस्कृत - मैथिली - भोजपुरी कवि संगोष्ठी का आयोजन तथा 25 दिसंबर को अटल कैंटीन का उद्घाटन खास आदमी से लेकर आम आदमी तक के बीच में अटल जी की स्मृतियों को चिरस्थाई बनाने का प्रयास रहा। इस बीच अटल जी के नाम से अनेक योजनाओं, कार्यक्रमों, पुरस्कारों और अन्य आयोजनों की झड़ी लगी रही। सरकारी तथा गैर-सरकारी और केंद्र तथा राज्य स्तर पर भी विविध आयोजन होते रहे। अक्टूबर में प्रयागराज में हिंदुस्तानी एकेडमी में आयोजित संगोष्ठी भी अटल जी पर ही केंद्रित रही।

दरअसल अटल जी का व्यक्तित्व और कृतित्व दोनों विराट रहा। राजनीति में यदि वे नहीं आते तो भी आज हम-आप उन्हें एक प्रखर कवि तथा संपादक और ओजस्वी वक्ता के रूप में याद कर रहे होते।

हां, यह सही है कि नेहरू - इंदिरा काल में अन्य लोगों के लिए जयंती तथा पुण्य तिथि और शताब्दी समारोहों का जो संकुचन या अघोषित आरक्षण कर दिया गया था, उसका अटल-मोदी युग में भव्य विस्तारीकरण कर दिया गया। यही कारण है कि लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल, लाल बहादुर शास्त्री, नरसिम्हा राव जैसी हस्तियों की स्मृतियां सुस्थापित हो रही हैं और आजादी का अमृत महोत्सव, वंदेमातरम् के सृजन का 150 वां साल और भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती का ऐतिहासिक वर्ष दिव्य रूप में राष्ट्रीय स्तर पर नजर आ रहा है।

यही नहीं बल्कि गुरु तेग बहादुर जी महाराज की 350वीं शहादत दिवस और लोकमाता अहिल्याबाई की 300वीं जयंती पर विभिन्न समारोहों का आयोजन भी अधिक राष्ट्रीय नजर आया। आपातकाल के 50 वर्ष और संविधान के विधान बनने के 75 वर्ष से जुड़े आयोजन भी इस साल स्मरणीय रहे। इसी कड़ी में सन् 2047 में भारत की आजादी की शताब्दी को भारत को विकसित राष्ट्र के रूप में तैयार करने का लक्ष्य सामने लाकर उसे हर स्तर पर स्वीकार्य बना देना अद्भुत नेतृत्व के कौशल का परिचायक है।

आंतरिक हिंसा को नियंत्रित करने के लिए नक्सलियों और असामाजिक तत्वों के खिलाफ चलाया जा रहा अभियान इस साल अधिक प्रभावी रहा ! घुसपैठियों को वापस लौटाने और उनके खिलाफ दीर्घकालिक नीति तैयार करने की योजना ने सरकार को प्रतिष्ठित किया।

वैसे , इस साल सबसे स्मरणीय रही भारत की विश्व स्तरीय डिप्लोमैसी जो ऑपरेशन सिंदूर से लेकर टैरिफ टेरर तक भारत को वैश्विक मीडिया में चर्चित करती रही। इसका दिलचस्प पहलू यह रहा कि जहां विश्व स्तर पर भारत के राजनयिक रिश्तों को नया विस्तार मिला, वहीं देश के अंदर अनेक विपक्षी नेता भी केंद्र सरकार के सुर में सुर मिलाते नजर आये। मतदाताओं की पहचान वैसे तो चुनाव आयोग की पहल है लेकिन इसका भी श्रेय मोदी सरकार को ही जाता है। वहीं बिहार चुनाव में हुई ऐतिहासिक विजय का श्रेय नरेन्द्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व और गृहमंत्री अमित शाह की आधुनिक चाणक्य नीति को जाता है। देश भर में जनसंख्या की डिजिटल गणना का ऐलान भविष्य में देश की राजनीति को तय करने का नया आधार तय कर सकता है। भारत की नजर बांग्लादेश के आंतरिक उथल-पुथल के परिणाम पर भी केंद्रित है जिसके बारे में निर्णायक कदम कभी भी उठाये जा सकते हैं।

वास्तव में यह साल भारत को विश्व की एक आत्मनिर्भर मौलिक शक्ति की पहचान दिलाने में निर्णायक रहा। और, वर्ष 2025 के मोदीमय होने का भारत के लिए यह सबसे सुखद परिणाम है !

भारत ने झेलम, नीलम का पानी रोका, पाकिस्तान ने फिर छेड़ा सिंधु जल समझौते का राग

(प्रियेश मिश्र)

पाकिस्तान ने एक बार फिर भारत पर नदियों का पानी रोकने का आरोप लगाया है। इस बार पाकिस्तान ने कहा है कि भारत ने झेलम और नीलम नदियों का पानी रोका है, जिससे उनका बहाव कम हो गया है। इससे पहले पाकिस्तान ने चेनाब नदी को लेकर ऐसा ही आरोप लगाया था।

पाकिस्तान ने भारत से आने वाली दो और नदियों- झेलम और नीलम के जल स्तर में कमी होने पर चिंता जताई है। उसने आरोप में कहा है कि भारत झेलम नदी का पानी अचानक रोक रहा है और उसे बिना बताए छोड़ भी रहा है। इससे पहले पाकिस्तान ने चेनाब नदी को लेकर भी ऐसा ही दावा किया था। इसी साल अप्रैल में पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने 65 साल पुरानी सिंधु जल संधि को सस्पेंड कर दिया था। इसके बाद से ही पाकिस्तान बौखलाया हुआ है और लगातार पानी को लेकर नए-नए दावे कर रहा है।

झेलम को लेकर पाकिस्तान का क्या आरोप

पिछले हफ्ते, सिंधु जल पर पाकिस्तान के कमिश्नर ने कहा कि झेलम नदी में मंगला बांध में पानी का बहाव कम हो रहा है। मंगला बांध पाकिस्तान के मीरपुर में है। यह बांध पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में पानी सप्लाई करने का सबसे बड़ा सोर्स भी है। वहीं, पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि झेलम और नीलम नदियों में पानी का बहाव घटकर 3,000 क्यूसेक हो गया है, जो 5,000 क्यूसेक से काफी कम है। पाकिस्तान ने यह भी दावा किया है कि इससे रबी की बुआई पर असर पड़ सकता है।

झेलम पर पाकिस्तान का दावा: झेलम पाकिस्तान में खेती के लिए एक महत्वपूर्ण जीवनरेखा है। इसका पानी, जिसे मुख्य रूप से मंगला बांध और रसूल बैराज के जरिए मैनेज किया जाता है। यह नदी पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में खेती की एक बड़ी जमीन को सींचती है, जिसमें चज दोआब क्षेत्र भी शामिल है। यह पाकिस्तान का सबसे उपजाऊ क्षेत्र माना जाता है। सिंचाई विभाग के एक पाकिस्तानी अधिकारी ने द डॉन को बताया, यह सच में गंभीर और चिंताजनक है क्योंकि कुल 25 मिलियन एकड़ कृषि भूमि में से लगभग 15 मिलियन एकड़, जिसे विभिन्न नहरों से सींचा जाता है, इन दिनों या तो कम पानी मिल रहा है या बिल्कुल पानी नहीं मिल रहा है।

पाकिस्तान ने भारत से नहीं की शिकायत: हालांकि पाकिस्तान ने अभी तक भारत के साथ झेलम का मुद्दा नहीं उठाया है, लेकिन सिंधु जल के लिए उसके कमिश्नर सैयद मेहर अली शाह ने कहा कि बहाव पर रोजाना नजर रखी जा रही है। शाह ने कहा, अभी के लिए, हमने चेनाब नदी के बारे में भारत को एक पत्र लिखा है। जवाब मिलने के बाद हम इस मुद्दे पर आगे देखेंगे। हालांकि, भारत ने चेनाब और झेलम दोनों के दावों पर कोई जवाब नहीं दिया है। पहले, विशेषज्ञों ने कहा है कि मौसमी कारकों और बारिश के पैटर्न के कारण नदियों का बहाव ऊपर-नीचे हो सकता है।

चिनाब नदी के प्रवाह में कमी का दावा: पिछले हफ्ते, पाकिस्तान ने चिनाब नदी के बहाव में अचानक बदलाव को लेकर भारत को एक चिट्ठी लिखी थी। जियो न्यूज ने रिपोर्ट में दावा किया है कि भारत ने कथित तौर पर 7 और 8 दिसंबर के बीच 58,000 क्यूसेक पानी छोड़ा, जिसके बाद पानी की सप्लाई को अचानक खतरनाक रूप से कम कर दिया गया। हालांकि, कुछ दिनों बाद, पाकिस्तान ने कहा कि चिनाब में पानी का लेवल स्थिर हो गया है। इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि पाकिस्तान जैसे निचले इलाके वाले देश के लिए, जिसकी खेती और खाने की सुरक्षा नदियों के बहाव पर बहुत ज़्यादा निर्भर करती है, ऐसे अचानक कदमों का बहुत बड़ा असर होता है। 1960 में हुई सिंधु जल संधि ने बेसिन की छह मुख्य नदियों को भारत और पाकिस्तान के बीच बांट दिया था। सिंधु, झेलम और चिनाब जैसी पश्चिमी नदियाँ पाकिस्तान को दी गईं, जबकि रावी, ब्यास और सतलुज जैसी पूर्वी नदियां भारत को दी गईं। अप्रैल 2025 तक, यह संधि युद्धों, संकटों और राजनीतिक उथल-पुथल के बावजूद बनी रही। लेकिन, पहलगाम हमले के बाद भारत ने इस संधि पर रोक लगा दी। इसके जवाब में, पाकिस्तान ने कहा है कि पानी के बहाव को रोकने के किसी भी काम को युद्ध का काम माना जाएगा।

सुशासन के अटल पथ पर अग्रसर छत्तीसगढ़

(किरण देव)

सौभाग्य से यह वर्ष छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना का रजत जयंती वर्ष है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ की तीन करोड़ जनता अपने राज्य निर्माता श्रद्धेय अटल जी के पुण्य कृतित्व के लिए उन्हें अपनी आदरांजलि प्रकट कर रही है। माननीय अटल जी राजनीति को परमार्थ का माध्यम मानते थे। वह समावेशी विकास के अगुवा थे। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के जरिए उन्होंने देशभर के गांव को पक्की सड़कों से जोड़ा। आज अटल जी के विजन पर देशभर में 6 लाख किलोमीटर से अधिक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सड़कें बन चुकी हैं। अटल जी की दूरदृष्टि को साकार करती यह महत्वाकांक्षी योजना छत्तीसगढ़ जैसे राज्य में समृद्धि की वाहक बनी है। इसका आकलन इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि पिछले 25 वर्ष में लगभग 22 हजार 750 किमी लम्बी सड़कों का जाल बिछा जा चुका है। अटल जी को देश में राजमार्ग क्रांति लाने का श्रेय दिया जाता है। अटल जी के प्रधानमंत्रीत्व काल में शुरू हुई स्वर्णिम चतुर्भुज योजना राष्ट्रीय राजमार्गों के जरिए देश को एकसूत्र में पिरोती है। 11-13 मई 1998 को पोखरण में परमाणु परीक्षण कर श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने दुनिया को बता दिया कि भारत अपनी संप्रभुता एवं अखंडता से कोई समझौता नहीं कर सकता। अटल जी का पूरा जीवन समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के जीवन को बेहतर बनाने में समर्पित रहा। उन्होंने केन्द्र में जनजातीय कार्य मंत्रालय की स्थापना की, जिससे जनजातीय समाज के सर्वांगीण उन्नति का मार्ग प्रशस्त हुआ। आज जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा संचालित पीएम जनमन और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष योजना जैसी नीतिगत पहल से छत्तीसगढ़ समेत देश के सभी जनजातीय बाहुल्य राज्य लाभान्वित हो रहे हैं। अटल जी ने स्कूली शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए 2001-2002 में सर्वशिक्षा अभियान शुरू किया। इसकी बदौलत देश के हर आय वर्ग के बच्चों के लिए स्कूली शिक्षा की राह आसान हुई। अटलजी ने विदेशों में रह रहे भारतीय मूल के लोगों को देश की विकास यात्रा से जोड़ने के लिए प्रवासी भारतीय दिवस कार्यक्रम शुरू किया। अटल जी के कार्यकाल में भारत ने करगिल युद्ध में न सिर्फ विजय प्राप्त की बल्कि आतंकवाद पोषक पाकिस्तान के दांत खट्टे करते हुए उसे अंतर्राष्ट्रीय जगत में अलग-थलग करने का काम किया। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता के आचरण और उसकी प्राथमिकता तथा हमारी सरकार के नीतिगत निर्णयों में श्रद्धेय अटल जी के चिंतन की स्पष्ट अभिव्यक्ति होती है। अटल जी की जिस प्रेरणा और दर्शन को आत्मसात कर हम आगे बढ़ रहे हैं, इससे भारतीय जनता पार्टी और उसकी सरकारों पर जनता का भरोसा और अधिक मजबूत हुआ है। अटल जी ने छत्तीसगढ़ के विकास को लेकर जो स्वप्न देखा था उसे जनता के आशीर्वाद से डॉ रमन सिंह जी के नेतृत्व में पंद्रह वर्ष तक भाजपा सरकार ने साकार रूप देने का कार्य किया, विकास की उसी अटल दृष्टि के साथ माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के यशस्वी नेतृत्व एवं श्री विष्णु देव साय जी की अगुआई वाली वर्तमान भाजपा सरकार अंत्योदय के अनुष्ठान में जुटी है।

बचपन को किधर ले जा रहा एआई ? आर्टिफिशल खिलौने जीत रहे बच्चों का दिल

इस क्रिसमस पर बच्चों को एआई-संचालित खिलौने मिलेंगे जो बातचीत करेंगे और सिखाएंगे। चीन, जो वैश्विक खिलौना बाजार का बड़ा हिस्सा है, एआई को बढ़ावा दे रहा है। शहरों के स्कूल चैटजीपीटी का उपयोग कर रहे हैं, जिससे बच्चों के लिए नए अवसर खुल रहे हैं, लेकिन इसके जोखिम भी हैं। सांस्कृतिक तौर पर भारतीयता की वापसी के दौर के बावजूद क्रिसमस की धूम कम नहीं होने जा रही। इस बार क्रिसमस पर जब बच्चे हैरतभरी उत्सुकता से गिफ्ट पैक खोलेंगे तो उन्हें ऐसे उपहार मिल सकते हैं, जो उनसे बातचीत करें, उनकी पढ़ाई में काम आएं या फिर सीखने के मोर्चे पर नए सिरे से जुटने की सीख दें। इस बार आखिर ऐसे सरप्राइज की उम्मीद क्यों है? इसका जवाब है, चीन के खिलौना निर्माताओं की सोच।

(अभिषेक पाण्डेय)

चीनी खिलौना उद्योग की धमक। चीनी खिलौना उद्योग ने साल 2025 को कृत्रिम बुद्धिमता यानी एआई वर्ष घोषित कर रखा है। इसके तहत वहां ऐसे रोबॉट और टेडी बियर बन रहे हैं, जो बच्चों को सिखा सकते हैं, उनके साथ खेल सकते हैं और उन्हें कहानियां सुना सकते हैं। ध्यान रहे, वैश्विक खिलौना बाजार में चीन की भारी हिस्सेदारी है। दुनिया के 70-80 फीसदी खिलौने चीन में ही बनते हैं और उनका दुनियाभर को निर्यात होता है। भारत के खिलौना बाजार में भी चीन की हिस्सेदारी 65 से 75 प्रतिशत तक है।

स्कूलों में चैट जीपीटी- देश के ग्रामीण इलाकों में एआई का शिक्षा में सीधा उपयोग भले ही कम हो, लेकिन शहरों के तमाम स्कूलों में बच्चों को चैट जीपीटी से बनाई सामग्री से पढ़ाया जा रहा है। कई जगह चैटबॉट-ट्यूटर्स के साथ बच्चे सीख रहे हैं। एआई जिस तरह बढ़ रहा है, उसे देखते हुए आश्चर्य नहीं कि आने वाले दिनों में बच्चे खुद के बारे में बने गाने सुनें और ऐसी कहानियां पढ़ें जिनमें वे स्टार हों।

बच्चों के लिए खास अवसर- एआई ने बच्चों के लिए ऐसी दुनिया के दरवाजे खोल दिए हैं, जिसमें उनके लिए अवसरों की भरमार है। अभी तक बेहतर और ज्यादा अवसर संपन्न परिवारों के बच्चों को मिलते रहे हैं, लेकिन एआई आम बचपन को भी राजसी सुविधाएं उपलब्ध रहा रहा है। तकनीकी कंपनियां बता रही हैं कि जिन स्कूलों में अध्यापकों और पढ़ाई के लिए जरूरी उपकरणों की कमी है, वहां उनकी तकनीक मददगार हो सकती है। इस दिशा में हुए प्रयोगों ने साबित किया है कि एआई से पढ़ाई-लिखाई और भाषा सीखने की प्रक्रिया को बनाया जा सकता है। खिलौना कंपनियां ऐसे एआई केंद्रित पाठ तैयार कर चुकी हैं, जो छोटे बच्चों के काफी काम आ सकते हैं। इनमें पाठों को कार्टून स्ट्रिप या गाने के रूप में भी पेश करने की सुविधा है। जोखिम भी हो सकता है।

मसलन, एआई ट्यूटर गलत जवाब दे सकते हैं। खिलौने पटरी से उतर सकते हैं, कामुक बातें कर सकते हैं, जिनसे बच्चों पर बुरा असर पड़ सकता है। तकनीक बच्चों के होमवर्क में चीटिंग को बढ़ावा दे सकती है या फिर 'डीपफेक' तकनीक के जरिए साथियों को परेशान करने की राह सुझा सकती है। चैटबॉट किशोरों को फुसलाकर उन्हें खुद को नुकसान पहुंचाने के लिए उकसा सकता है। एआई का खतरा यह भी है कि वह अपने मालिक की पसंद समझ कर सिर्फ वैसी ही चीजें उसे दिखा-सुझा सकती है। मसलन, फुटबॉल पसंद करने वाले बच्चे को उसका टेडी सिर्फ फुटबॉल की कहानियां ही बताएगा। इससे बच्चा एकांगी हो सकता है। मनोवैज्ञानिकों के सुझाव- चैटबॉट में रिश्तों को लेकर भी जोखिम है। इन पर सक्रिय उन बच्चों के लिए मनोभावों को समझना कठिन हो सकता है, जिनके दोस्त न कभी आलोचना करते हैं, न ही अपनी भावनाएं जाहिर करते हैं लिहाजा मनोवैज्ञानिकों का सुझाव है कि बच्चों को वैसी ही तकनीक सौंपी जाए, जो उन्हें फिर से शब्द रचना सिखाए। तय करने का सुझाव आ रहा है। स्कूली पढ़ाई पर भी जोर देने की बात कही जा रही है। स्कूलों की भूमिका बढ़े- यही नहीं, एआई का ज्यादा इस्तेमाल बच्चों का सामाजिककरण खत्म कर सकता है। चूंकि बचपन का ज्यादातर हिस्सा स्कूलों में बीतता है, लिहाजा माना जा रहा है कि बच्चे के सामाजिक विकास में स्कूल ही बड़ा भागीदार हो सकता है। इसलिए बच्चों के सीखने की प्रक्रिया में स्कूलों की भूमिका बढ़ाने की भी बात हो रही है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

एबीवीपी की ओर से बंगलादेश के प्रधानमंत्री का पुतला दहन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कटिहार। भारत के पड़ोसी देश बांग्लादेश में बीते कई वर्षों से जारी राजनीतिक अस्थिरता की आड़ में अल्पसंख्यक समुदायों पर हो रहे कथित अत्याचारों को लेकर आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है।

बहुसंख्यक समुदायों द्वारा ईशनिंदा, विदेशी खुफिया एजेंसियों से संबंध जैसे झूठे आरोप लगाकर अल्पसंख्यकों को निशाना बनाए जाने की घटनाएं सामने आ रही हैं। आये दिन हो रही हत्याओं और हिंसक घटनाओं से अल्पसंख्यक समुदाय भय और असुरक्षा के साए में जीवन व्यतीत करने को मजबूर है। इसी क्रम में हाल ही में एक हिंदू नेता की नृशंस हत्या के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से कार्यकताओं ने नगर में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए विरोध मार्च निकाला और बांग्लादेश में

अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान आक्रोशित कार्यकताओं ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के कार्यवाहक प्रधानमंत्री मोहम्मद यूनुस का पुतला दहन किया। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के मानवाधिकारों का खुलेआम उल्लंघन हो रहा है, लेकिन वहां की सरकार इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है और मूकदर्शक बनी हुई है। एबीवीपी कार्यकताओं ने अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग सहित वैश्विक समुदाय से मामले में तत्काल हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए तथा दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि अत्याचारों पर रोक नहीं लगी तो आंदोलन को और व्यापक एवं उग्र रूप दिया जाएगा। प्रांत उपाध्यक्ष विनय कुमार पांडे, प्रांत सह मंत्री विनय सिंह विभाग सह संयोजक विक्रांत सिंह, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सत्यम कुमार, जिला संयोजक रोहन प्रसाद, नगर अध्यक्ष मनोज सर,नगर मंत्री राजा यादव, नगर सह मंत्री रवि सिंह, विशाल सिंह, मोनू यादव, अमित गुप्ता, जय कुमार, सानू रोशन, प्रणव यादव, शिवम यादव, मो. हैदर, राजा सिंह, सोनू यादव , कृष्ण यादव, अभिजीत आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जिले में मशरूम व तिलहन की खेती को लेकर प्रशिक्षण आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कटिहार। आत्मा परियोजना की ओर से के जिले के संयुक्त भवन सभागार में किसानों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।उद्घाटन जिला कृषि विज्ञान केन्द्र के वरीय वैज्ञानिक डा पंकज कुमार, सहायक निदेशक शस्य मोना कुमारी एवं उप परियोजना निदेशक दीक्षा कुमारी ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्जवलित कर किया। इसके माध्यम से किसानों को मशरूम व तेलहन की वैज्ञानिक विधि से खेती करने की जानकारी दी गयी।

जिले में तेलहन व मशरूम उत्पादन को बढाने पर विशेष बल दिया गया। सहायक निदेशक शस्य मोना कुमारी ने तेलहन की खेती में उन्नत बीज सहित नयी वैज्ञानिक खोजों को अपनाने। इस हेतू सरकार के माध्यम से मिलनेलावी अनुदान सेव सुविधा की जानकारी और तेलहन उत्पादन बढाने को कहा। कृषि वैज्ञानिक डा. पंकज ने मशरूम उत्पादन को लेकर किसानों को जानकारी देते हुए कहा कि इसके माध्यम से किसान अच्छी आय प्राप्त कर सकते हैं. उन्होने इसके उत्पादन, मूल्य संवर्धन, संरक्षण की जानकारी दी ।सुश्री दीक्षा ने कम जगह व लागत में मशरुम की खेती अपनाकर बेहतर आय प्राप्त करने की जानकारी दी। इस प्रशिक्षण शिविर मे प्रखंडों से आये किसान पाठशाला के संचालक,सदस्य किसान व जिला स्तरीय कृषि पदाधिकारियों ने शिरकत की। .

नालंदा विद्या मंदिर में साइंस एग्जीबिशन सह बाल मेला का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बिहारशरीफ। पतासंग स्थित नालंदा विद्या मंदिर में गुरुवार को साइंस एग्जीबिशन सह बाल मेला का आयोजन किया गया। जिसमें विज्ञान, रचनात्मकता और सांस्कृतिक रंग एक साथ नजर आए। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर बच्चों के बनाए वैज्ञानिक मॉडलों और रंगारंग प्रस्तुतियों से जीवंत हो उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ जदयू के राष्ट्रीय महासचिव इंजीनियर सुनील कुमार, कांग्रेस नेता दिलीप कुमार एवं विभिन्न विद्यालयों के निदेशक व प्राचार्यों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

साइंस एग्जीबिशन में छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, सौर ऊर्जा, प्रदूषण नियंत्रण, स्मार्ट सिटी, डिजिटल तकनीक और स्वास्थ्य से जुड़े विषयों पर आधारित मॉडल प्रस्तुत किए। बच्चों ने आत्मविश्वास के साथ अपने प्रोजेक्ट की कार्यप्रणाली समझाई, जिसे देखकर अतिथियों और अभिभावकों ने उनकी जमकर सराहना की। बाल मेला के दौरान लगे विभिन्न स्टॉल भी बच्चों और दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहे। इस अवसर पर ई. सुनील कुमार ने कहा कि आज के दौर में विज्ञान और तकनीक की समझ बेहद जरूरी है। इस तरह के आयोजन बच्चों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार और समस्या समाधान की क्षमता को विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालयों को चाहिए कि वे विद्यार्थियों को प्रयोग आधारित शिक्षा दें, ताकि वे भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार हो सकें। कोंग्रेस नेता दिलीप कुमार ने कहा कि साइंस एग्जीबिशन और बाल मेला बच्चों के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है। इससे बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है और उनमें आत्मविश्वास बढ़ता है। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज को सकारात्मक दिशा देते हैं। विद्यालय के प्राचार्य आशीष रंजन ने कहा कि नालंदा विद्या मंदिर शिक्षा के साथ-साथ छात्रों के व्यक्तित्व विकास पर विशेष ध्यान देता है। उन्होंने बताया कि विद्यालय का उद्देश्य बच्चों को केवल किताबी ज्ञान ही नहीं, बल्कि व्यावहारिक और नैतिक शिक्षा भी प्रदान करना है। इसी सोच के तहत साइंस एग्जीबिशन और बाल मेला का आयोजन किया गया।

पुलिस ने अपराध की योजना बनाते पांच अपराधियों को हथियार व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बिहारशरीफ। रहुई थाना क्षेत्र अंतर्गत पितौजिया गांव स्थित सिमरन चिमनी ईट भट्ठा पर अपराध की योजना बना रहे हथियार के साथ 5 अपराधियो को एसटीएफ और थाना की पुलिस के संयुक्त टीम के सहयोग से गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान अस्थावां थाना क्षेत्र के वांक्षित एवं इनामी अभियुक्त नोवामा गांव निवासी राजीव कुमार उर्फ राजीव महतो, नीतीश कुमार उर्फ कारू उर्फ सिरा, रहुई थाना क्षेत्र के पुनहा गांव निवासी राजेश कुमार उर्फ कारू, पिटौंजिया गांव निवासी सोनू कुमार और बिंद थाना क्षेत्र के बकरा गांव निवासी पंकज कुमार उर्फ मंगल के रूप में की गई है। पुलिस ने इन सभी के पास से एक देसी पिस्टल, एक देसी कट्टा, 4

जिंदा कारतूस, एक पिस्टल का खाली मैगजीन एवं 4 मोबाइल फोन को बरामद किया है। इस संबंध में सदर डीएसपी 2 संजय कुमार जायसवाल ने प्रेस वार्ता कर जानकारी देते हुए बताया कि रहुई थाना के सरकारी नंबर पर एसटीएफ द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि पितौजिया गांव स्थित सिमरन चिमनी ईट भट्ठा के पास अस्थावां थाना के वांक्षित एवं 25 हजार का इनामी अपराधकर्मी राजीव कुमार उर्फ राजीव महतो, नीतीश कुमार उर्फ कारू उर्फ सिरा अपने कुछ साथी के साथ संदिग्ध स्थिति में हथियार के साथ किसी बड़ी घटना को अंजाम देने वाला है सूचना का सनहा थानाध्यक्ष द्वारा दर्ज किया गया और वरीय पदाधिकारी को सूचित करते हुए उनके निदेर्शानुसार एक टीम गठित करते हुए उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु थानाध्यक्ष रहुई अपने टीम एवं विशेष कार्य बल के साथ पितौजिया स्थित सिमरन चिमनी भट्ठा पर पहुँचे तो चिमनी भट्ठा पर ईंट व करकट से बने एक रूम से शोरगुल की आवाज आ रही थी। तभी थानाध्यक्ष रहुई अपने टीम एवं विशेष कार्य बल के साथ उक्त रूम की घेरा बंदी कर उक्त रूम में प्रवेश किये तो पाया कि पांच व्यक्ति एक चौकी पर बैठ कर अपराध की योजना बना रहे हैं। पांचों व्यक्ति के संदिग्ध गतिविधि को देखते हुए थानाध्यक्ष रहुई द्वारा उक्त रूम की विधिवत तलाशी की गयी। तलासी के क्रम में राजीव कुमार उर्फ राजीव महतो के कमर में खोंसा हुआ एक लोडेड देशी पिस्टल एवं चार जिन्दा कारतूस एवं एक मोबाइल मिला, उसके बाद दूसरे व्यक्ति नितीश कुमार उर्फ कारू उर्फ सिरा के कमर से एक देशी कट्टा एवं पिस्टल का एक खाली मैग्जीन बरामद किया। तीसरे व्यक्ति राजेश कुमार उर्फ कारू के पास से एक मोबईल बरामद किया, चौथे व्यक्ति सोनू कुमार के पास से भी मोबाईल बरामद किया एवं पांचवां व्यक्ति पंकज कुमार उर्फ मंगल के पास से मोबाईल बरामद हुआ। गिरफ्तार सभी अपराधकर्मी को आपराधिक योजना बनाने एवं बरामद अगन्यास्त्र व कारतूस के संबंध में काण्ड दर्ज कर गिरफ्तार अभियुक्तों को माननीय न्यायालय में पेश कर दिया गया है। छापामारी टीम में थानाध्यक्ष ललित विजय, एसआई सौरभ कुमार, संतोष कुमार सुमन, उपेंद्र कुमार राम, एएसआई सन्नी कुमार आदि शामिल थे।

कड़ाके की ठंड में प्रशासन की पहल, जरूरतमंदों को कंबल व सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की व्यवस्था

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बिहारशरीफ। नालंदा जिले में जारी भीषण शीत लहर को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा आम जनमानस, विशेषकर असहाय, निराश्रित एवं वृद्धजनों की सुरक्षा के लिए व्यापक एवं प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। जिलाधिकारी कुंदन कुमार के निर्देश पर जिले के सभी प्रखंडों एवं नगर निकाय क्षेत्रों में शीत लहर से बचाव को लेकर कंबल वितरण कार्यक्रम चलाया गया।

प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार सामाजिक सुरक्षा कार्यालय द्वारा 1419 तथा विभिन्न प्रखंड एवं अंचल कार्यालयों के माध्यम से 3483 कंबल जरूरतमंदों के बीच वितरित किए गए हैं। इसका उद्देश्य ठंड से होने वाली परेशानियों से कमजोर वर्गों को राहत प्रदान करना है। इसके साथ ही जिले के प्रमुख चौक-चौराहों, बस स्टैंड,

रेलवे स्टेशन एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की व्यवस्था की गई है। अलाव नियमित रूप से जलाए जा रहे हैं तथा इसकी सतत निगरानी संबंधित पदाधिकारियों एवं नगर निकाय कर्मियों द्वारा की जा रही है, ताकि राहगीरों और जरूरतमंदों को ठंड से राहत मिल सके। शीत लहर के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग को भी अलर्ट मोड पर रखा गया है। किसी भी आपात स्थिति में प्रभावित व्यक्तियों को त्वरित चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि अत्यधिक ठंड के दौरान आवश्यक सावधानियां बरतें, अनावश्यक रूप से खुले में न रहें और किसी भी जरूरतमंद व्यक्ति की जानकारी निकटतम प्रशासनिक इकाई को दें। शीत लहर से संबंधित किसी भी प्रकार की सहायता के लिए जिला आपातकालीन संचालन केंद्र, नालंदा के 247 दूरभाष संख्या 6112-233168 पर संपर्क किया जा सकता है।

टीचर ऑफ द मंथ अवार्ड के लिए चयनित हुए शिक्षक मनोज जायसवाल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कटिहार। शिक्षा विभाग की ओर से टीचर ऑफ द मंथ अवार्ड के लिए चयनित हुए शिक्षक मनोज कुमार जायसवाल को शिक्षा विभाग द्वारा प्रशस्ति प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कटिहार पीएम पोषण कार्यालय में डंडखोरा के उत्क्रमित मध्य विद्यालय संगत टोला के शिक्षक मनोज कुमार जायसवाल को शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव व प्राथमिक शिक्षा निदेशक के हस्ताक्षरित प्रशस्ति पत्र को जिला कार्यक्रम पदाधिकारी पीएम पोषण योजना निशीथ सिंह द्वारा प्रदान किया गया। इस दौरान जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षण कार्य मे अहम भूमिका निर्वाहन करने का आह्वान किया। कहा विद्यालय में नवाचार व तकनीक के माध्यम से विद्यालय के शैक्षणिक सुधार को लेकर सक्रिय भूमिका निभाने को लेकर अपर मुख्य सचिव व प्राथमिक शिक्षा के निदेशक टीचर ऑफ द मंथ पुरस्कार प्रदान की जाती है।इसी क्रम में विशिष्ट शिक्षक मनोज कुमार जायसवाल को यह पुरस्कार दी गयी है।बताते चले कि शिक्षा विभाग द्वारा बिहार में शिक्षकों को प्रोत्साहित करने के लिए शुरू की गई है। यह पुरस्कार उन शिक्षकों को दिया जाता है जिन्होंने अपने शिक्षण कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है. यह पुरस्कार शिक्षा के क्षेत्र में सुधार और नवाचार को बढ़ावा देने में मदद करता है।

मानव जाति के कल्याण के लिए यीशु मसीह ने लिया जन्म : बलदेव उरांव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मनसाही/कटिहार। प्रखंड क्षेत्र के कुरेठा पंचायत के शांति धाम चर्च भखरीपुर में क्रिसमस डे यीशु मसीह के जन्मदिन के रूप में मनाया गया। मानव जाति के कल्याण के लिए यीशु मसीह ने जन्म लिया हैं। इसलिए हर वर्ष 25 दिसंबर को क्रिसमस डे यीशु मसीह के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता हैं।

इस मौके पर कांग्रेस के एससी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार पासवान, शांति धाम चर्च के पास्टर बलदेव उरांव, स्थानीय कलीसिया के सिस्टर विमला उरांव, पूर्व सरपंच रघुनाथ लकड़ा आदि ने शांति धाम चर्च में प्रार्थना सभा किए। इनके उपरांत दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । इस मौके पर एससी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष प्रदीप

कुमार पासवान ने कहा कि यीशु मसीह का जन्म एशिया महादेश में हुआ था यीशु मसीह पूरे देश दुनिया में संदेश दिया मानव जाति मिलकर रहे एक साथ रहे। सोलह मिलियन लोग यीशु मसीह के भक्त हैं। लोग यीशु मसीह से जुड़े। मौके पर शांति धाम चर्च भखरीपुर के पास्टर बलदेव उरांव ने कहा कि हर साल क्रिसमस डे बड़ा दिन के रूप में मनाया जाता हैं। इस दिन हम सभी लोग चर्च में उपस्थित होकर यीशु मसीह के जन्मदिन पर मोमबत्ती जलाकर उनको याद करते हैं। इनके उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन शांति धाम चर्च के प्रांगण में किया गया जिसमें ग्रुप डांस,म्यूजिकल डांस, गीत, संगीत आदि दिखाकर दर्शकों को मंत्र मुग्ध किया गया। वहीं सिस्टर विमला उरांव ने यीशु मसीह के संसार में आने के महत्व को बताते हुए कहा कि यीशु मसीह शांति और आनंद का संदेश लेकर आए हैं ताकि संसार के लोग आनंद के साथ अपना जीवन व्यतीत कर सके। इस अवसर पर कांग्रेस के एससी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार पासवान, शांति धाम चर्च के पास्टर बलदेव उरांव, सिस्टर बिमला उरांव, पूर्व सरपंच कुरेठा रघुनाथ लकड़ा, रवि कुमार, अमित कुमार, छोटू कुमार, रोशन कुमार, रामप्रसाद लकड़ा, इनोद उरांव, रामप्रसाद केरकेट्टा, प्रहलाद खेसस, पंचदेव लकड़ा, सुनील बाड़ा, मुन्ना लकड़ा, प्रमोद खेसस आदि मौजूद रहे।

क्रिसमस पर चर्चों में उमड़ा जनसैलाब

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बिहारशरीफ। क्रिसमस का पर्व पूरे श्रद्धा, उल्लास और भाईचारे के संदेश के साथ मनाया गया। प्रभु यीशु मसीह के जन्मोत्सव के अवसर पर जिले भर के गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन हुआ, जहां देर रात से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटनी शुरू हो गई। रात 12 बजे के बाद जैसे ही क्रिसमस की घड़ी आई, लोगों ने एक-दूसरे को बधाइयां दीं और प्रार्थनाओं के साथ प्रभु यीशु का स्वागत किया।

सुबह होते ही नालंदा की सड़कों पर अलग ही रौनक देखने को मिली। परिवार और मित्रों के साथ लोग सजे-धजे गिरजाघरों की ओर बढ़ते नजर आए। प्रभु यीशु के जन्म की खुशी में जिंगल बेल्स, कैंडल जलाने और सामूहिक गीत-संगीत से

माहौल भक्तिमय हो गया। फादर द्वारा दिए गए संदेशों को श्रद्धालुओं ने पूरे ध्यान और आस्था के साथ सुना।

बिहारशरीफ स्थित कैथोलिक चर्च में क्रिसमस के मौके पर मेले जैसा दृश्य देखने को मिला। सैकड़ों श्रद्धालु विशेष प्रार्थना सभा में शामिल हुए। बच्चों और युवाओं में खास उत्साह दिखा। सुरक्षा को लेकर स्थानीय पुलिस की ओर से पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

जयमाला शिक्षा निकेतन में प्रतिभा सम्मान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कटिहार। जयमाला शिक्षा निकेतन में प्रतिभा सम्मान समारोह सह अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रामानुजन गणित प्रतिभा खोज परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कक्षा 6 से 10 तक के कुल 24 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

विद्यालय के लिए यह गर्व का विषय रहा कि जिला से 50 चयनित विद्यार्थियों में से 24 विद्यार्थी जयमाला शिक्षा निकेतन से चयनित हुए। विशेष रूप से कक्षा 10 में विद्यालय ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त करते हुए टॉप-10 में 9 स्थान हासिल कर क्लीन स्वीप किया। साथ ही कक्षा 10, 9 एवं 7 में प्रथम एवं द्वितीय स्थान तथा कक्षा 8 में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले

विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। शेष 17 मेधावी विद्यार्थियों सहित कुल 24 छात्रों को प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान प्रदान किया गया।समारोह के दौरान सभी सफल विद्यार्थियों को विद्यालय के सम्माननीय निदेशक डॉ. एसके सुमन द्वारा अभिभावक बैठक के दौरान सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अभिभावकों एवं शिक्षकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। डॉ. सुमन ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि निरंतर अभ्यास, अनुशासन और सही मार्गदर्शन से ही इस प्रकार की सफलता संभव होती है। उन्होंने कहा कि लगातार विद्यालय के छात्र आम छात्राएं देश वी राज्य स्तर के सभी प्रतियोगिता परीक्षा में हमारे छात्र स्फलता हासिल किया इसी कड़ी को आज हमारे प्यारे बच्चे आगे बड़ा रहे है पूर्व से भी बेहतर परिणाम आरहे हैं अब अपना विद्यालय ट्रेडिशनल ऑफ एक्सेलेंसी और रिजल्ट के नाम से जाने जा रहे है ये शिक्षकों एवं अभिभावकों के समानांतर सहयोग का परिणाम है। अभिभावक हमारे छत है तो शिक्षक पिलर है।आप दोनों सहयोग रेल के पटरी की तरह चलता रहेगा तो ट्रैन यर्थाथ विद्यालय के बच्चे ठीक उसी तरह दौड़ता रहेगा जिस तरह दौर रहा है सहयोग से हो रहा हैं इसके लिए आप सभी को हृदय की गहराई से बधाई और शुभकामना दी। कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ किया गया।

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मनसाही/कटिहार। प्रखंड क्षेत्र के कुरेठा पंचायत के भखरीपुर में प्रखंड महामंत्री विनोद उरांव के आवास पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया।

इस मौके पर प्रखंड महामंत्री विनोद उरांव, महिला मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष निरमा देवी सहित कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के तेल चित्र पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर प्रखंड महामंत्री विनोद उरांव ने कहा कि भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की जयंती सुशासन दिवस के रूप में अपने आवास पर मनाए। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई एक ऐसे नेता थे जिन्हें विपक्ष भी सम्मान करते थे उन्होंने पोखरण परमाणु

परीक्षण के माध्यम से भारत को विश्व पटल पर एक सशक्त राष्ट्र के रूप में स्थापित किया। इस अवसर पर भाजपा के प्रखंड उपाध्यक्ष दिनेश पंडित, कुरेठा पंचायत के पंचायत अध्यक्ष विनय कुमार सिंह, महिला मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष निरमा देवी सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

अर्थव्यवस्था की बढ़ेगी रफ्तार; प्रोत्साहन पर कर रहे फोकस

नई दिल्ली, एजेंसी। सरकार अगले वित्त वर्ष 2026-27 के बजट में प्रत्यक्ष कर आधार को व्यापक बनाने, निजी क्षेत्र के निवेश को प्रोत्साहित करने, आर्थिक वृद्धि की रफ्तार बढ़ाने और रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए उच्च प्रत्यक्ष कर दरों को स्थिर रखने पर जोर दे सकती है।

भारत की नई कराधान विचारधारा का स्वरूप : सरलीकरण, संतुलन एवं वृद्धि शीर्षक वाली रिपोर्ट में कहा गया है कि जीएसटी 2.0 के तहत हाल के सुधारों से यह स्पष्ट हुआ है कि मजबूत राजस्व वृद्धि के साथ कर व्यवस्था का सरलीकरण एवं टैक्स दरों में संतुलन संभव है। इससे लंबे समय से जारी इस धारणा को चुनौती मिली है कि कर संग्रह बढ़ाने के लिए टैक्स की ऊंची दरें जरूरी होती हैं।

शोध संस्थान थिंक चेंज फोरम (टीसीएफ) की बुधवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है, भारत जल्द केंद्रीय बजट 2026-27 पेश करने वाला है।इसमें सरकार की ओर से लिए जाने वाले फैसले यह तय करेंगे कि देश की कराधान व्यवस्था दीर्घकालिक आर्थिक विस्तार के लिए उत्प्रेरक बनती है या फिर महत्वाकांक्षाओं पर अंकुश लगाने वाला कारक।

शोध संस्थान ने अपनी रिपोर्ट में कहा, केंद्रीय बजट में दीर्घकालिक नीतिगत स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए अर्थशास्त्र के संतुलन सिद्धांत के अनुरूप उच्च प्रत्यक्ष कर दरों को स्थिर रखने की प्रतिबद्धता जतानी चाहिए।साथ ही, राजस्व जुटाने का

जोर टैक्स दरें बढ़ाने के बजाय कर आधार के विस्तार पर होना चाहिए।

जीडीपी में निवेश विरोधाभास: रिपोर्ट में जीडीपी में बढ़ते निवेश विरोधाभास को भी रेखांकित किया गया है। एक दशक में कंपनियों की लाभप्रदता में सुधार हुआ है, लेकिन निवेश-से-जीडीपी अनुपात 2011 से पहले के उच्च स्तर से काफी नीचे बना हुआ है।यह बताता है कि मुनाफा उत्पादक क्षमता के बजाय वित्तीय एसेट में लगाया जा रहा है।

निवेश में ठहराव को देखते हुए बजट में लक्षित कर प्रोत्साहनों के जरिये कॉरपोरेट आय को वित्तीय निवेशों के बजाय विनिर्माण, आरएंडडी और रोजगार सृजन वाली परिसंपत्तियों की ओर प्रवाहित किया जाना चाहिए।

नीति-निर्माताओं को छह सूत्री सलाह

रिपोर्ट में नीति-निर्माताओं के लिए छह सूत्री सलाह दी गई है।इसमें प्रत्यक्ष करों, प्रवर्तन और निवेश नीति तक जीएसटी सुधारों के सिद्धांतों का विस्तार करने का आग्रह किया गया है। इन सुझावों में मुख्य तौर पर नीतिगत स्थिरता एवं अनुपालन-आधारित वृद्धि को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया है। रिपोर्ट में उच्च टैक्स दरों को स्थिर रखने, दरें बढ़ाने के बजाय प्रौद्योगिकी के माध्यम से प्रत्यक्ष कर आधार का विस्तार करने, मुआवजा उपकर समाप्त होने के बाद एमआरपी (अधिकतम खुदरा मूल्य) आधारित कराधान से बचने, जीएसटी इनपुट कर्ज श्रृंखला को पूरा करने, मुनाफे के उत्पादक पुनर्निवेश को प्रोत्साहित करने और तस्करी-अवैध कारोबार सहित समानांतर अर्थव्यवस्था के खिलाफ कार्रवाई तेज करने की सिफारिश की गई है।

कर आधार बढ़ाना इसलिए जरूरी

रिपोर्ट में कहा गया है कि कर-जीडीपी अनुपात में सुधार के लिए प्रत्यक्ष कर आधार का विस्तार करना अत्यंत आवश्यक है। 140 करोड़ की आबादी में सिर्फ 2.5 से तीन करोड़ प्रभावी करदाता हैं। ऐसे में बजट को दरें बढ़ाने के बजाय जीएसटी, आयकर और उच्च मूल्य उपभोग से जुड़े आंकड़ों को एकीकृत कर प्रौद्योगिकी आधारित टैक्स आधार विस्तार को प्राथमिकता देनी चाहिए।

2026 में निवेशकों को मिल सकता है अच्छा फायदा

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय शेयर बाजार का 63 फीसदी हिस्सा महंगे मूल्य पर कारोबार कर रहा है। इसके बावजूद 2026 में सक्रिय निवेशकों के लिए अच्छे मुनाफे के मौके हैं। निवेशकों के पास कई अवसर होंगे, जहां वे अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। ओमनीसाइंस कैपिटल की रिपोर्ट के मुताबिक, निफ्टी-500 का प्राइस-टू-अर्निंग्स (पीई) रेशियो 24 गुना से ज्यादा है, जो महंगा लगता है। लेकिन 36 बड़ी कंपनियों और 46 मिडकैप कंपनियों का मूल्य कम है। इसका मतलब है कि इन स्टॉक्स में निवेश करना फायदेमंद हो सकता है। निफ्टी-500 के 66 फीसदी स्टॉक्स महंगे हैं, लेकिन मूल्यांकन का दबाव स्मॉलकैप शेयरों पर ज्यादा दिखता है। 150 स्मॉलकैप में से 89 कंपनियों के शेयर के भाव कम हैं। 100 बड़ी कंपनियों में से 63 के शेयर भी सही कीमत पर या सस्ते हैं। इससे साफ है कि इन कंपनियों में निवेश कर अच्छा मुनाफा कमाया जा सकता है। फाइनेंशियल्स, यूटिलिटीज व इंडस्ट्रियल्स जैसे सेक्टरों के शेयर का मूल्य सही है या कम कीमत पर है। इनमें क्रमशः 70, 18 और 83 कंपनियां शामिल हैं।

...तो 22 फीसदी तक मिलेगा रिटर्न

रिपोर्ट के अनुसार, अगर कंपनियों की कमाई में 15 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ोतरी होती है, तो पैसिव निवेशक को एक अंक या कम रिटर्न मिल सकता है। लेकिन जो सक्रिय निवेशक गलत मूल्य वाले स्टॉक्स में निवेश करेंगे, उन्हें 18 से 22 फीसदी तक रिटर्न मिल सकता है।

भारत ने बढ़ाई चीन की बेचैनी

न्यूजीलैंड के साथ एफटीए डील से ड्रैगन का दबदबा होगा कम

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत और न्यूजीलैंड के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट को लेकर बातचीत पूरी हो गई है। वहीं इस डील से चीन की बेचैनी बढ़ चुकी होगी। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव ने कहा है कि यह ट्रेड डील न्यूजीलैंड के आयात में भारत की हिस्सेदारी बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। फिलहाल, न्यूजीलैंड के आयात पर चीन का दबदबा है। ऐसे में भारत और न्यूजीलैंड के बीच डील से चीन का दबदबा कम होगा। वित्तीय वर्ष 2025 में न्यूजीलैंड का चीन से आयात 10 अरब डॉलर था, जबकि इसी अवधि में भारत का न्यूजीलैंड को निर्यात केवल 711 मिलियन डॉलर था। जीटीआरआई ने कहा, भारत उन कई उत्पादों में कम प्रतिनिधित्व करता है जहां वह एक प्रमुख वैश्विक निर्यातक है और न्यूजीलैंड एक बड़ा आयातक है।

जीटीआरआई ने बताया कि यह एफटीए भारत के फार्मास्यूटिकल्स, प्रोसेस्ड फूड, इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीनरी, वाहन और फर्नीचर जैसे उद्योगों के लिए महत्वपूर्ण निर्यात वृद्धि के अवसर खोल सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ये क्षेत्र एफटीए-संचालित विकास के प्रमुख क्षेत्र के रूप में उभरने की उम्मीद है, क्योंकि व्यापार डेटा स्पष्ट रूप से भारत की वैश्विक निर्यात ताकत और न्यूजीलैंड के बाजार में उसकी सीमित उपस्थिति के बीच एक बड़ा अंतर दिखाता है।

सम्मेलन में प्रबंधन समेत कई मुद्दों पर चर्चा

लक्ष्य पाने के लिए गैर-जीवाश्म ईंधन क्षेत्र में निवेशकों का बढ़ाना होगा भरोसा

नई दिल्ली, एजेंसी। सरकार ने 2030 तक गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित 500 गीगावॉट बिजली उत्पादन क्षमता हासिल करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय किया है। गैर-जीवाश्म ईंधन क्षमता में सौर, पवन, बायोमास, अपशिष्ट से ऊर्जा और जलविद्युत परियोजनाओं जैसे स्रोत शामिल हैं। उद्योग मंडल फिक्की की ओर से जारी बयान में क्रिसिल के निदेशक (ऊर्जा एवं जिंस) आशीष मित्तल ने कहा, भारत के 500 गीगावॉट गैर-जीवाश्म ऊर्जा के लक्ष्य को हासिल करने के लिए राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर का ऐसा समन्वित नियामकीय ढांचा जरूरी होगा, जो निवेशकों को

दीर्घकालिक भरोसा दे सके।

मित्तल ने बुधवार को फिक्की के इंडिया पावर एंड एनर्जी स्टोरेज कॉन्फ्रेंस में कहा, निवेश से जुड़े जोखिम कम करने और भारत को जिस पैमाने पर निजी पूंजी की आवश्यकता है, उसे आकर्षित करने के लिए कैप-एंड-फ्लोर (वित्तीय वायदा-विकल्प) तंत्र, परियोजना को व्यावहारिक बनाने के लिए वित्तपोषण (वीजीएफ) और स्टोरेज-एज-ए-सर्विस (क्लाउड कंप्यूटिंग) मॉडल अहम भूमिका निभाएंगे। सरकार को लक्ष्य हासिल करने के लिए इन बातों पर ध्यान देना चाहिए। फिक्की के दो दिन के इस सम्मेलन में नीति-निर्माताओं, नियामकों और उद्योग जगत के शीर्ष अधिकारियों ने हिस्सा लिया। इसमें नवीकरणीय ऊर्जा के एकीकरण की जटिलताओं और तापीय परिसंपत्तियों के प्रबंधन के बीच जूझ रहे ऊर्जा क्षेत्र के लिए एक खाका तैयार करने पर मंथन किया गया। निविदा जारी की जा चुकी है, के लिए बिजली खरीद समझौतों (पीपीए) पर हस्ताक्षर में देरी, परियोजनाओं के लिए जरूरी मंजूरियों/अनुमतियों का समय पर न मिलना समेत अन्य मुद्दे हैं।

वित्तपोषण ढांचे को विकसित करने की आवश्यकता

एसबीआई के उप प्रबंध निदेशक अशोक शर्मा ने कहा, ऊर्जा भंडारण पूंजी-गहन क्षेत्र है, जिसमें परियोजना लागत का बड़ा हिस्सा बैटरियों का होता है। उन्होंने कहा कि इन परिसंपत्तियों के विशिष्ट जोखिम एवं राजस्व स्वरूप को ध्यान में रखते हुए वित्तपोषण ढांचे को विकसित करने की आवश्यकता है।

क्यूआर कोड आधारित क्वालिटी मार्क लॉन्च

अब एक स्कैन में पता चलेगी अस्पतालों और प्रयोगशालाओं की सच्चाई



नई दिल्ली, एजेंसी। सरकार ने बुधवार को एक बड़ा और निर्णायक कदम उठाया है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अधीन आने वाली भारतीय गुणवत्ता परिषद यानी क्यूसीआई ने प्रयोगशालाओं, अस्पतालों और छोटे व मझोले उद्योगों के लिए एक विशेष क्यूआर-कोडेड मार्क ऑफ क्वालिटी लॉन्च किया है। इस नई व्यवस्था का सीधा असर आम जनता और बाजार की पारदर्शिता पर पड़ेगा। क्यूजीसी के अनुसार, इस पहल का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को सशक्त बनाना है। अब तक बाजार में फर्जी या एक्सपायर हो चुके सर्टिफिकेट्स के सहारे चल रहे संस्थानों की पहचान करना मुश्किल था, लेकिन इस क्विक रिस्पांस कोड व्यवस्था के लागू होने से फुल डिस्क्लोजर (पूर्ण खुलासा) सुनिश्चित होगा। जैसे ही कोई नागरिक किसी संस्थान के सर्टिफिकेट पर लगे क्विक रिस्पांस कोड को स्कैन करेगा, उसे तुरंत पता चल जाएगा कि उस लैब, अस्पताल या एमएसएमई यूनिट की मान्यता असली है या नहीं। यह कदम न केवल उपभोक्ताओं को धोखाधड़ी से बचाएगा, बल्कि सही काम करने वाले संस्थानों की साख भी बढ़ाएगा। पारदर्शिता के साथ-साथ जवाबदेही तय करने के लिए क्यूजीसी ने क्वालिटी सेतु /नामक एक नया सिस्टम भी पेश किया है। यह एक सुरक्षित और टिकट-आधारित प्लेटफॉर्म है, जिसे शिकायतों के समयबद्ध निवारण के लिए डिज़ाइन किया गया है। अगर किसी को सेवाओं या गुणवत्ता को लेकर कोई शिकायत है, तो अब उसकी सुनवाई एक तय समय सीमा के भीतर होगी और उसे फीडबैक भी दिया जाएगा। डिजिटल इंडिया और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की दिशा में आगे बढ़ते हुए, क्यूजीसी ने एक और महत्वपूर्ण घोषणा की है।

अब तक एक्रेडिटेशन (मान्यता) प्राप्त करने के लिए संस्थानों को कई अलग-अलग पोर्टल्स के चक्कर काटने पड़ते थे। इस परेशानी को खत्म करते हुए जल्द ही एक सिंगल, पेपरलेस और मॉडर्न एक्रेडिटेशन प्लेटफॉर्म लॉन्च किया जाएगा। यह वन-स्टॉप प्लेटफॉर्म मौजूदा सभी अलग-अलग पोर्टल्स की जगह लेगा, जिससे पूरी प्रक्रिया कागज रहित और बेहद आसान हो जाएगी।

बाजार में बिक रहे विदेशी एफएमसीजी प्रॉडक्ट भी सुरक्षित नहीं, शातिर दे रहे हैं आपको धोखा

नई दिल्ली, एजेंसी। रुबीना का बचपन दिल्ली के पॉश साउथ एक्सटेंशन में बीता है। इन दिनों वह एक मल्टीनेशनल कंपनी में अच्छे ओहदे पर काम कर रही हैं और गुड़गांव के डीएलएफ सबसिटी में रहती हैं। बचपन से ही वह आईएनए मार्केट में खरीदारी करती रही हैं इसलिए जब भी मौका मिलता है वह वहां पहुंच जाती है। आईएनए मार्केट आती हैं वह क्वालिटी प्रोडक्ट के लिए जो कि सामान्य बाजार से महंगी लेकिन बेहद उम्दा होती है। वहीं से वह अमेरिका, यूके या अन्य यूरोपीय देशों में बने चॉकलेट, बिस्कुट, वेफर्स और अन्य एफएमसीजी गुड्स भी खरीदती हैं। इस सप्ताह उसके नजर से दिल्ली पुलिस के एक छापे की खबर पढ़ी तो अवाक रह गईं। उन्होंने तुरंत अपने घर से तमाम विदेशी प्रोडक्ट को निकाल बाहर किया। आइए जानते हैं ऐसा क्यों हुआ।

दिल्ली में पकड़ाया रैकेट

हमारे सहयोगी टाइम्स ऑफ इंडिया ने दिल्ली पुलिस के हवाले से पिछले दिनों एक खबर छापी है। यह खबर है अमेरिका, यूके या यूरोपीय देशों में बने लेकिन एक्सपायर्ड (समाप्त हो चुकी तारीख वाले) फूड प्रॉडक्ट की बिक्री करने वाले रैकेट के बारे में। यह रैकेट विदेशों से एक्सपायर्ड या नियर टू एक्सपायर्ड फूड प्रोडक्ट मंगवाता था। उस पर प्रिंटेड एक्सपायरी डेट को थिनर से साफ कर नए सिरे से डेट प्रिंट किया जाता था। उसके बाद उसे बिल्कुल ताज़ा बताकर अमीर-उमरा के बाज़ारों में बेचा जाता था। पुलिस की इस कार्रवाई में भारी मात्रा में सामान जब्त किया गया और कई लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने पिछले दिनों दिल्ली के सबसे पुराने होलसेल मार्केट सदर बाज़ार के पहाड़ी धीरज और फैज़ गंज जैसे इलाकों में छापेमारी की थी। ये इलाके बड़े-बड़े गोदामों के लिए जाने जाते हैं। वहां भारी मात्रा में खाने-पीने का सामान रखा जाता है। इस छापेमारी के दौरान पुलिस को

भारी मात्रा में एक्सपायर्ड खाने-पीने का सामान मिला। इन सामानों के पैकेट पर प्रिंटेड एक्सपायरी डेट को साफ कर नए सिरे से डेट डाला जा रहा था। ये इतने शातिर हैं कि पैकेटों पर नकली बारकोड भी डाले जा रहे थे। इस छापेमारी में पुलिस ने करीब 4.3 करोड़ रुपये के एक्सपायर्ड खाने-पीने के सामान जब्त किया। इस जब्त किए गए सामान में 43,762 किलोग्राम फूड मैटेरियल और 14,665 लीटर बीवरेज शामिल थे। जब्त किए गए सामानों में चॉकलेट, बिस्कुट, वेफर्स, कैंडी और चिप्स जैसी चीजें थीं, जिनका वज़न 6,047 किलोग्राम था। इसके अलावा, सॉस, केचप, सिरका और मेयोनीज़ जैसी चीजें भी बड़ी मात्रा में मिलीं, जिनका वज़न 23,050 किलोग्राम था। साथ ही, करीब 14,000 लीटर एक्सपायर्ड कोल्ड ड्रिंक्स भी जब्त की गईं। जांचकर्ताओं के अनुसार, ये सभी उत्पाद अपनी एक्सपायरी डेट पार कर चुके थे, लेकिन इन्हें फिर से बेचने की तैयारी की जा रही थी। जांच में पता चला कि ये शातिर मुंबई के एजेंटों के ज़रिए कम कीमत पर नियर टू एक्सपायरी डेट के या एक्सपायर्ड हो चुके खाने-पीने के सामान खरीदता था।

अडानी के नवी मुंबई एयरपोर्ट से शुरू हुआ यात्रियों का आना-जाना

नई दिल्ली, एजेंसी। अडानी एयरपोर्ट्स के नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने गुरुवार को अपना कमर्शियल ऑपरेशन शुरू कर दिया। सुबह 8 बजे बेंगलुरु से इंडिगो की फ्लाइट 6श्460 इस एयरपोर्ट पर उतरी। इसका स्वागत वाटर कैनन से किया गया। इसके तुरंत बाद, सुबह 8:40 बजे इंडिगो की फ्लाइट 6श882 हैदराबाद के लिए रवाना हुई। इस तरह नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने अपनी पहली अराइवल और डिपार्चर का सफर पूरा किया। शुरुआत में इंडिगो, एयर इंडिया एक्सप्रेस, अकासा एयर और स्टार एयर जैसी एयरलाइंस डोमेस्टिक फ्लाइट्स ऑपरेट करेंगी। पहले दिन ही यह नया एयरपोर्ट भारत के नौ अलग-अलग शहरों से जुड़ेगा। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने घोषणा की है कि वह इस नए एयरपोर्ट से बेंगलुरु और दिल्ली के लिए सीधी उड़ानें शुरू करेंगे। अकासा एयर ने भी नवी मुंबई एयरपोर्ट से अपनी सेवाएं शुरू कर दी हैं। अकासा एयर की पहली फ्लाइट दिल्ली से सुबह 5:25 बजे रवाना हुई और 8:10 बजे नवी मुंबई पहुंची। इसके बाद 8:50 बजे यह फ्लाइट दिल्ली के लिए वापस रवाना हुई।

अकासा एयर ने बताया है कि वह नवी मुंबई से गोवा, दिल्ली, कोच्चि और अहमदाबाद के लिए फ्लाइट ऑपरेट करेगी। अकासा एयर आज से गोवा और दिल्ली के लिए, 26 दिसंबर से कोच्चि के लिए और 31 दिसंबर से अहमदाबाद के लिए उड़ानें शुरू करेगी। एयरपोर्ट के मुताबिक आज कुल 15 शेड्यूल डिपार्चर होंगे। शुरुआती दौर में यह एयरपोर्ट दिन में 12 घंटे ही काम करेगा, यानी सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक।

स्टार्टअप के लिए बेहतर वर्ष रहा 2025, आईपीओ से पूंजी जुटाने में मिली मदद

नई दिल्ली, एजेंसी। लंबे समय तक फंडिंग में आई मंदी के बाद 2025 भारतीय स्टार्टअप के लिए बेहतर वर्ष बनकर उभरा है। हालांकि, कुल फंडिंग जुटाने में जरूर कमी आई, लेकिन सौदों का आकार दोगुना बढ़कर 14 लाख डॉलर पर पहुंच गया है। 2024 में यह आकार 7 लाख डॉलर था। इस साल इस क्षेत्र को आईपीओ के जरिये अच्छी खासी पुंजी जुटाने में मदद मिली है।

आंकड़ों के अनुसार, देश के प्रौद्योगिकी स्टार्टअप ने

2025 में 10.5 अरब डॉलर जुटाए। यह 2024 के 12.7 अरब डॉलर से 17 फीसदी और 2023 के 11 अरब डॉलर से 4 फीसदी कम है। 10 करोड़ डॉलर से अधिक के फंडिंग राउंड की संख्या 2024 के 19 की तुलना में घटकर 14 रह गई। हालांकि, बड़े सौदों में एरिशा ई-मोबिलिटी (एक अरब डॉलर), जेप्टो (45 करोड़ डॉलर) और ग्रीनलाइन (27.5 करोड़ डॉलर) शामिल हैं। कम फंडिंग के बावजूद स्टार्टअप आईपीओ में तेजी के चलते नकदी में जबरदस्त उछाल आया। लेंसकार्ट, ग्रो, मीशो और फिजिक्सवाला समेत 18 स्टार्टअप भारतीय स्टॉक एक्सचेंजों पर सूचीबद्ध हुए। इन्होंने कुल मिलाकर 41,000 करोड़ रुपये से अधिक की फंडिंग जुटाई। 2024 में स्टार्टअप कंपनियों ने आईपीओ के जरिये 29,000 करोड़ रुपये की रकम जुटाई थी।

साबुन से लेकर फेस पैक तक... गधी के दूध से लाखों की कमाई

26000 रुपये से की थी शुरुआत

नई दिल्ली, एजेंसी। किसी भी कारोबार के लिए पैसा नहीं एक अलग सोच की जरूरत होती है। इस बात को दुनिया के कई दिग्गज कारोबारी कह चुके हैं। ऐसा ही कुछ किया यूपी की रहने वालीं पूजा कौल ने। उन्होंने गधी के दूध में अपना भविष्य देखा और शुरू कर दिया स्किनकेयर स्टार्टअप। उन्होंने अपने इस कारोबार की शुरुआत 26 हजार रुपये से की थी। यह पैसा उन्होंने गोवा घूमने जाने के लिए जोड़ा था। आज पूजा वह अपने बिजनेस से लाखों रुपये सालाना कमा रही हैं।

साल 2016 की बात है। पूजा कौल टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ

सोशल साइंसेज में पोस्टग्रेजुएट की पढ़ाई कर रही थीं। एक दिन वह महाराष्ट्र के सोलापुर में सरकारी बस में बैठकर कहीं जा रही थीं। उस समय उनका दिमाग अपने कॉलेज प्रोजेक्ट के दबाव में था। यह एक पायलट स्टडी थी जो उनके करियर को दिशा दे सकती थी। तभी, खिड़की के बाहर उनकी नजर गधों के एक झुंड पर पड़ी जो अपने मालिक के साथ चल रहा था। यह देखकर उन्हें जिज्ञासा हुई और उन्होंने बस ड्राइवर से रुकने को कहा। गधों के झुंड के साथ प्रवासी मजदूर थे जो ईंट भट्टों और निर्माण स्थलों पर काम के लिए गधों पर निर्भर थे। पूजा बताती हैं कि गधा पालने वाले परिवार हर साल काम की तलाश में पलायन करते हैं। दिन भर कड़ी मेहनत करने के बावजूद, वे सिर्फ 300 से 400 रुपये कमा पाते थे जो उनके बड़े परिवारों का पेट भरने के लिए भी मुश्किल से काफी होता था। पूजा इस लोगों के साथ मिलकर काम करना चाहती थीं। वे गधी के दूध जैसे अक्सर अनदेखे संसाधन में आर्थिक मूल्य खोजना चाहती थीं। गधी का दूध अपने पौष्टिक गुणों और मानव मां के दूध से समानता के लिए जाना जाता है।

कंबल वितरण के दौरान भगदड़, कार्यक्रम स्थगित

पुलिस की निगरानी में अब कंबल का होगा वितरण : कार्यपालक पदाधिकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मेदिनीनगर(पलामू)। बढ़ते हुए ठंड को देखते हुए नगर पंचायत क्षेत्र में जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण कार्यक्रम चल रहा था। इसी बीच नगर पंचायत कार्यालय के पास अचानक भीड़ बढ़ गई। इससे भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। भगदड़ जैसी स्थिति को देखते हुए पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को स्थगित कर दिया। नगर पंचायत के वार्ड संख्या एक से चार तक के लाभुकों को नगर पंचायत कार्यालय परिसर व वार्ड संख्या पांच से आठ तक के लाभुकों के बीच सीता हाई स्कूल मैदान में कंबल का वितरण किया जाना था। सीता हाई स्कूल

मैदान में कंबल वितरण अपेक्षाकृत शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। फिर भी कई जरूरतमंदों को कंबल नहीं मिल सका। क्रिसमस की छुट्टी होने का कारण कार्यपालक पदाधिकारी मौजूद नहीं थे। इस बाबत कार्यपालक पदाधिकारी फैजुर रहमान से फोन से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि उनके पास लगभग 2236 कंबल उपलब्ध कराया गया है। कंबल बुजुर्गों व लाचार व्यक्तियों को प्राथमिकता के आधार पर दिया जाना है। लेकिन कार्यालय परिसर के पास भीड़ बढ़ने पर धक्का- मुक्की की स्थिति बन गई। इसकी सूचना उन्हें अपने कार्यालय कर्मियों से फोन के माध्यम से मिली। इस दौरान महिला कर्मियों के साथ दुर्व्यवहार की शिकायत भी सामने आई है। कहा कि इस संबंध में छतरपुर एसडीओ को सूचना दे दी गई है। अब आगे कंबल वितरण पुलिस सुरक्षा व्यवस्था के बीच ही कराया जाएगा। कंबल लेने पहुंचे कई बुजुर्ग व लाचार लोग निराश दिखे। भीड़ के कारण उन्हें कंबल नहीं मिल सका। जबकि उन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता थी। नगर पंचायत की तरफ से संजय राणा, लाल मुनी, शशि भूषण, शाहदा आदि मौजूद थे।

जयंती पर याद किये गये भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

खूंटी। पूर्व प्रधानमंत्री 'भारत रत्न' श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर आज खूंटी स्थित भाजपा जिला कार्यालय में अटल की चित्र पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण कर उनको नमन किया गया। यह कार्यक्रम जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता की अध्यक्षता में किया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा ने अपने सम्बोधन में कहा कि 1999 में अटल बिहारी वाजपेयी चुनावी सभाओं को संबोधित करने झारखंड पहुंचे थे। इन सभाओं में अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था आप मेरी सरकार बनवाएं मैं आपको अलग राज्य का तोहफा दूंगा। जनता ने उनकी बात मान ली और केंद्र में अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बन गई। अटल बिहारी वाजपेयी ने भी जनता के मान को सम्मान दिया। 15 नवंबर 2000

को अटल बिहारी वाजपेयी ने जनता को अलग राज्य का तोहफा दे दिया। जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता ने अपने सम्बोधन में अटल बिहारी वाजपेयी को सहिष्णुता, संस्कार और लोकतांत्रिक मूल्यों की राजनीति का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि अटलजी ने राजनीति को गरिमा प्रदान की और लोकतंत्र को मजबूत किया। भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन राष्ट्र सेवा, विचारशील राजनीति और सर्वसमावेशी विकास की प्रेरणा देता है।

जिला महामंत्री संजय साहू ने अपने सम्बोधन में कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी ने कहा था कि भारत कोई भूमि का टुकड़ा नहीं है, भारत एक जीता जागता राष्ट्र पुरुष है। यह वंदन की धरती है, यह अभिनंदन की धरती है। ये अर्पण की भूमि है, ये तर्पण की भूमि है। इसकी हर नदी हमारे लिए गंगा है। इसका हर कंकर हमारे लिए शंकर है। हम जिएंगे तो इस भारत के लिए मरेंगे तो भी इस भारत के लिए और मरने के बाद भी गंगा जल में बहती हमारी अस्थियों को अगर कोई कान लगाकर सुनेगा तो एक ही आवाज आएगी भारत माता की जय।

कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष कैलाश राम, जिला महामंत्री संजय साहू, जिला मिडिया प्रभारी अनुप साहू, महावीर राम, जिला कोषाध्यक्ष प्रियांक भगत, पूर्व नगर उपाध्यक्ष मदन मोहन मिश्रा, मण्डल अध्यक्ष क्रमशः मदन मोहन गोप,अर्जुन पहान, मुचिराय मुंडा, किशोर बड़ाईक, कंचन सिंह, शंकर प्रधान, छोटराय मुंडा, भीम साहू, प्रशांत कुमार,आनंद कुमार, महावीर गोस्वामी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे। उक्त चन्द्रशेखर गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष ने विज्ञप्ति जारी कर दी।

भारत रत्न की जयंती में शामिल रहे विस अध्यक्ष

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गयाजी। भारतीय जनता पार्टी गया जी पूर्वी द्वारा आयोजित भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेई जी की जयंती समारोह कार्यक्रम में बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष विजय मांझी ने की, जबकि मंच संचालन भाजपा जिला महामंत्री पप्पू चंद्रवंशी ने किया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई जी भारतीय जनसंघ और भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्यों में से एक थे। वे भारतरत्न से सम्मानित, प्रखर राष्ट्रवादी, लोकप्रिय जननेता, संवेदनशील कवि, ओजस्वी वक्ता और दूरदर्शी राजनेता थे। अटल जी तीन बार देश के प्रधानमंत्री रहे–13 दिन, 13 माह एवं पूर्ण 5 वर्ष तक–और उन्होंने 24 दलों के गठबंधन की सरकार का सफल संचालन कर राजनीतिक स्थिरता का उदाहरण प्रस्तुत किया।

डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि पोखरण में पांच परमाणु परीक्षण कर अटल जी ने भारत को विश्व पटल पर परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र के रूप में स्थापित किया। स्वर्ण चतुर्भुज सड़क परियोजना के माध्यम से उन्होंने देश की आर्थिक गतिविधियों को नई गति दी।

अंत्योदय एवं अन्नपूर्णा जैसी योजनाओं के जनक के रूप में आज भी गरीबों के घर तक अनाज पहुंच रहा है। संयुक्त राष्ट्र महासभा में हिंदी में भाषण देकर उन्होंने देश की भाषाई अस्मिता को वैश्विक मंच पर सम्मान दिलाया। कारगिल युद्ध के समय उनके सशक्त नेतृत्व में भारत ने पाकिस्तान को करारा जवाब दिया।

उन्होंने कहा कि अटल जी का व्यक्तित्व अद्भुत था–वे हाजिरजवाब, शिष्ट और स्पष्ट वक्ता थे। उनके भाषणों में ओज के साथ-साथ शालीनता भी होती थी, जिससे वे विपक्ष को भी प्रभावित कर देते थे। लाहौर बस यात्रा से उन्होंने शांति का संदेश दिया और अंतरराष्ट्रीय दबावों के आगे कभी नहीं झुके। सुशासन के प्रणेता अटल जी भारतीय राजनीति के लिए एक विश्वविद्यालय के समान थे। संसद में कही गई।

उनकी बातें आज भी प्रासंगिक और सत्य सिद्ध हो रही हैं।

डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि आज अटल बिहारी वाजपेई जी की जयंती पर देशभर में भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता, राष्ट्रभक्त और उनके असंख्य अनुयायी उन्हें श्रद्धापूर्वक स्मरण कर रहे हैं। हम सभी ने भी एकत्र होकर उनके श्रीचरणों में श्रद्धा-सुमन अर्पित किए हैं।

वहीं मौके पर अखौरी निरंजन, अधिवक्ता मुकेश शर्मा, ललिता सिंह, अनिल स्वामी, हरे राम सिंह, नरेंद्र सिंह, सरजू ठाकुर, नरेंद्र सिंह, विनोद सिंह, अशोक शर्मा, अजय तनी, पुष्पा सिंह, सुधांशु मिश्रा, विकास कुमार, शंभू केसरी, अमित लोहानी, देवानंद पासवान, नीमा देवी, धर्मेंद्र गुप्ता, रंजीत सिंह,अमित पासवान, दिलीप सिंह, राहुल सिंह, करुणा सिंह, वसंत जी परमार सहित अन्य मौजूद रहे।

विद्यालय में मना क्रिसमस, डॉ प्रेम कुमार ने लिया रैन बच्चों ने किए रंगारंग कार्यक्रम बसेरों एवं अलाव का जायजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मेदिनीनगर (पलामू)। पाटन मोड़ स्थित गुरुकुल विद्यालय में क्रिसमस डे मनाया गया। इसमें बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया । बच्चों ने जिंगल बेल- जिंगल बेल... गीत पर डांस किया। मौके पर सांता क्लाज ने बच्चों के बीच चॉकलेट वितरित किया। कार्यक्रम में उपस्थित गुरुकुल विद्यालय के अध्यक्ष अनुज सिंह ने कहा कि क्रिसमस-डे लोगों को मिलजुल कर व आपसी भाईचारे के साथ रहने की सलाह देता है।

उन्होंने कहा कि भारत देश सर्वधर्म समभाव वाला देश है। अगर हम सभी धर्म को साथ में लेकर चले व सभी कम्युनिटी के त्योहारों को उत्सव के रूप में मनाए तो अनेकता में एकता का परिचायक होगा। देश के विकास में कोई अड़चन नहीं आएगी।

कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय की सचिव सोनम कुमारी ने बच्चों को क्रिसमस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सभी धर्म को मानने वाले एक साथ मिलकर सभी त्योहारों को मनाना चाहिए। इससे आपस में मतभेद नहीं हो। कार्यक्रम में स्कूल के कोषाध्यक्ष विनोद कुमार मेहता, प्रधानाध्यापक सहेंद्र साव ने भी बच्चों को क्रिसमस-डे की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यदि अपने कर्म को अच्छे से करते हैं तो भगवान यीशु मसीह आपकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण करेंगे।

कार्यक्रम की को-ऑर्डिनेटर सह शिक्षिका विजयलक्ष्मी चौबे ने स्कूल परिसर को शिक्षिकाओं के साथ क्रिसमस थीम पर सजाया। पूरा स्कूल परिसर क्रिसमस के माहौल में रंग चुका था। बच्चों ने भी एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में विद्यालय के छोटे बच्चे प्रतीक्षा, सिद्धि, श्वेता स्वर्ण, आयुषी, नंदिनी, प्रिया, सिया, श्रेया, आयुष ,दीक्षांत, श्रुति, जीवा, आदित्य, प्राची, सृष्टि, सुधा, प्रीतम, कृति, सनी, दीप्ति, सूर्यांश, इम्तियाज, आर्यन, अंकुश राज, सत्यम, सूर्या व हार्दिक संता क्लाज बनकर नृत्य के साथ रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षक- शिक्षिकाओं ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गयाजी। अध्यक्ष बिहार विधानसभा डॉ प्रेम कुमार ने गया जी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत गया टाउन में शीतलहर एवं बढ़ती ठंड को देखते हुए विभिन्न रैन बसेरों, चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों पर की गई अलाव व्यवस्था का निरीक्षण किया।

इस अवसर पर डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि ठंड के मौसम में बेसहारा, जरूरतमंद आमजन एवं राहगीरों की सुरक्षा एवं सुविधा सुनिश्चित करना नगर निगम की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि शहर के प्रमुख स्थानों पर अलाव की समुचित व्यवस्था होना आवश्यक है, ताकि ठंड से किसी प्रकार की जनहानि न हो।निरीक्षण के क्रम में डॉ प्रेम कुमार ने गांधी मैदान स्थित रैन बसेरा संख्या एक, दो, तीन एवं चार, पंचायती अखाड़ा रैन बसेरा, डाक स्थान बैरागी रैन बसेरा, नई गोदाम रैन बसेरा, मुफस्सिल मोड़, खलीज पार्क, गेवाल बिगहा, टावर चौक सहित अन्य स्थानों पर अलाव व्यवस्था का

जायजा लिया।

उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी चिन्हित स्थलों पर नियमित रूप से अलाव जलाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा रैन बसेरों में ठहरने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि जनसेवा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और ठंड के इस मौसम में जरूरतमंदों के प्रति संवेदनशीलता अत्यंत आवश्यक है।

वहीं मौके पर नगर उपायुक्त,सिटी मैनेजर,अधिवक्ता मुकेश शर्मा,पप्पू चंद्रवंशी, विकास कुमार, वसंत जी परमार, ऋषि लोहानी, टिंकू गोस्वामी, पंकज सिंह, निशांत कुमार, बंटी वर्मा, विनय जैन सहित अन्यमौजूद रहे।

मईंया सम्मान योजना की नवम्बर की राशि अंतरित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत नवंबर माह की राशि सभी महिला लाभुकों के खाते में हस्तांतरित कर दी गई है। महिला एवं बाल विकास के सामाजिक सुरक्षा निदेशालय ने क्रिसमस के पूर्व राशि हस्तांतरित करने के निर्देश सभी जिलों को दिए गए थे।

इसके बाद जिलों ने नवंबर माह की राशि हस्तांतरित की। दो-तीन जिलों में यह टास्क लंबित था, लेकिन अंतिम समय में सभी जिलों में भी राशि हस्तांतरित कर दी गई। राशि उन लाभुकों के बैंक खाते में ही हस्तांतरित की गई है, जिनकी आधार सीडिंग हो चुकी है।

अब जिलों में दिसंबर माह की राशि हस्तांतरित करने की तैयारी चल रही है। इस योजना के तहत अगले वर्ष फरवरी माह तक की राशि जिलों में उपलब्ध है।

इस योजना के लिए चालू वित्तीय वर्ष के दूसरे अनुपूरक बजट में राशि का प्रविधान किया गया था।

विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान पारित दूसरे अनुपूरक बजट में कुल 7,721.25 करोड़ रुपये के प्रविधान किए गए थे, जिनमें सबसे अधिक 2,082 करोड़ रुपये की राशि का प्रविधान महिला एवं बाल विकास विभाग के लिए किया गया था।

इस योजना का संचालन इस विभाग द्वारा ही किया जा रहा है। इससे पहले, चालू वित्तीय वर्ष के बजट में मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना के लिए 13,363.35 करोड़ रुपये का प्रविधान किया गया था।

नये साल में यात्रियों को लगेगा झटका

पटना। अब ट्रेन से लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों को जेब अधिक ढीली करनी होगी। भारतीय रेलवे ने लंबी दूरी की यात्राओं के लिए किराए में बढ़ोतरी की घोषणा की थी। नई दरें शुक्रवार से लागू होंगी। रेलवे के इस फैसले से 215 किलोमीटर से अधिक दूरी की यात्रा करने वाले स्लीपर और वातानुकूलित श्रेणियों में सफर करने वाले यात्रियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा।

दशकों तक दबाए गए आदिवासी अधिकारों को कांग्रेस ने लौटाया : बिमला कुमारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मेदिनीनगर (पलामू)। पलामू कांग्रेस जिलाध्यक्ष बिमला कुमारी ने कहा कि झारखंड की गठबंधन सरकार का पेसा कानून को मंजूरी दिया जाना राज्य के आदिवासी समाज, अनुसूचित जनजातियों व वंचित तबकों के लिए एक ऐतिहासिक कदम है। यह निर्णय ग्रामसभा को वास्तविक अधिकार देने व लोकतंत्र को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने की दिशा में निर्णायक पहल है।

बिमला कुमारी ने कहा कि पेसा कानून लागू होने के बाद झारखंड की जनजातियों व अनुसूचित जनजातियों को उनके पारंपरिक अधिकार विधिवत रूप से प्राप्त होंगे। जल, जंगल व जमीन पर उनका नियंत्रण मजबूत होगा।

ग्रामसभा की स्वीकृति के बिना किसी भी प्रकार के भूमि अधिग्रहण, खनन या प्राकृतिक संसाधनों का दोहन संभव नहीं होगा। यह कानून आदिवासी समाज को आत्मनिर्भर, स्वशासी व सम्मानजनक जीवन का संवैधानिक संरक्षण प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि यह क्षण इसलिए भी ऐतिहासिक है क्योंकि 29 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का सपना साकार हुआ है। राजीव गांधी ने पंचायती राज व्यवस्था के माध्यम से गांवों को लोकतंत्र की असली इकाई बनाने की जो दूरदृष्टि रखी थी। उसे आज झारखंड की गठबंधन सरकार ने व्यवहारिक रूप में लागू कर दिखाया है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की राजनीति का मूल आधार हमेशा सत्ता का विकेंद्रीकरण रहा है। कांग्रेस का स्पष्ट विश्वास है कि निर्णय की ताकत राजधानी में नहीं बल्कि गांवों में होनी चाहिए। गरीब, आदिवासी, दलित व पिछड़े वर्गों को शासन व्यवस्था में सीधी भागीदारी मिले, यही कांग्रेस की मूल नीति रही है। पेसा कानून उसी विचारधारा का विस्तार है।

बिमला कुमारी ने यह भी स्पष्ट किया कि पेसा कानून केवल आदिवासियों व अनुसूचित जनजातियों तक सीमित नहीं है। यह अनुसूचित जातियों व ग्रामीण समाज के सभी वर्गों के लिए सशक्तिकरण का माध्यम बनेगा। ग्रामसभा के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार व विकास योजनाओं पर जनता की सीधी निगरानी सुनिश्चित होगी। इससे पारदर्शिता व जवाबदेही बढ़ेगी।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि पेसा कानून के प्रभावी क्रियान्वयन से झारखंड में विकास का एक नया मॉडल स्थापित होगा। इसमें प्रकृति संरक्षण, सामाजिक न्याय व लोकतांत्रिक सहभागिता साथ-साथ आगे बढ़ेगी।

कांग्रेस पार्टी इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए झारखंड की गठबंधन सरकार को बधाई देती है और यह संकल्प दोहराती है कि पेसा कानून को जमीन पर पूरी ईमानदारी व प्रतिबद्धता के साथ लागू कराने के लिए निरंतर संघर्ष व सतत निगरानी की भूमिका निभाएगी।

मारवाड़ी पारिवारिक मिलन समारोह 'आनन्द समागम 2026' संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

धनबाद। धनबाद जिला मारवाड़ी सम्मेलन के तत्वावधान में 25 दिसंबर 2025 को वेडलॉक ग्रीन रिसोर्ट, धनबाद में आयोजित भव्य पारिवारिक मिलन समारोह 'आनन्द समागम 2026' अत्यंत उल्लास, उत्साह और सौहार्दपूर्ण वातावरण में ऐतिहासिक सफलता के साथ सम्पन्न हुआ।

यह आयोजन धनबाद के मारवाड़ी समाज के इतिहास में अब तक का सर्वाधिक और रिकॉर्ड उपस्थिति वाला कार्यक्रम साबित हुआ, जिसने सामाजिक एकता और संगठन शक्ति का सशक्त संदेश दिया।

जिला मारवाड़ी सम्मेलन के आह्वान पर धनबाद जिले में सक्रिय सभी मारवाड़ी सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी, सदस्य और समाजबंधु बड़ी संख्या में अपने परिवार के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए। महिलाओं, बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों की समान रूप से सक्रिय भागीदारी ने इस आयोजन को एक सच्चे अर्थों में पारिवारिक सामाजिक उत्सव का स्वरूप प्रदान किया।

बच्चों के चेहरों पर खिलखिलाती मुस्कान, महिलाओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता और बुजुर्गों की प्रसन्न उपस्थिति यह दर्शा रही थी कि 'आनन्द समागम 2026' हर वर्ग और हर पीढ़ी के लिए आनंददायक और यादगार रहा।

सम्मेलन के अध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि यह आयोजन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि मारवाड़ी समाज की एकता, संगठन शक्ति और सामाजिक समर्पण का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में समाजबंधुओं की उपस्थिति यह सिद्ध करती है कि धनबाद का मारवाड़ी समाज संगठित, जागरूक और एकजुट है। उन्होंने आयोजन को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी सामाजिक संस्थाओं, पदाधिकारियों और समाजबंधुओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

महासचिव सीए ललित कुमार झुनझुनवाला ने बताया कि समारोह के दौरान बच्चों के लिए खेलकूद, महिलाओं के लिए सांस्कृतिक एवं मनोरंजन कार्यक्रम तथा सभी के लिए

स्वादिष्ट और व्यवस्थित भोजन की उत्कृष्ट व्यवस्था की गई थी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम पूरी तरह निःशुल्क होने के बावजूद व्यवस्थाएं उच्चस्तरीय और सराहनीय रहीं, जिसकी सभी उपस्थित समाजबंधुओं ने प्रशंसा की।

कार्यक्रम संयोजक राकेश हेलिवाल ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करने वाली समस्त मारवाड़ी सामाजिक संस्थाओं, स्वयंसेवकों, कार्यकताओं और आयोजन समिति के सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक उपस्थिति ने यह स्पष्ट कर दिया है कि धनबाद का मारवाड़ी समाज न केवल सामाजिक रूप से सक्रिय है, बल्कि भविष्य में भी ऐसे आयोजनों के माध्यम से आपसी संवाद, सौहार्द और एकता को मजबूत करने के लिए तत्पर रहेगा। समापन अवसर पर उपस्थित समाजबंधुओं ने भविष्य में भी इस प्रकार के पारिवारिक एवं सामाजिक आयोजनों को नियमित रूप से आयोजित करने की इच्छा व्यक्त की, ताकि समाज के विभिन्न वर्गों और पीढ़ियों के बीच आपसी जुड़ाव और सहयोग और अधिक सशक्त हो सके।

'आनन्द समागम 2026' को धनबाद के मारवाड़ी समाज के इतिहास में एक स्वर्णिम, प्रेरणादायी और ऐतिहासिक अध्याय के रूप में सदैव स्मरण किया जाएगा।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ बी एन चौधरी, चंद्रशेखर अग्रवाल, पुष्कर मल डोकानिया, डॉ कैलाश प्रसाद, किशन लोहारुका, सज्जन खरकिया, विनोद तुलस्यान, शम्भूनाथ अग्रवाल, राज कुमार झुनझुनवाला, कैलाश पोद्दार, राजेश रिटोलिया, निर्मला तुलस्यान, केदारनाथ मित्तल, मंजू बगड़िया, अधिवक्ता डी एन चौधरी, योगेंद्र तुलस्यान, अनिल मुकीम, जगदीश काबरा, मुरलीधर पोद्दार, चन्द्रशेखर शर्मा, आर बी गोयल, सुरेश अग्रवाल पोद्दार, अनिल गुप्ता, राजेश अग्रवाल, किशन अग्रवाल, अनिल खेमका, विनय अग्रवाल, किशन जिंदल, दीपक अग्रवाल, सुनील हड्डा, संदीप अग्रवाल बबलू, दिलीप गोयल, विकास अग्रवाल विक्की, मिठू सरिया, रितेश शर्मा, अनिल बंसल, ओमप्रकाश बजाज, विशाल सांवरिया, संजय गोयल, जयप्रकाश अग्रवाल, मनीष शर्मा, सत्यनारायण भोजगाड़िया, सतीश अग्रवाल, महेश अग्रवाल, जगदीप अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

हर्षोल्लास के साथ मना प्रभु यीशु का जन्मोत्सव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मेदिनीनगर (पलामू)। स्थानीय देव हेल्थ केयर में आज प्रभु यीशु का जन्म दिवस क्रिसमस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रभु ईसा मसीह को स्मरण के साथ क्रिसमस ट्री के पास देव हेल्थ केयर के चिकित्सकों की टीम ने संयुक्त रूप से केक काट कर व कैंडल लाईटिंग कर की गई। मौके पर वरिष्ठ डॉक्टर आनंद कुमार, डॉक्टर कल्याण कुमार, दंतचिकित्सक डॉक्टर दीपक कुमार ने गरीबों के बीच कंबल वितरण किया। देव हेल्थ केयर संस्थान के चेयरपर्सन डॉक्टर कल्याण कुमार ने कहा कि कहा कि प्रभु यीशु मसीह के प्रेम, शांति व भाईचारे के संदेश को आत्मसात करने की जरूरत है। उन्होंने उपस्थित चिकित्सकों से गरीबों पर दया भाव रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि पलामू में ठंड बढ़ गया है। ऐसे समय में गरीबों, लाचारों व जरूरतमंदों की ठंड से स्थिति खराब हो रही है। इसे देखते हुए 500 कंबल का वितरण

दया, शांति व सेवा भाव ही प्रभु यीशु का है संदेश : डॉ कल्याण कुमार

सुदूर गांव के गरीबों व असहायों के बीच किया जाएगा। उन्होंने चिकित्सकों से समाज के निशक्त, असहाय व गरीबों के बीच दया भाव रखने की अपील की। कहा कि संस्थान के माध्यम से गरीबों के हित संबंधी प्रयास के लिए प्रतिबद्ध हैं। कहा कि देव हेल्थ केयर में अनुभवी डॉक्टर रोगियों का पूरे मनोयोग से समुचित इलाज करते हैं।

देव हेल्थ केयर संस्थान आधुनिक मशीनों से सुसज्जित है। समुचित इलाज के साथ-साथ रियायत दर पर दवा व जांच की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। कार्यक्रम को सफल बनाने में देव हेल्थ केयर के बलराम कुमार, सुखलाल यादव, आलोक कुमार, वीरेंद्र कुमार यादव, सुमित कुमार वर्मा, पुष्पा कुमारी, संगीता कुमारी, शंभू प्रसाद, दीपक कुमार, विश्वजीत, रमाकांत सहित कई लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

मिचेल स्टार्क बड़े रिकॉर्ड के करीब, पीछे छूट जाएंगे लायन और कमिंस

नई दिल्ली, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क एशेज सीरीज में प्रचंड फॉर्म में चल रहे हैं। जोश हेजलवुड और पैट कमिंस की गैरमौजूदगी में स्टार्क ने अकेले दम इंग्लैंड को परेशानी में डाला है और टीम को एशेज सीरीज में जीत दिलाने में बड़ी भूमिका गेंद के साथ-साथ बल्ले से भी निभाई है। मिचेल स्टार्क सिडनी में खेले जाने वाले एशेज सीरीज के आखिरी टेस्ट तक विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन जाएंगे। स्टार्क इस सफर में पैट कमिंस और नाथन लायन को पीछे छोड़ेंगे। कमिंस और लायन एशेज सीरीज के आखिरी दोनों टेस्ट मैचों से बाहर हैं। स्टार्क ने 2019 से 2025 के बीच विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के 52 टेस्ट मैचों में 213 विकेट लिए हैं। अगले 2 टेस्ट में 12 विकेट लेते ही उनके 225 विकेट हो जाएंगे और वह विश्व टेस्ट चैंपियनशिप इतिहास के सबसे सफल गेंदबाज बन जाएंगे। फिलहाल स्टार्क लायन और कमिंस के बाद तीसरे स्थान पर हैं। नाथन लायन 2019 से 2025 के बीच 55 टेस्ट मैचों में 224 विकेट लेकर पहले स्थान पर हैं। पैट कमिंस 2019 से 2025 के बीच 52 टेस्ट मैचों में 221 विकेट लेकर दूसरे स्थान पर हैं। कमिंस एशेज सीरीज का सिर्फ तीसरा टेस्ट खेले थे। एशेज सीरीज में स्टार्क जिस तरह की फॉर्म में हैं उसे देखते हुए पूरी संभावना है कि वह अगले दो टेस्ट मैचों के दौरान विश्व टेस्ट चैंपियनशिप इतिहास के सबसे सफल गेंदबाज बन जाएंगे। स्टार्क शुरुआती तीन टेस्ट मैचों में 22 विकेट ले चुके हैं। स्टार्क के टेस्ट करियर पर नजर डालें तो 35 साल के इस तेज गेंदबाज ने 103 टेस्ट मैचों में 424 विकेट लिए हैं। टेस्ट क्रिकेट इतिहास के वह 14वें सबसे सफल गेंदबाज बन गए हैं।

'हार से दबाव बढ़ता है', स्टीव स्मिथ ने इंग्लैंड के प्रति जताई हमदर्दी

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने निराशाजनक रूप से एशेज सीरीज गंवाने के बाद आलोचना का शिकार हो रही इंग्लैंड क्रिकेट टीम के प्रति हमदर्दी जताई है। स्मिथ ने कहा कि मुझे पता है कि हार के बाद दबाव की स्थिति कैसी होती है। मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में पत्रकारों से बात करते हुए

उन्होंने कहा, 'जब आप हार रहे होते हैं, तो स्पॉटलाइट हमेशा आप पर होती है और चीजों के बारे में बात हो सकती है। उन्हें बहुत बढ़ा-चढ़ाकर बताया जा सकता है। मुझे एक तरह से उनके लिए बुरा लग रहा है। यह मुश्किल हो सकता है। आप एक ऐसे देश में हैं जहां आप जानते हैं कि आप बाहर जाकर मजे कर सकते हैं। आपको उस देश का भी अनुभव करना होता है जहां आप हैं। उन्हें बीच में काफी बड़ा ब्रेक मिला था, लेकिन दबाव की वजह से वह ऐसा नहीं कर पाए।' इंग्लैंड क्रिकेट टीम लगातार तीन टेस्ट हारने के अलावा कई खिलाड़ियों के अधिक शराब पीने की वजह से भी चर्चा में है। इस विषय पर स्मिथ ने कहा, 'मैं इस बारे में ज्यादा बात नहीं कर सकता कि वे कैसा महसूस कर रहे हैं या वे चीजों को कैसे कर रहे हैं, लेकिन हां, मेरा निश्चित रूप से मानना ??है कि जब आप दो टेस्ट मैच हार जाते हैं, और आपको इतना लंबा ब्रेक मिलता है, तो कभी-कभी आपको गेम से दूर होकर पूरी तरह से स्विच ऑफ करने की जरूरत होती है। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड दूसरे और तीसरे टेस्ट के बीच मिले समय के दौरान कई क्रिकेटरों, विशेषकर बेन डकेट, पर अत्यधिक शराब पीने के लग रहे आरोपों की गंभीरता से जांच कर रहा है।ऑस्ट्रेलिया शुरुआती तीन टेस्ट जीतकर सीरीज में 3-0 की अपराजेय बढ़त ले चुका है। मेलबर्न और सिडनी में होने वाले चौथे और पांचवें टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी स्टीव स्मिथ करेंगे और उनकी कोशिश दोनों टेस्ट जीतकर सीरीज में क्लीन स्वीप करने की होगी।

रवि शास्त्री को इंग्लैंड का नया हेड कोच बनाने की उठी मांग

एशेज हारने के बाद ब्रेंडन मैक्कुलम की नौकरी खतरे में आई

नई दिल्ली, एजेंसी। इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच जारी 5 मैचों की एशेज सीरीज के पहले तीन मुकाबलों में ही इंग्लिश टीम ने 3-0 से सीरीज को गंवा दिया. अब टीम के नेतृत्व में बदलाव की मांग तेज हो गई है. पूर्व इंग्लिश स्पिनर मोंटी पनेसर ने कहा है कि टीम को एक नई सोच की जरूरत है. उन्होंने पूर्व भारतीय हेड कोच रवि शास्त्री को ब्रेंडन मैक्कुलम के संभावित उत्तराधिकारी के तौर पर सुझाया है और पनेसर ने कहा कि रवि शास्त्री को ऑस्ट्रेलिया में सीरीज जीतने आता है.

रवि शास्त्री को कोच बनाने की उठी मांग- 2025-26: इंग्लैंड के पूर्व स्पिनर मोंटी पनेसर ने रवि शास्त्री को इंग्लैंड के नए हेड कोच बनने की बात कहीं है. उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शास्त्री के सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड पर जोर देते हुए कहा कि ऑस्ट्रेलिया में अधिक दबाव वाली सीरीज जीतने के लिए जरूरी सामरिक ज्ञान शास्त्री के पास है.

पनेसर ने कहा, 'आपको सोचना होगा कि ऑस्ट्रेलिया को हराने का सही तरीका किसे पता है? आप ऑस्ट्रेलिया की मानसिक, शारीरिक और सामरिक कमजोरियों का फायदा कैसे उठाएंगे. मुझे लगता है कि रवि शास्त्री को इंग्लैंड का अगला हेड कोच बनना चाहिए.' मैक्कुलम की 'बैजबॉल' रणनीति, जिसने



अपने आक्रामक अंदाज के लिए प्रशंसा बटोरी थी, लेकिन इंग्लैंड के घर और बाहर दोनों जगह खराब नतीजों के बाद गहन जांच के दायरे में आ गई है.

रवि शास्त्री ने ऑस्ट्रेलिया में जिताई है दो सीरीज- रवि शास्त्री के मार्गदर्शन में भारत ने ऑस्ट्रेलिया में दो टेस्ट सीरीज जीती है. उन्होंने 2018-19 और 2020-21 में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीती थी. दोनों बार सीरीज का स्कोरलाइन 2-1 रही थी. ऑस्ट्रेलिया में इस उल्लेखनीय सफलता के कारण कुछ पूर्व इंग्लिश खिलाड़ियों, जिनमें पनेसर भी शामिल हैं, शास्त्री को एक ऐसे कोच के रूप में देखते हैं जो ऑस्ट्रेलियाई टीम की कमजोरियों का फायदा उठा सकता है.

क्या हेड कोच की पद छोड़ेंगे मैक्कुलम?- इस बीच चल रही अटकलों के बीच ब्रेंडन मैक्कुलम ने खुद को इंग्लैंड के हेड कोच के रूप में अपने भविष्य के बारे में अनिश्चितता व्यक्त किया है.

ईयर एंडर 2025

सिराज नंबर 1, बुमराह इस स्थान पर; साल 2025 में सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले भारतीय

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय टीम के लिए साल 2025 टेस्ट क्रिकेट के लिहाज से कुछ खास नहीं रहा है। रोहित शर्मा और विराट कोहली ने रिटायरमेंट का ऐलान किया। फिर शुभमन गिल के रूप में भारत को नया टेस्ट कप्तान मिला।

इस साल टेस्ट में भारत के लिए कई अच्छे प्रदर्शन भी खिलाड़ियों ने किए। उसी में से खास नाम रहा मोहम्मद सिराज का जिन्होंने टेस्ट में इस साल भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट लिए। मोहम्मद सिराज ने इस साल टेस्ट विकेटों के मामले में जसप्रीत बुमराह को भी पीछे छोड़ दिया। हालांकि, सिराज ने बुमराह से दो मैच ज्यादा खेले, लेकिन इसमें कोई दो राय नहीं कि सिराज ने बेहतरीन बॉलिंग इस दौरान की। सिराज ने कुल 43 विकेट 10 मैचों में इस साल झटके। ओवरऑल इस साल वह मिचेल स्टार्क के बाद सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज हैं।

सवालों के घेरे में बीसीसीआई

क्या ऐसे सुधरेगा भारत का घरेलू क्रिकेट?

विजय हजारे ट्रॉफी 2025-26 में क्यों लगे सवालिया निशान

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत में एक तरफ घरेलू क्रिकेट को बढ़ावा देने की बात होती है। बड़े से बड़े खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट की अहमियत समझाई जाती है। हालांकि सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या खुद बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड) इसको सही अहमियत देता है या नहीं? मौजूदा विजय हजारे ट्रॉफी में इसको लेकर कई सवालिया निशान लग रहे हैं। बीसीसीआई पर इसको लेकर कई आरोप लग रहे हैं। विस्तार से जानेंगे कि क्यों आरोप लग रहे हैं, कौन आरोप लगा रहा है? उससे पहले आपको बताते हैं कि बुधवार (24 दिसंबर 2025) को जो रिपोर्ट सामने आई उसके मुताबिक बीसीसीआई के जनरल फंड में करीब 3358 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई है। बीसीसीआई का यह फंड पिछले साल 7988 करोड़ रुपये था जो अब 11,346 करोड़ रुपये हो गया है। अब सवाल यही है कि इतना फंड तो है लेकिन इसका इस्तेमाल घरेलू क्रिकेट में क्यों नहीं हो रहा?

फैंस नहीं देख पा रहे विजय हजारे ट्रॉफी के मैच.... बोर्ड द्वारा एक तरफ विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गज खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट में खेलने के लिए बार-बार दबाव बनाया जाता है। लंबे समय बाद ये दोनों दिग्गज विजय हजारे ट्रॉफी 2025-26 में खेल रहे हैं तो फैंस उन्हें लाइव या स्टेडियम में भी सही से नहीं देख पा रहे हैं। विराट कोहली दिल्ली के लिए खेल रहे हैं जिसके शुरुआती मैच पहले चिन्नास्वामी स्टेडियम बेंगलुरु में होने थे, लेकिन अंतिम समय पर एक दिन पहले कर्नाटक सरकार इस स्टेडियम को हरी झंडी नहीं देती है।

पिछले एक दो हफ्ते पहले तक चिन्नास्वामी को सभी आरोपों से मुक्त और सुरक्षा के लिहाज से ग्रीन फ्लैग बताया जा रहा था, मगर विजय हजारे ट्रॉफी 2025 के मैच अचानक 24 घंटे का समय जब बाकी था तो बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्टेडियम शिफ्ट कर दिए गए। यह तो छोड़िए शिफ्टिंग को एक तरफ नजरअंदाज कर दिया जाए और सुरक्षा लिहाज से यह भी जायज मान लेते हैं कि फैंस को स्टेडियम में एंट्री नहीं मिली, पर लाइव स्ट्रीमिंग या लाइव कवरेज क्यों नहीं? क्या बीसीसीआई के पास इसके लिए फंडिंग नहीं थी या प्रॉपर कोई इंतजाम ही नहीं किया गया था। या फिर कहें शायद बोर्ड ने इस टूर्नामेंट और इन घरेलू मैचों को इतनी अहमियत ही नहीं दी कि इसका लाइव प्रसारण या लाइव स्ट्रीमिंग हो। एक तरफ बोर्ड चाहता है कि भारत में घरेलू क्रिकेट को बढ़ावा मिलना चाहिए, लेकिन क्या फैंस के बिना देखे या इसके प्रसारण हुए इसे बढ़ावा मिलेगा? आपने सितारों को तो घरेलू टूर्नामेंट खेलने के लिए राजी कर लिया, लेकिन क्या इतना काफी है?

इशान की सफलता से झारखंड की जीत तक

धोनी के दिमाग ने चली चाल

शाहबाज नदीम ने खोला राज

नई दिल्ली, एजेंसी। झारखंड क्रिकेट इन दिनों सफलता के नए आयाम छू रहा है। इसमें हाल ही में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025 की जीत बहुत महत्वपूर्ण है जो राज्य में क्रिकेट को बढ़ाना देने में अहम भूमिका निभाएगी। एमएस धोनी भी रांची से आते हैं और वह इन दिनों झारखंड क्रिकेट को आगे बढ़ाने में मदद कर रहे हैं। इसका खुलासा खुद झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के संयुक्त सचिव शाहबाज नदीम ने किया है।

इशान किशन, कुमार कुशाग्र, विराट सिंह जैसे खिलाड़ियों ने झारखंड की जीत में भले ही अहम भूमिका निभाई थी, लेकिन पर्दे के पीछे दिमाग एमएस धोनी का था। सोशल मीडिया पर अक्सर 'थाला फॉर ए रीजन' का ट्रेंड वायरल होता है लेकिन इस खुलासे ने इसे सही साबित कर दिया है।

आपको बता दें कि सीजन की शुरुआत से पहले ही पूर्व क्रिकेटर्स शाहबाज नदीम को स्टेट बोर्ड का संयुक्त सचिव और सौरभ तिवारी को सचिव बनाया गया था। नदीम ने अब टीम की सफलता को लेकर एक बड़ा राज खोला है। दरअसल जेएससीए ने रतन कुमार को झारखंड का हेड कोच और सनी गुप्ता को गेंदबाजी कोच बनाया गया था। शाहबाज के मुताबिक ये दोनों नियुक्तियां पूर्व कप्तान एमएस धोनी के सुझाव पर की गई थीं।

खेल रत्न पुरस्कार के लिए हार्दिक सिंह नॉमिनेट

अर्जुन अवॉर्ड को लेकर 24 खिलाड़ियों की सिफारिश

नई दिल्ली, एजेंसी। टोक्यो और पेरिस ओलंपिक गेम्स में भारतीय हॉकी टीम को ब्रॉन्ज मेडल जिताने में अहम भूमिका निभाने वाले हार्दिक सिंह को 'मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार' के लिए नॉमिनेट किया गया है।

चयन समिति ने 'अर्जुन अवॉर्ड' के लिए 24 खिलाड़ियों के नाम की सिफारिश की है। इनमें आरती पाल भी शामिल हैं, जो इस सम्मान के लिए सिफारिश पाने वाली पहली योगासन एथलीट बन गई हैं। बुधवार को युवा मामले और खेल मंत्रालय की ओर से

गठित समिति ने नई दिल्ली में बैठक की।

इस समिति ने 27 वर्षीय मिडफील्डर हार्दिक को पिछले दो वर्षों में भारतीय हॉकी टीम में उनके योगदान के लिए इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए नॉमिनेट किया है।

हार्दिक सिंह 2023 में एशियन गेम्स और राजगीर में एशिया कप 2025 में गोल्ड मेडल जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा भी रहे हैं। पंजाब के खुसरोपुर में जन्मे हार्दिक ने अब तक राष्ट्रीय टीम के साथ 166 मैच खेले हैं।

आईपीएल 2026: केएल राहुल-पृथ्वी शॉ ओपनर

अक्षर के लिए बड़ा सिरदर्द; दिल्ली की संभावित प्लेइंग 11

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली कैपिटल्स की टीम ने आईपीएल 2026 मेगा ऑक्शन के बाद अपने 25 सदस्यीय स्क्वाड को काफी मजबूत कर लिया है। टीम के पास ट्रिस्टन स्टब्स, केएल राहुल, मिचेल स्टार्क जैसे खिलाड़ी पहले ते थे। अब डेविड मिलर, बेन डकेट, लुंगी एनगिडी जैसे और स्टार प्लेयर्स आ गए हैं। दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल के लिए ओपनिंग जोड़ी सिरदर्द बन सकती है।

क्योंकि, टीम ने ऑक्शन में पृथ्वी शॉ को भी खरीदा है जो बतौर ओपनर आईपीएल का अनुभव रखते हैं। बेन डकेट भी ओपनिंग बल्लेबाज हैं। इसके अलावा अभिषेक पोरेल भी जो टीम के एकमात्र विकेटकीपर केएल राहुल के बाद हैं वह भी ओपनिंग करते आए हैं। ऐसे में कौन सी जोड़ी कप्तान अक्षर पटेल उतारते हैं यह देखने वाली बात होगी। फिलहाल शॉ और राहुल की जोड़ी रेस में आगे है।

औकिब, नटराजन में से किसे मौका?

दिल्ली कैपिटल्स की टीम का बैलेंस देखते हुए मुकेश कुमार की प्लेइंग 11 में जगह बनती नहीं दिख रही है। इसके अलावा युवा स्टार जम्मू कश्मीर के औकिब नबी दार या टी नटराजन के बीच कप्तान को चुनना पड़ सकता है। तेज गेंदबाजी में मिचेल स्टार्क और लुंगी एनगिडी दोनों को कप्तान खिलाना चाहेंगे और यह जोड़ी खतरनाक भी हो सकती है। स्पिन की जिम्मेदारी, अक्षर और कुलदीप यादव संभालेंगे। विप्रज बतौर इम्पैक्ट प्लेयर दिख सकते हैं।

दिल्ली कैपिटल्स की संभावित प्लेइंग 11- केएल राहुल (विकेटकीपर), पृथ्वी शॉ, नितीश राणा, ट्रिस्टन स्टब्स, डेविड मिलर, अक्षर पटेल (कप्तान), आशुतोष शर्मा, मिचेल स्टार्क, लुंगी एनगिडी, कुलदीप यादव, टी नटराजन।

कौन हैं स्वास्तिक समल, विजय हजारे ट्रॉफी में दोहरा शतक ठोक रचा इतिहास

IPL ऑक्शन में थे अनसोल्ड

नई दिल्ली, एजेंसी। विजय हजारे ट्रॉफी 2025-26 के पहले दिन कई बेहतरीन परफॉर्मेंस देखने को मिले। उन्हीं में से एक था ओडिशा के 25 वर्षीय बल्लेबाज स्वास्तिक समल का दोहरा शतक। स्वास्तिक समल ने 212 रन की पारी खेलते हुए इस टूर्नामेंट के इतिहास का संयुक्त रूप से चौथा सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर बनाया। हाल ही में अबुधाबी में हुए आईपीएल 2026 के ऑक्शन में स्वास्तिक अनसोल्ड थे।

कर्नाटक ने 413 रन चेज कर दिलाई साउथ अफ्रीका की याद, ये हैं सबसे बड़े वनडे चेज

कौन हैं स्वास्तिक समल?- स्वास्तिक समल दाएं हाथ के बल्लेबाज हैं और लेग ब्रेक गेंदबाजी करते हैं। उनका जन्म ओडिशा के कोरापुट में 27 जुलाई 2000 को हुआ था। उनका पूरा नाम स्वास्किट पीयूष प्रकाश समल है। उन्होंने 2018-19 (24 फरवरी 19) में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी से घरेलू क्रिकेट में एंट्री की थी। फिर अक्टूबर 2019 में उन्हें विजय हजारे ट्रॉफी के जरिए लिस्ट ए डेब्यू का मौका मिला। स्वास्तिक ने 2022 में रणजी खेलते हुए अपना फर्स्ट क्लास डेब्यू किया। स्वास्तिक ने इस साल आईपीएल 2026 ऑक्शन से पहले अपना नाम रजिस्टर करवाया था। उनका नाम ऑक्शन में आया भी था लेकिन किसी भी टीम ने उनके ऊपर बोली नहीं लगाई थी। अब स्वास्तिक ने अपनी दावेदारी ठोकी है और अगले सीजन के लिए टीमों का ध्यान जरूर खींचा होगा।

कैसे हैं स्वास्तिक समल के आंकड़े?- स्वास्तिक समल ने सौराष्ट्र के खिलाफ 212 रन बनाकर विजय हजारे ट्रॉफी 2025-26 का बेहतरीन आगाज किया। इससे पहले रणजी ट्रॉफी 2025 में भी उन्होंने नागालैंड के खिलाफ 169 रन की पारी खेली थी। उसके अलावा उनके बल्ले से इस रेड बॉल टूर्नामेंट में कई शानदार अर्धशतकीय पारियां भी निकली थीं। उन्होंने अभी तक अपने करियर में 21 फर्स्ट क्लास पारियों में 686 रन बनाए हैं जिसमें 2 शतक और 3 अर्धशतक शामिल हैं। उनका उच्चतम स्कोर 169 रन है।

संक्षिप्त समाचार

मिलेगा जाम के झंझट से छुटकारा, 62 हॉटस्पॉट्स पर एक्शन प्लान तैयार



नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली में ट्रैफिक जाम से जूझ रहे लोगों के लिए राहत की खबर है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस और विभिन्न सरकारी एजेंसियों ने शहर के 62 प्रमुख ट्रैफिक हॉटस्पॉट्स पर एक्शन प्लान तैयार किया है। इनमें छोटे बदलाव, अतिक्रमण हटाना और पार्किंग व्यवस्था सुधारना शामिल है। कई जगहों पर काम एक से तीन महीने में पूरा हो जाएगा। ये 62 पॉइंट्स शहर के अलग-अलग इलाकों में हैं। इनमें साउथ एक्सटेंशन पार्ट-1, पंजाबी बाग राउंडअबाउट, यूसुफ सराय मार्केट, आश्रम चौक, कुतुब मीनार टी-पॉइंट, आनंद विहार, कालिंदी कुंज (मथुरा रोड), मायापुरी चौक, सराय काले खान, बवाना चौक, कश्मीरी गेट, अदचिनी विलेज, नारायणा फ्लाईओवर, सरदार पटेल मार्ग, सफदरजंग हॉस्पिटल के पास रिंग रोड और कोहाट-मधुबन चौक कॉरिडोर प्रमुख हैं। कई जगहों पर काम जल्द शुरू होगा। आश्रम चौक पर नेफेड के पास बस स्टैंड को महारानी बाग की ओर करीब 100 मीटर शिफ्ट किया जाएगा। इससे चौक पर बसों की भीड़ कम होगी। नीला गुंबद के पास विजिटर्स के लिए नई पार्किंग बनेगी। कालिंदी कुंज टोल प्लाजा के पास फुटपाथ पर अतिक्रमण वाली संरचना तीन महीने में हटा दी जाएगी। चिराग दिल्ली में डीटीसी ने बस स्टॉप पहले ही एलबीएस मार्ग पर शिफ्ट कर दिया है। यूसुफ सराय मार्केट में एमसीडी पार्किंग को पास की दूसरी जगह तीन महीने में ले जाया जाएगा। अदचिनी विलेज में ट्रैफिक को मदर्स इंटरनेशनल स्कूल की ओर 100 मीटर शिफ्ट करके अतिक्रमण हटाए जा रहे हैं। एमसीडी नियमित अभियान चलाकर चिराग दिल्ली, खानपुर, आश्रम चौक, सराय काले खान, नीला गुंबद, शाहीन बाग की रोड नंबर-13ए, ओखला मोड और जितपुर मोर से अवैध पार्किंग और अतिक्रमण हटाएगी। बदरपुर, देवली, आईजीएनओयू रोड और एमबी रोड पर कचरा डंपिंग साइट्स और साप्ताहिक बाजार छह महीने में शिफ्ट होंगे। ओखला मोर पर डीटीसी बस स्टॉप चौड़ा किया जाएगा और बसें केवल निर्धारित जगह पर रुकेंगी। जितपुर मोर पर बस क्यू शेल्टर बनेंगे और मौजूदा बस स्टॉप की मरम्मत होगी। पीडब्ल्यूडी आश्रम और जितपुर मोर पर सड़क रिपेयर, पॉटहोल भराई और नो पार्किंग साइन लगाएगा।

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर नई पार्किंग शुरू, पिक एंड ड्रॉप शुल्क में बड़ी राहत



नई दिल्ली, एजेंसी। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर अजमेरी गेट की तरफ नई पार्किंग गुरुवार से शुरू हो जाएगी। वाहनों की अधिक संख्या को देखते हुए पार्किंग क्षेत्र को दोगुना किया गया है। पिंक एंड ड्रॉप शुल्क में भी राहत दी गई है। रेलवे ने यहां दो प्रीमियम पार्किंग बनाई हैं। बैरियर से प्रवेश करने के बाद वाहन चालकों के पास दोनों प्रीमियम पार्किंग या सामान्य पार्किंग में जाने का विकल्प होगा। इसके साथ ही पिक एंड ड्रॉप की सुविधा पहले की तरह चलेगी, जिसमें 8 मिनट तक वाहन के लिए कोई शुल्क नहीं होगा। आठ से 15 मिनट के लिए 50 रुपये, 15 से 30 मिनट के लिए 150 रुपये और इससे अधिक के लिए 200 रुपये चुकाने होंगे। पहले 15 से 30 मिनट के लिए 200 रुपये एवं उससे ज्यादा पर 500 रुपये शुल्क लिया जाता था। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर अजमेरी गेट की तरफ लोग पिक एंड ड्रॉप की सुविधा के दौरान जाम में न फंसे, रेलवे यह सुनिश्चित करने में जुटा है। नई पार्किंग व्यवस्था में अगर लेन किसी भी गाड़ी की वजह से बाधित हुई तो इसके लिए पार्किंग ठेकेदार पर जुर्माने का प्रावधान रहेगा।

दिल्ली को धूल मुक्त बनाने का मास्टर प्लान, पीडब्ल्यूडी विकसित करेगा

खुदाई के बाद सात दिन में होगा काम, दो साल तक नहीं खोदेंगे

नई दिल्ली, एजेंसी।
दिल्ली में धूल से होने वाले प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए लोक निर्माण विभाग ने बड़ा कदम उठाया है। विभाग चार मॉडल रोड स्ट्रेच विकसित करेगा, जिनमें दक्षिण दिल्ली का एक हिस्सा शामिल होगा। इन सड़कों को एक सिरे से दूसरे सिरे तक पूरी तरह पक्का किया जाएगा। दोनों तरफ हरी पट्टियां और चौड़े फुटपाथ बनाए जाएंगे, ताकि कहीं भी नंगी मिट्टी न रहे और धूल न उड़े।

पीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने बताया कि सरकार ने फैसला लिया है कि सभी प्रमुख सड़कों को लगातार पक्का किया जाए, कोई अनपेव्ड हिस्सा नहीं बचेगा। लंबे प्लान में रिंग रोड और आउटर रिंग रोड सहित सभी आर्टेरियल रोड को धूल-मुक्त बनाया जाएगा। पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा कि पहले चार मॉडल स्ट्रेच तैयार करने के निर्देश दे दिए गए हैं। ग्रैप प्रतिबंध हटने के बाद ये करीब एक महीने में तैयार हो जाएंगी। फिलहाल इन सड़कों के स्थान की जानकारी उपलब्ध नहीं है।

विभाग ने फील्ड इंजीनियर्स को निर्देश दिया है कि केबल, पाइपलाइन या अन्य यूटिलिटी कार्य के बाद सड़क को सात दिन के अंदर बहाल किया जाए। पुरानी खुदाई वाली सड़कों की मरम्मत के लिए शॉर्ट-टर्म टेंडर जारी किए जाएंगे। नई सड़कें बनने के बाद कम से कम दो साल तक उन्हें दोबारा नहीं खोदा जाएगा। सभी डक्टिंग कार्य भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर किए जाएंगे।

मिट्टी पर पेड़ और सख्त कार्रवाई

खाली जगहों पर पौधारोपण किया जाएगा, ताकि ढीली मिट्टी हवा में न उड़े। कई मामलों में यूटिलिटी एजेंसियां बिना अनुमति सड़कें खोद देती हैं। ऐसे मामलों में अब एफआईआर दर्ज करने सहित कार्रवाई होगी।

पीडब्ल्यूडी अब एमसीडी के साथ मिलकर निर्माण कचरे को रिसाइकल करके सड़कों में इस्तेमाल करेगा। साथ ही, धूल फैला रही ष्ठ्ठ की खराब सड़कों की पहचान करके उनकी रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

कक्षाएं सामान्य रूप से शुरू हो गईं

ग्राप-4 हटते ही दिल्ली की स्कूलों को भी राहत

नई दिल्ली, एजेंसी।
दिल्ली में क्रिसमस से एक दिन पहले पलूशन पर आई खबर राहत लेकर आई है। तेज हवाओं के आगे प्रदूषण ने थोड़ी ही सही हार मान ली है,जिसके बाद दिल्लीवालों को थोड़ी साफ हवा नसीब हुई। एक्यूआई के नीचे जाते ही ग्रैप-4 वाली पाबंदियां हटाने के साथ स्कूली बच्चों की कई क्लासेस को खोल दिया है जिसके बाद कक्षाएं आज से सामान्य रूप से शुरू हो गईं।

दिल्ली के शिक्षा विभाग ने कक्षा 6 से 9 और 11वीं के लिए स्कूलों में सामान्य कक्षाएं फिर से शुरू कर दी गई हैं। नए आदेश में कहा गया कि दिल्ली-एनसीआर के इलाकों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने 24 दिसंबर 2025 को जारी अपने आदेश के तहत ग्राप के चौथे चरण के प्रतिबंधों को हटाने का निर्णय लिया है। इस आदेश के पालन में दिल्ली के सभी सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त और निजी मान्यता प्राप्त स्कूलों को निम्नलिखित निर्देश मिले जिसके बाद कक्षा 6 से 9 और 11वीं कक्षाओं के छात्रों के लिए स्कूल में सामान्य रूप से कक्षाएं आयोजित की जाएंगी। कक्षा 5वीं तक के बच्चों के लिए कक्षाएं हाइब्रिड मोड में चलेंगी, यानी स्कूल में भौतिक उपस्थिति और ऑनलाइन मोड (जहां संभव हो) दोनों विकल्प उपलब्ध रहेंगे। यह व्यवस्था अगले आदेश तक तत्काल प्रभाव से लागू होगी। कक्षा 10वीं और 12वीं के लिए आदेश में यह स्पष्ट किया गया है कि कक्षा 10 और 12 के छात्रों के लिए कक्षाएं पहले की तरह ही भौतिक रूप से चलती रहेंगी। सभी स्कूल प्रमुखों को निर्देश दिया जाता है कि वे यह जानकारी तुरंत छात्रों के माता-पिता और अभिभावकों तक पहुंचाएं। साथ ही, सभी शिक्षा उप-निदेशक इन निर्देशों का सुचारू पालन सुनिश्चित करेंगे। यह आदेश सक्षम प्राधिकारी की पूर्व स्वीकृति से जारी किया गया है।

शराब पिलाकर 12 साल की बच्ची से गैंगरेप, दिल्ली में शर्मनाक वारदात

नई दिल्ली, एजेंसी। राजधानी दिल्ली के समयपुर बादली इलाके में 12 साल की बच्ची को शराब पिलाकर सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने रविवार को सामूहिक दुष्कर्म, पोक्सो और अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज कर लिया है। आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही है। जानकारी के अनुसार, 12 वर्षीय पीड़िता परिवार सहित समयपुर बादली इलाके में रहती है। वह कक्षा छह की छात्रा है। पीड़िता ने बताया कि करीब एक माह से पड़ोस की दुकान में बाल काटने वाले नरोत्तम से जान पहचान थी। इसके अलावा दुकान पर आने वाले ऋषभ से भी परिचय हो गया था। पीड़िता ने बताया कि शनिवार को वह घर के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान शाम को ऋषभ वहां आ गया। उसने बताया कि नरोत्तम ने अपने घर पर जन्मदिन की पार्टी दी हुई है। ऋषभ ने पीड़िता को अपने साथ नरोत्तम के घर पार्टी करने के लिए ले गया। फिर जबरन दोनों ने बच्ची को जान से मारने की धमकी देकर शराब पिलाई और सामूहिक दुष्कर्म किया।

दो दिन में आधा हो गया दिल्ली का एक्यूआई हवा अभी भी जहरीली

तेज हवाओं की वजह से प्रदूषण का स्तर कुछ कम हुआ

नई दिल्ली, एजेंसी।
दिल्ली में लगातार दूसरे दिन हवा की गुणवत्ता में सुधार दर्ज किया गया। तेज हवाओं की वजह से प्रदूषण का स्तर कुछ कम हुआ। सुबह 10 बजे एयर क्वालिटी इंडेक्स 219 रहा, जो 'खराब' श्रेणी में है। पिछले दो दिनों में दिल्ली के एक्यूआई घटकर आधा हो गया है। हालांकि आज भी शहर के कुछ इलाकों की हवा आज भी बेहद खराब दर्ज की गई।

बुधवार को हवा की रफ्तार बढ़ने और दिनभर खिली धूप से दिल्ली के लोगों को प्रदूषण से खासी राहत मिली है। दिल्ली के वायु गुणवत्ता सूचकांक में बीते 24 घंटे में ही 141 अंकों का सुधार हुआ है। बुधवार को दोपहर 4 बजे तक 24 घंटे का औसत एक्यूआई 271 दर्ज किया गया था। यह मंगलवार के 412 के 'गंभीर' स्तर से काफी बेहतर था। दिल्लीवालों को यह बदलाव राहत देने वाला लगा। दिल्ली के लोगों के लिए इस बार का दिसंबर का महीना पहले से कहीं ज्यादा प्रदूषण वाला साबित हो रहा है। मौसम



के कारकों के चलते प्रदूषक कणों का विसर्जन बेहद धीमी गति से हुआ। वहीं, प्रदूषण का उत्सर्जन करने वाले स्रोतों पर अपेक्षित लगाम नहीं लग सकी। इसके चलते पिछले 14 दिनों से दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक 300 से ऊपर ही चल रहा था। इस बीच में 14 दिसंबर को वायु गुणवत्ता सबसे ज्यादा खराब स्तर पर रही। दिल्ली की हवा में चौबीस घंटे में भी बहुत तेजी से सुधार हुआ है। यह सुधार ज्यादा देर टिकने वाला नहीं लग रहा। दिल्ली के लिए एयर क्वालिटी अर्ली वॉर्निंग सिस्टम ने चेतावनी दी है कि गुरुवार शाम से हवा की गुणवत्ता फिर खराब हो सकती है। गुरुवार से शनिवार तक एक्यूआई 'बहुत खराब' श्रेणी में रहने की संभावना है। अगले छह दिनों में भी यही स्थिति बनी रह सकती है।

पुलिस ने पकड़े दो वांटेड अपराधी

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली में आधी रात-अल सुबह के बीच पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। नरेला इलाके में पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में दो वांटेड अपराधियों को घायल के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार, इन दोनों आरोपियों की पहचान अफजल उर्फ इमरान और चंदन उर्फ काकू के रूप में हुई है। ये दोनों नरेला थाने के घोषित अपराधी हैं और इन पर पहले से ही कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। गुरुवार को पुलिस ने नरेला के एनआईटी के पास एक विशेष चेकपोस्ट (पिकेट) लगाया था। आरोपी उस इलाके में हथियार लेकर घूम रहे थे। जैसे ही उन्होंने पुलिस को देखा, उन्होंने पुलिस पर तीन गोलियां चला दीं। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने उनके पैरों पर गोली मारी, जिससे वे घायल हो गए। घायल आरोपियों को पहले आरएचसी अस्पताल ले जाया गया और फिर वहां से बीएसए अस्पताल भेज दिया गया। यह नरेला का रहने वाला है और इलाके का घोषित अपराधी है।

इंश्योरेंस के चक्कर में रची झूठी मौत की साजिश

पांच साल बाद मृत महिला जिंदा लौटी

थान्ह होआ, एजेंसी। वियतनाम के थान्ह होआ प्रांत में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। एक महिला, जो पांच साल पहले कानूनी तौर पर मृत घोषित हो चुकी थी, अचानक जिंदा लौट आई और अपनी मौत का रजिस्ट्रेशन रद कराने की मांग की।

अधिकारियों को यह देखकर झटका लगा कि उनके रिकॉर्ड में इसी नाम और पते वाली महिला की मौत जून 2020 में दर्ज थी। जांच शुरू हुई तो पूरा मामला इंश्योरेंस धोखाधड़ी का निकला, जिसमें करीब 1.2 अरब वियतनामी डोंग (लगभग 40 लाख रुपये) की रकम हड़पी गई है। महिला का नाम गुयेन थी थू है। पुलिस ने उसकी मां ट्रान थी थाप को भी इस मामले में गिरफ्तार किया है। दोनों पर इंश्योरेंस फ्रॉड के आरोप लगे हैं और उन्हें अस्थायी हिरासत में रखा गया है। गुयेन थी थू ने 2017 में अपने पति से तलाक ले लिया था और मां के साथ रहने लगी थी। उस दौरान वह दक्षिणी प्रांतों में काम के लिए जाती रहती थी। इसी बीच उसने फ्रडेंशियल और फू हंग लाइफ इंश्योरेंस कंपनियों से चार लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसियां खरीदीं। 2020 में जब उसे कैंसर का पता चला और घर में झगड़े बढ़ गए, तो थू ने मौत का नाटक रचने की योजना बनाई। उसका मकसद इंश्योरेंस की रकम लेकर नई जिंदगी शुरू करना था। पहले मां ने इस योजना का विरोध किया, लेकिन थू ने बिजली के तार काटकर खुदकुशी की धमकी दी। और इसी डर के मारे मां मान गई। 7 जून 2020 की सुबह थू ने नींद की गोलियां खाईं और बाथरूम में गिरकर खुद को चोट पहुंचाई। चेहरे और नाक पर खरोंचें बनाईं ताकि लगे कि अचानक दुर्घटना में मौत हो गई। फिर वह बिस्तर पर लेटकर मृत हो गई। परिवार और स्थानीय अधिकारियों को सूचना दी गई कि अचानक मौत हो गई है। अंतिम संस्कार जल्दी और गुपचुप तरीके से किया गया ताकि शक न हो। एक स्थानीय शमन को बुलाया गया, जो दफनाने में मदद करे। सिर्फ थू, उसकी मां और शमन को ही सच पता था। शमन की 2022 में मौत हो गई। उसी रात थू चुपके से घर से निकल गई और डोंग नाई प्रांत में जाकर रहने लगी। वहां वह काम करती रही, लेकिन कानूनी तौर पर मृत थी। अगले दिन 8 जून 2020 को मां ने मौत का रजिस्ट्रेशन कराया और इसका कारण अचानक मौत बताया था। इसके बाद इंश्योरेंस कंपनियों से क्लेम किया। जांच में पता चला कि फ्रडेंशियल से 682 मिलियन डोंग और फू हंग से 600 मिलियन डोंग से ज्यादा की रकम मिली, कुल 1.2 अरब डोंग से अधिक की रकम मिली।

मुंह पर चोट, नाक-जबड़े में फ्रैक्चर... ब्रिटेन में मुनीर के गुर्गे ने किया इमरान खान के सलाहकार पर हमला

लंदन, एजेंसी। ब्रिटेन में पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के सलाहकार मिर्जा शहजाद अकबर पर हमला हो गया है। कुछ नकाबपोश लोगों ने उनके घर के पास उन पर अचानक धावा बोला और चेहरे पर जोरदार प्रहार किया। इससे उनकी नाक और जबड़े में फ्रैक्चर हो गया।

अकबर को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनका इलाज चल रहा है। उनके समर्थकों का कहना है कि यह हमला पाकिस्तान के रक्षा प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर के इशारे पर हुआ है।

अकबर इमरान खान सरकार में सलाहकार रह चुके हैं। वे पाकिस्तान के रक्षा प्रमुख असीम मुनीर और वहां के मानवाधिकारों की स्थिति की खुलकर आलोचना करते हैं।

हाल ही में उनका मुनीर के खिलाफ एक भाषण सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इसके बाद पाकिस्तान सरकार ने उन्हें ब्रिटेन से प्रत्यर्पित करने की कोशिश की। समर्थकों का आरोप है कि यह हमला ट्रांसनेशनल दमन का मामला है, जहां पाकिस्तान की सेना के आलोचकों को देश के बाहर भी निशाना बनाया जा रहा है।

वायरल भाषण में असीम मुनीर पर निशाना

अपने वायरल भाषण में अकबर ने मुनीर पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा कि रक्षा प्रमुख ने पिछले साढ़े तीन सालों में पाकिस्तान को डर और दहशत से चलाने की कोशिश की।

अकबर ने कहा, उन्होंने हमारे घरों पर हमला किया, हमारे अपनों को अगवा किया, हमें अगवा किया, हमारे नेताओं को अगवा किया और हमारे परिवारों को अगवा किया। डर और दहशत फैलाने के लिए हर तरह की ज्यादतियां कीं। अगर वे कामयाब होते तो आज हम यहां इतनी बड़ी संख्या में नहीं होते। अगर उनका डर और दहशत फैल गया होता तो पाकिस्तान में इमरान खान की तीन बहनें अदियाला जेल के बाहर नहीं बैठी होतीं। इसका मतलब है कि वे नाकाम रहे हैं।

बर्मिंघम में द क्लोवर स्पा एंड होटल में बिना कपड़ों के लोग मनाएंगे नववर्ष का जश्न

बर्मिंघम, एजेंसी।
दुनिया भर में नए साल के स्वागत की तैयारियां जोरों पर हैं। कहीं आतिशबाजी होगी, तो कहीं म्यूजिक कंसर्ट लेकिन ब्रिटेन के बर्मिंघम में एक ऐसा होटल है जो अपनी अनोखी न्यूड न्यू ईयर ईव पार्टी के लिए चर्चा में है। यहां आने वाले मेहमान कपड़ों का त्याग कर पूरी तरह प्राकृतिक रूप में नए साल का स्वागत करते हैं।

बर्मिंघम स्थित द क्लोवर स्पा एंड होटल एक छोटा लेकिन मशहूर सात कमरों वाला बुटीक होटल है। यह विशेष रूप से उन लोगों के लिए है जो प्रकृतिवाद में विश्वास रखते हैं और बिना कपड़ों के स्वच्छंद रहना पसंद करते हैं।

होटल ने दिसंबर की शुरुआत से ही कई क्रिसमस इवेंट्स आयोजित किए। मेहमानों को मसाज, टर्की डिनर और मिन्स पाई जैसे पारंपरिक पकवान परोसे गए। कपल्स के लिए विशेष वीकेंड पार्टियों का आयोजन किया गया जिसकी सोशल मीडिया पर काफी तारीफ हो रही है। 31 दिसंबर की शाम को होने वाले इस मुख्य आयोजन के लिए होटल ने खास तैयारियां की हैं। जश्न की शुरुआत शाम 6 बजे से होगी और देर रात 1 बजे तक चलेगा। डीजे लियाम के डिस्को म्यूजिक पर मेहमान बिना कपड़ों के डांस और मस्ती करेंगे। मेहमानों के लिए ड्रिंक्स, स्पा सुविधाएं और लजीज खान-पान की व्यवस्था रहेगी। अक्सर ऐसी पार्टियों को लेकर गलतफहमी हो जाती है लेकिन होटल के मालिक टिम हिग्स ने इसे लेकर स्थिति स्पष्ट की है: होटल में किसी भी तरह की यौन गतिविधियों की सख्त मनाही है। यह पूरी तरह से एक सामाजिक और फ्रैंडली माहौल होता है।

फिर लौटी महामारी! न्यू ईयर से पहले खतरे की दस्तक

वाशिंगटन, एजेंसी।
अमेरिका में छुट्टियों और जश्न के माहौल के बीच कोरोना वायरस ने एक बार फिर चिंता बढ़ा दी है। जैसे-जैसे लोग क्रिसमस और नए साल की छुट्टियों के लिए यात्रा कर रहे हैं और ठंडे मौसम के कारण घरों के अंदर समय बिता रहे हैं स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने संक्रमण की एक नई लहर की चेतावनी दी है।

इस साल की शुरुआत में अमेरिका में लेट-समर वेव देखी गई थी जिसका कारण ड्ढस्नत्न वैरिएंट था। इसे वैज्ञानिक भाषा में रूट्राटस भी कहा जाता है। यह वैरिएंट ओमिक्रॉन के अन्य रूपों की तरह ही बहुत संक्रामक है और भीड़-भाड़ वाली जगहों पर आसानी से फैलता है। रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र के ताजा आंकड़ों के अनुसार



अमेरिका के 31 राज्यों में कोविड के मामले बढ़ रहे हैं।

क्या कहते हैं आंकड़े?: संक्रमण के स्तर को मापने के लिए वैज्ञानिक वेस्टवॉटर (गंदे पानी) की जांच करते हैं। इसमें दो अलग-अलग रिपोर्ट सामने आई हैं: 13 दिसंबर तक देशभर में वायरस की मात्रा कम स्तर पर थी लेकिन 15 राज्यों में यह मध्यम से उच्च स्तर पर पहुंच चुकी है।वेंडरबिल्ट यूनिवर्सिटी के विशेषज्ञ डॉ. विलियम शैफनर का कहना है कि वर्तमान में फ्लू के मामले बहुत तेजी से बढ़ रहे हैं जबकि कोविड की रफ्तार फिलहाल धीमी लेकिन स्थिर है। सबसे ज्यादा चिंता 65 वर्ष और उससे अधिक उम्र के लोगों को लेकर है क्योंकि इस आयु वर्ग में अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। विशेषज्ञ इसकी वजह समय के साथ कम होती इम्युनिटी और बूस्टर डोज न लगवाना बता रहे हैं।

फिलहाल अमेरिका के मिडवेस्ट और नॉर्थईस्ट इलाकों में संक्रमण सबसे ज्यादा देखा जा रहा है। मिशिगन, मिनेसोटा, ओहियो, मैसाचुसेट्स, कनेक्टिकट, एरिजोना, कंसास, केंटकी और न्यू हैम्पशायर जैसे राज्यों में कोविड का स्तर हाई या मॉडरेट दर्ज किया गया है।

अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर जरूरतमंद महिलाओं के बीच कंबल वितरण

धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री, श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी एवं सुशासन दिवस के अवसर पर धनबाद विधायक एवं झारखंड विधानसभा के सचेतक राज सिन्हा के द्वारा भूली ई-ब्लॉक स्थित अटल स्मृति पार्क में जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरूआत श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गई।इस अवसर पर ठंड से बचाव के उद्देश्य से करीब 200 जरूरतमंद महिलाओं के बीच कंबल का वितरण संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह के कर-कमलों द्वारा किया गया। पूर्व सांसद पशुपतिनाथ सिंह जी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं स्थानीय नागरिक, पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर जयंती कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कर्मवीर सिंह संगठन महामंत्री भाजपा झारखंड प्रदेश ने कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी का संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, सुशासन और गरीब-कल्याण को समर्पित रहा। अटल जी ने पारदर्शी जवाब दे जनहित ऐसी शासन व्यवस्था की आधारशिला रखी उन्होंने स्वर्णिम चतुर्भुज योजना के माध्यम से देश के चारों कोनों को आपस में जोड़कर प्रमुख औद्योगिक ,कृषि ,रक्षा ,पर्यटन शिक्षा और सांस्कृतिक केंद्रों को संसाधन उपलब्ध कराया।सुशासन दिवस के अवसर पर जरूरतमंदों की सेवा करना ही अटल जी को सच्ची श्रद्धांजलि है। भारतीय जनता पार्टी समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सहायता पहुँचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।झारखंड विधानसभा के सचेतक सह धनबाद विधायक राज सिन्हा ने संबोधित करते हुए कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने देश को सुशासन, विकास और राष्ट्रवाद की नई दिशा दी। उनकी जन्म शताब्दी के अवसर पर भूली अटल स्मृति पार्क में यह सेवा कार्यक्रम आयोजित कर हम सभी स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। गरीबों, महिलाओं एवं जरूरतमंदों की सेवा ही अटल जी के विचारों को आगे बढ़ाने का माध्यम है। अटल जयंती को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने कहा कि अटल जी राजनीतिक क्षेत्र में नैतिकता सुचिता गरिमा और मयार्दा के पक्षधर थे। जिला महानगर अध्यक्ष श्रवण राय ने सम्बोधित करते हुए कहा कि अटल जी का व्यक्तित्व प्रेरणास्रोत है। सुशासन दिवस पर कंबल वितरण जैसे सेवा कार्य समाज के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ते हैं। पार्टी कार्यकर्ता अटल जी के आदर्शों पर चलते हुए निरंतर जनसेवा के कार्य करते रहेंगे।जयंती कार्यक्रम की अध्यक्षता भूली मंडल अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने की संचालन संकट मोचन पांडेय ने किया।कार्यक्रम के सफल आयोजन में भाजपा के पदाधिकारियों, कार्यकताओं एवं स्थानीय नागरिकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। अंत में सभी उपस्थित जनों ने अटल जी के आदर्शों को आत्मसात करने एवं सुशासन के संकल्प को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। झारखंड विधानसभा के सचेतक सह धनबाद विधायक राज सिन्हा के जगजीवन नगर स्थित आवासीय कार्यालय में भी आज सुबह अटल जयंती समारोह मनाई गई।अटल जी के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पण किया गया। विधायक श्री सिन्हा ने विश्व अवसर पर कहा कि जनसंघ से चुनकर संसद पहुंचने वाले वे सबसे कम उम्र के युवा सांसद थे । अपने प्रधानमंत्री काल में पोखरण परमाणु परीक्षण कर पूरे विश्व में भारत का लोहा मनवाया।अपनी प्रतिभा शालीनता तथा वक्तृत्व शैली से उन्होंने संसद में अमित छाप छोड़ी। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला महामंत्री मानस प्रसून ,जिला उपाध्यक्ष अजय निषाद, वीरेंद्र हंसदा जिला मंत्री पंकज सिन्हा, अर्चना सिंह,केंदुआ मंडल अध्यक्ष रंजय सिंह,पूर्व मंडल अध्यक्ष सुमन सिंह, ललन मिश्रा,श्रीनिवास सिंह, अशोक यादव,ललन मिश्रा ,बबलू सिंह, विष्णु सिंह, प्रयाग रविदास, इंद्रकांत झा, संकट मोचन पांडे ,कुणाल रंजन ,राजेश कुमार ,पंकज सिंह जेडी चौहान ,मनमोहन सिंह , निर्मल प्रधान,मुकेश लाल यादव, गौतम पासवान, सखीचंद महतो, बबलू फरीदी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

अटल बिहारी वाजपेयी के सपने को साकार कर रहे पीएम नरेन्द्र मोदी : संजय त्यागी

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती बोकारो विधानसभा बूथ संख्या 388 में सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। उक्त अवसर भाजपा बोकारो जिला महामंत्री संजय त्यागी ने पूर्व प्रधानमंत्री को स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उपस्थित ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को झारखंड से काफी लगाव था, उनके प्रयास से ही अलग झारखंड राज्य गठन का सपना पूरा हुआ। अटल जी की विचार धारा चाहे वह सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के रूप में हो या एकात्म मानववाद के रूप में या अन्त्योदय के रूप में इसे भारत की जमीन पर उतारने का काम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कर रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से निवर्तमान भाजपा चास नगर उत्तरी के अध्यक्ष पन्नालाल कांदु भाजयुमो बोकारो जिला के पूर्व महामंत्री बुद्धेश्वर घोषाल,प्रकाश प्रामाणिक,पवन दत्ता,सेंटी कांदु, वासुकीनाथ दत्ता,पोलित मोदक, साधन घोषाल,ऋषभ घोषाल,अमृत रजवार,अजीत बाउरी, धर्मेन्द्र बाउरी,राजू बाउरी,मनीष, बैधनाथ शर्मा एवं बीरेंद्र कुमार उपस्थित थे।

संक्षिप्त समाचार

कर्ण समागम बोकारो ने गरीबों के बीच बांटे कंबल

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। वृद्धाआश्रम चास, स्वास्थ्य केंद्र तेलीडीह, चास, सेक्टर 8, राममंदिर सेक्टर 6 में कर्ण समागम के द्वारा गरीब वृद्धों के बीच कंबल, ऊनी कपड़े, मिठाई का वितरण किया गया। साथ ही साथ पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिन के अवसर पर सांइ मंदिर में मिठाई का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष अनिल कुमार कर्ण, महासचिव मिहिर चंद कंठ, उप महासचिव अमरनाथ लाल दास, कोषाध्यक्ष परिणव कुमार, संयुक्त सचिव संजय कुमार कर्ण, सचिव अशोक कुमार कर्ण, सुशील कांत दास, मीडिया प्रभारी रंजन कुमार कर्ण, धीरेन्द्र प्रसाद सिन्हा, सिद्धेश नारायण दास,बी.एल.डी रमण उपस्थित थे। बताते चलें कि कर्ण समागम बोकारो हर समय इस तरह के सामाजिक एवं गरीब कल्याण हेतु विभिन्न तरह के कार्यक्रमों का आयोजन करता है।

मो. रफी की 101वीं जयंती पर सजी सुरों की महफिल

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। फिल्म संगीत के महान पार्श्वगायक मो रफी की 101वीं जयंती पर बुधवार की शाम सेक्टर 6 सी में संगीत संध्या आयोजित कर बोकारो के कलाकारों ने उन्हें स्वरमयी श्रद्धांजलि दी। स्वरागिनी म्यूजिकल ग्रुप के बैनर तले आयोजित इस कार्यक्रम में बोकारो के प्रसिद्ध गायक अरुण पाठक, रमण चौधरी, अरुप कुमार मिश्रा, संगीत निर्देशक मनोज उपाध्याय उर्फ सुमन जी, वरिष्ठ रंगकर्मी शंभु झा, शिक्षक व संगीत प्रेमी नीरज सिंह, गंगाधर मिश्रा आदि ने रफी साहब की तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्पार्चन कर उन्हें नमन किया। वक्ताओं ने रफी साहब को फिल्म जगत का अनमोल रतन बताते हुए कहा कि उनकी गायकी बेमिसाल थी। उन्होंने दर्द, विरह, प्रेम, उमंग, भक्ति हर तरह के गीतों को गाकर अपार लोकप्रियता हासिल की। उनके गाए नग्में सदैव अविस्मरणीय रहेंगे। इस अवसर पर कलाकारों ने मो रफी के गाए कुछ प्रसिद्ध गीतों की सुमधुर प्रस्तुतियों से उन्हें स्वरमयी श्रद्धांजलि दी।

अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के उपलक्ष्य में मंत्री ने किया 8 ई रिक्शा का वितरण

धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बेलगड़िया भ्रमण के दौरान कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के उपलक्ष्य पर बेलगड़िया ई-रिक्सा सहयोग समिति लिमिटेड पलानी, बलियापुर प्रखण्ड के माध्यम से समिति सदस्यों के स्वारोजगार को बढ़ावा देने हेतु उपायुक्त आदित्य रंजन के सहयोग से तथा जेआरडीए (बीसीसीएल सीएसआर) के सौजन्य से कृष्ण कुमार यादव, आजाद अंसारी मोहम्मद नियाज सत्य प्रकाश राम अरुण दुबे संजय निषाद अमूल्य दास एवं इंद्रदेव साहू को नई ई रिक्शा की चाबी प्रदान की। साथ ही राधा देवी को जन वितरण प्रणाली एवं विस्थापित उदय कुमार राय को शोपिंग कोम्प्लेक्स में दुकान एलॉट की।

मुखिया ने गरीब और असहायों के बीच बांटे कंबल

चंदनकियारी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बढ़ती ठंड और शीतलहर को देखते हुए बांसतोड़ा पंचायत के मुखिया विप्लप चक्रवर्ती ने दर्जनों गरीब और असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया ताकि इस कड़ाके की ठंड में उन्हें कुछ राहत मिल सके। बांसतोड़ा पंचायत भवन परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान मुखिया विप्लप चक्रवर्ती ने खुद अपने हाथों से जरूरतमंदों को कंबल ओढ़ाए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की मदद करना ही सबसे बड़ी सेवा है। ठंड के प्रकोप को देखते हुए यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई भी गरीब बिना गर्म कपड़ों के न रहे।कंबल वितरण के इस पुण्य कार्य में मुखिया के अलावे सपन चक्रवर्ती, श्रीकांत चक्रवर्ती, तारकनाथ बनर्जी,वार्ड सदस्य रवि कुमार,गौतम महतो, कालाचन्द महतो,इसके अलावा पंचायत के अन्य कई सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय ग्रामीण भी इस मौके पर उपस्थित रहे। कंबल पाकर ग्रामीणों के चेहरे खिल उठे। स्थानीय लोगों ने मुखिया और उनकी टीम के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि समय पर मिली इस मदद से उन्हें रात की हाड़ कंपा देने वाली ठंड से बचने में काफी मदद मिलेगी।

मनाई गई महामना पंडित मदन मोहन मालवीय की जयंती

धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। महामना पंडित मदन मोहन मालवीय की जयंती गुरुवार को धनबाद में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर रणधीर वर्मा चौक स्थित पंडित मदन मोहन मालवीय की प्रतिमा पर भारतीय जनता पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम से पूर्व भाजपा कार्यकताओं द्वारा प्रतिमा की साफ-सफाई की गई तथा आसपास के परिसर को भी स्वच्छ किया गया। इसके बाद उपस्थित भाजपा नेताओं और समर्थकों ने मालवीय जी के चित्र व प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनके विचारों और योगदान को स्मरण किया। मौके पर मौजूद भाजपा नेता मुकेश पांडेय ने कहा कि पंडित मदन मोहन मालवीय का शिक्षा के क्षेत्र में योगदान अतुलनीय है। काशी हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना कर उन्होंने देश में उच्च शिक्षा को नई दिशा दी। उनका जीवन राष्ट्रसेवा, शिक्षा और सामाजिक उत्थान के लिए समर्पित रहा, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। कार्यकताओं ने पंडित अटल बिहारी वाजपेई के तस्वीर पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा समर्थक, स्थानीय नागरिक और गणमान्य लोग उपस्थित थे। सभी ने महामना के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया।

श्रीराम सेना सहित कई संगठनों ने तुलसी दिवस पर तुलसी पौधा वितरण किया

धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। तुलसी दिवस के अवसर पर श्री राम सेना व अन्य सामाजिक संगठनों के द्वारा धनबाद के रणधीर वर्मा चौक पर लोगों को निःशुल्क तुलसी पौधा वितरण किया गया। श्री राम सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व समाजसेवी उदय प्रताप सिंह ने कहा, हिंदू परंपराओं के अनुसार विधि विधान से तुलसी पूजन करना बेहद शुभ माना जाता है। शास्त्र के अनुसार माना जाता है कि तुलसी में लक्ष्मी का वास होता है। लक्ष्मी सुख-समृद्धि की देवी है।आयुर्वेद में भी तुलसी के पौधे का महत्व बताते हुए इसे औषधि कहा गया है। विभिन्न बीमारियों में इसका सेवन अत्यंत लाभकारी होता है।तुलसी का पूजन करने से नकारात्मकता का अंत होता है और घर खुशियों से भरा रहता है। कहा कि सभी हिंदू भाई- बहने आज तुलसी पूजन दिवस के दिन विधि-विधान से तुलसी की पूजा करें। तुलसी पौधा वितरण में मुख्य रूप से श्रीराम सेना के अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह,यूथ फोर्स धनबाद के अध्यक्ष अभिषेक विश्वकर्मा , महासचिव शंकर पांडे , वरीय उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिन्हा , महामंत्री चीकू कुमार , संगठन महामंत्री शुभम शर्मा, भाजपा ग्रामीण के जिला महामंत्री मनोज मिश्रा, जिला मंत्री प्रकाश बावरी,जय धरती मां फाउंडेशन के संस्थापक रवि कुमार निषाद , रंजीत कुमार, मानव मानवाधिकार प्रोटेक्शन के प्रदेश प्रभारी सुदिस्ट कुमार,प्रदेश संगठन मंत्री संगीत सिंह, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नरेश यादव, प्रदीप सिंह प्रवीण कुमार सिंह, अजय पांडे, प्रदीप सिंह,अविनाश सिंह, सखिअम फाउंडेशन की अध्यक्ष भारती दुबे, रीना श्रीवास्तव, पंख एक नई दिशा की अध्यक्ष पिंकी गुप्ता, संजय सिंह समेत श्री राम सेना व अन्य संगठनों के लोग शामिल थे।

भाजपाइयों ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को अर्पित किए श्रद्धा सुमन

जैनामोड (बोकारो)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। भारतीय जनता पार्टी जरीडीह प्रखंड इकाई के तत्वाधान में जैनामोड़ स्थित भाजपा किसान मोर्चा कार्यालय में अटल स्मृति दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के योग दृष्टा संस्थापक अध्यक्ष एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई की जन्म जयंती समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री अर्जुन सिंह ने कहा, स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई के जीवन आदर्श से प्रेरणा लेकर राष्ट्र के लिए पूर्ण समर्पण भाव से सेवा करना है, ताकि देश को परम वैभव तक पहुंचने में सामूहिकता के साथ आगे बढ़ाना है। बेरमो पूर्व विधायक बाटुल महतो ने भी पंडित अटल बिहारी वाजपेई की जयंती के अवसर अपने विचार व्यक्त किए। जरीडीह मंडल अध्यक्ष विक्रम गोस्वामी के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जरीडीह मंडल महामंत्री सुनील मंडल, मनोज ठाकुर, सुभाष चंद्र महतो, सतीश राय, कृष्ण सिंह, बालेश्वर मुर्मू, दीपक सिंह, केदार महतो, गोपाल दास, सरवन दास, सुरेश प्रसाद, वकील कुमार, कुमार प्रकाश, जगतपति सिंह, दिनेश ठाकुर ,मेघनाथ गोसाई इत्यादि उपस्थित हुए।

नगर-निकाय चुनाव में आम आदमी पार्टी उतारेगी उम्मीदवार

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। नगर निकाय चुनाव को लेकर गुरुवार को स्थानीय सेक्टर पांच पुस्तकालय मैदान में आम आदमी पार्टी बोकारो जिला कमिटी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जोनल पर्यवेक्षक विधान चंद्र राय तथा संचालन जिला प्रभारी अरविंद विकाश ने किया। बैठक में नगर निकाय चुनाव प्रभारी के रूप में कौशल किशोर बच्चन और के विश्वा उपस्थित थे। बैठक में सर्वसम्मत निर्णय लिया गया कि आम आदमी पार्टी चास नगर निगम और फुसरो नगर परिषद के सभी वार्ड और मेयर के चुनाव में अपने समर्थित उम्मीदवार उतारेगी। राज्य से नियुक्त पर्यवेक्षक कौशल कुमार बच्चन ने कहा कि झारखंड प्रदेश के सभी सीटों पर आम आदमी पार्टी समर्थित उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। इसकी तैयारी पूरे राज्य में चल रही है। दूसरे राज्य पर्यवेक्षक के विश्वा ने कहा कि आज आम आदमी पार्टी की ओर देश भर में लोग आशा भरी निगाह से देख रहे है। अरविंद केजरीवाल की जनोन्मुख नीतियों के कारण देश के कई राज्यों में सांसद, विधायक, मेयर, पार्षद आदि चुने गए हैं। झारखंड के नगर-निकाय चुनाव में आप उल्लेखनीय सफलता हासिल करेगी। बैठक मे उपस्थित प्रदेश मीडिया सह प्रभारी कुमार राकेश और जोनल पयार्वेक्षक विधान चंद्र राय ने चास और फुसरो में संगठनात्मक विस्तार और विकल्प प्रस्तुत करने की जरुरत बतायी। कार्यक्रम में जिला सह प्रभारी बैजनाथ गोराई, जिला संगठन प्रभारी उत्तम सिंह चौधरी, प्रवक्ता मिथिलेश गिरि, महिला प्रकोष्ठ प्रभारी मंजुला देवी, अशोक कुमार मंडल, अशोक कुमार, मनौवर अंसारी, मनौवर अली, गयासुद्दीन अंसारी, आनंद मंडल, शंभुनाथ चौधरी, कैलाश महतो, मदन पाठक, सुधीर कुमार, सुमन सिंह मिट्ठू, जमालुद्दीन अंसारी, हंसनाथ चौहान सहित अन्य उपस्थित रहे।

सांसद खेल महोत्सव का हुआ समापन खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। धनबाद के बाघमारा स्थित चीताही धाम स्टेडियम में गुरुवार को सांसद खेल महोत्सव का समापन समारोह आयोजित किया गया। समापन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में धनबाद सांसद दुलु महतो, बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो, झरिया विधायक रागिनी सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, समर्थक और खेल प्रेमी मौजूद रहे। समारोह के दौरान पिछले एक पखवाड़े से आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इस खेल महोत्सव में क्षेत्र के ग्रामीण और शहरी इलाकों से बड़ी संख्या में युवाओं ने हिस्सा लिया, जिससे स्थानीय खेल प्रतिभाओं को मंच मिला। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए धनबाद सांसद दुलु महतो ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच है कि देश में खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा दिया जाए। इसी उद्देश्य से राष्ट्रीय स्तर पर सभी सांसदों को अपने-अपने क्षेत्रों में खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि स्वस्थ राष्ट्र निर्माण के लिए खेल जरूरी हैं और गांव-गांव से प्रतिभाएं निकलें, यही प्रधानमंत्री की परिकल्पना है। आज यह सोच धरातल पर उतरती दिखाई दे रही है और धनबाद लोकसभा क्षेत्र से भी कई उभरती हुई खेल प्रतिभाएं सामने आई हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजन समिति के सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

28 दिसंबर से बोकारो में होगी तीन दिवसीय प्रांत स्तरीय जनजातीय खेलकूद प्रतियोगिता

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। वनवासी कल्याण केंद्र झारखंड द्वारा प्रांत स्तरीय जनजातीय खेलकूद प्रतियोगिता 2025 के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन हेतु आज सेक्टर 2 ए स्थित संघ कार्यालय में एक बैठक हुई। वनवासी कल्याण केंद्र के प्रांत संगठन मंत्री सुशील मरांडी ने बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में बोकारो जिला समिति, बोकारो महानगर समिति, महिला समिति के साथ-साथ संघ से जुड़े विविध अनुषांगिक संगठनों के कार्यकर्ता एवं प्रबुद्ध व्यक्ति उपस्थित रहे। सुशील मरांडी ने आगामी 28, 29 व 30 दिसंबर 2025 को बोकारो स्थित कुमार मंगलम स्टेडियम में आयोजित होने वाली जनजातीय खेलकूद प्रतियोगिता के संबंध में विस्तार से बताया । उन्होंने बताया कि इस खेलकूद प्रतियोगिता में सुदूर ग्रामीण जनजाति क्षेत्रों में निवास करने वाली जनजातियों युवक युवतियों को ग्राम प्रखंड एवं जिला स्तर की प्रतियोगिताओं के पश्चात सफल प्रतिभागियों को इस प्रांत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्राप्त हुआ है । तीन आयु वर्गों 14 वर्ष से नीचे, 17 वर्ष से नीचे एवं 21 वर्ष से नीचे सब जूनियर जूनियर एवं सब जूनियर ग्रुप बालक बालिकाओं के लिए फुटबॉल एथलेटिक्स 100मी, 200मी, 400मी, 800मी एवं 1500 मी की दौड़, गोला फेंक, गुलेल आदि प्रतिस्पधाएं संपन्न होंगी । तीन दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता के आयोजन हेतु उपस्थित लोगों में काफी उत्साह एवं उमंग का वातावरण है । सभी ने इस आयोजन के लिए हम सभी प्रकार से सहयोग करने उत्साहपूर्वक संकल्प दुहराया हैं । आज की इस बैठक प्रतियोगिता हेतु संचालन समिति का विस्तार करते हुए विभिन्न तरह की व्यवस्था समितियों के बारे में लोगों को जानकारी दी गई । साथ ही साथ उन्हें जिम्मेदारी दी गई।

बेलगड़िया निवासियों को परमानेंट पट्टे पर मिलेगा फ्लैट : जी किशन रेड्डी

धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। भारत सरकार के कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने बेलगड़िया टाउनशिप का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने नवनिर्मित प्रशासनिक भवन तथा सोलर स्ट्रीट लाइट का उद्घाटन तथा फेज 6, 7 एवं 8 का शलान्यास किया। उन्होंने जेआरडीए द्वारा विकसित वेबसाइट एवं शिकायत निवारण केंद्र का अवलोकन किया। मंत्री ने स्वयं सहायता समूह तथा एसीआइसी,आईएसएम फाउंडेशन द्वारा विकसित जुट एवं बांस हैंडीक्राफ्ट का निरीक्षण किया। उन्होंने स्थानीय लोगों से वार्ता कर उनके सुझाव व समस्या सुनी तथा उसका दीर्घकालिन समाधान करने का भरोसा दिया। अपने संबोधन के दौरान मंत्री ने कहा कि अब बेलगड़िया निवासियों को परमानेंट पट्टे पर फ्लैट मिलेगा। इसमें वे पीढ़ी दर पीढ़ी रह सकेंगे लेकिन फ्लैट को बेच नहीं सकेंगे। उन्होंने कहा कि अग्नि प्रभावित क्षेत्र में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थान पर बसाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार चिंतित है और इस दिशा में लगातार जिला प्रशासन, भारत कोकिंग कोल लिमिटेड तथा जेआरडीए के साथ मिलकर आगे बढ़ रही है और लोगों के हित में काम कर रही है। प्रधानमंत्री भी हर महीने इसकी समीक्षा करते हैं। प्रभावित परिवारों को सुरक्षा देना और उनका जीवन बदलना टाउनशिप बनाने का मकसद है। इसी उद्देश्य से झरिया मास्टर प्लान 2.0 की कार्यप्रणाली तैयार की गई है। लोगों के सुझाव के आधार पर अलग-अलग योजनाएं तैयार की गई है। मंत्री ने टाउनशिप निवासियों को उनके मन की हर आशंका दूर करने तथा जो लोग अभी भी प्रभावित क्षेत्रों में रहते हैं उन्हें टाउनशिप में आने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। मंत्री ने कहा कि टाउनशिप निवासियों की हर समस्या दूर करने के लिए प्रधानमंत्री ने भी निर्देश दिए हैं। जिला प्रशासन भी प्रभावित परिवारों को अच्छा जीवन देने के लिए प्रतिबद्ध है। मंत्री ने कहा कि लंबे समय के बाद टाउनशिप में युद्ध स्तर पर सफाई अभियान चलाया गया। पानी की समस्या भी शीघ्र दूर होगी। लोगों की समस्या का निराकरण के लिए एक स्थाई प्रशासनिक ब्लॉक, शिकायत निवारण केंद्र तथा वरीय पुलिस अधीक्षक के सहयोग से टीओपी बनाई गई है। उन्होंने कहा अब लोगों को बलियापुर थाना नहीं जाना पड़ेगा। कहा कि लोगों को पट्टे पर फ्लैट मिलने से आवासीय, जाती सहित अन्य प्रमाण पत्र बनाने में सरलता होगी। बेलगड़िया आने-जाने के लिए चार इलेक्ट्रिक बस निःशुल्क चलाई जा रही है। वहीं लोगों की सुविधा के लिए शॉपिंग कंपलेक्स बनाया गया है। जन वितरण प्रणाली व मिल्क पार्लर खोला गया है। समारोह को सांसद धनबाद ढुलू महतो, विधायक सिंदरी चंद्रदेव महतो तथा विधायक झरिया रागिनी सिंह ने भी संबोधित किया। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं कोयला मंत्री ने भी इसे गंभीरता से लिया है। लोगों को स्वरोजगार से जोड़ने का प्रयास चल रहा है। उन्होंने टाउनशिप में एक डिस्पेंसरी शुरू करने का आग्रह किया। विधायक सिंदरी ने कहा कि नई प्रशासनिक व्यवस्था से बेलगड़िया टाउनशिप पुनर्जीवित हुई है। उन्होंने टाउनशिप के आसपास कॉल बेस्ड इंडस्ट्री स्थापित करने का अनुरोध किया। वही विधायक झरिया ने लोगों को रोजगार से जोड़ने के लिए बृहद योजना बनाने का अनुरोध किया।

स्वत्वाधिकारी,
प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार),
स्थानीय संपादक :
मनोज विशाल
फोन नंबर-
9431145865
8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या :
JHAHIN/2017/72655
E-mail-
nbtimesbihar@gmail.com